सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 11 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 63, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 138 अंकों की उछाल

घरेलू शेयर बाजार में जारी गिरावट पर विराम लगा और सेंसेक्स 138 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 46 अंक लाभ में रहा। } 10

## भारत-रूस द्विपक्षीय निवेश संधि के लिए वार्ता में ला रहे तेजी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और रूस नयी द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर बातचीत तेज कर रहे हैं। } 12



# आज से दिल्ली में दिग्गजों का जमावड़ा

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए शी, पुतिन सहित कई प्रमुख वैश्विक नेता आ रहे हैं भारत

एजेंसी




नयी दिल्ली। विश्व में बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच, भारत शनिवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का उपयोग आर्थिक विकास को गति देने के लिए कर रहा है। साथ ही, भारत ग्लोबल साउथ के विकास से जुड़ी मुख्य प्राथमिकताओं, विशेष रूप से खाद्य, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा की वकालत भी कर रहा है।

शिखर सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बीच, चीन ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भारत आने की पुष्टि कर दी है। सात साल के अंतराल के बाद यह भारत की उनकी पहली यात्रा होगी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और उनके इंडोनेशियाई समकक्ष प्रबोवो सुबियांतो उन प्रमुख नेताओं में शामिल हैं जो राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। शीर्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ग्लोबल साउथ की मुख्य विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिक्स (ब्रिक्स) समूह को एक अहम और पूरक मंच के तौर पर आगे बढ़ा रहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

# भारत सुरक्षित व सतत अंतरिक्ष क्षेत्र का करता है समर्थन : मोदी

## इसरो की प्रौद्योगिकी और साझेदारियां भारत सहित पूरी दुनिया के लिए उपयोगी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित सुरक्षित और सतत अंतरिक्ष क्षेत्र का समर्थन करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैज्ञानिक आंकड़ों का उपयोग ईमानदारी के साथ एक साझा लक्ष्य की पूर्ति के लिए होना चाहिए। पेरिस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की प्रौद्योगिकी और साझेदारियां न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए उपयोगी हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सदियों से अंतरिक्ष ने लोगों की कल्पनाओं को प्रेरित किया है और अब यह पृथ्वी पर जलवायु तथा फसलों से लेकर महासागरों एवं समुदायों तक को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा अंतरिक्ष की संभावनाएं असीमित हैं और हमारी जिम्मेदारी सामूहिक है। जैसे-जैसे कक्षाएं (ऑर्बिट) अधिक भीड़भाड़ वाली होती जा रही हैं, प्रौद्योगिकियां अधिक शक्तिशाली हो रही हैं और भागीदारों की संख्या बढ़ रही है, हमें अपने विकल्प स्पष्ट रखने होंगे - टकराव के बजाय सहयोग, अल्पकालिक लाभ के बजाय स्थिरता और बहिष्कार के बजाय समावेशन। प्रधानमंत्री ने कहा हम अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित सुरक्षित और सतत अंतरिक्ष क्षेत्र का समर्थन करते हैं। वैज्ञानिक आंकड़ों का उपयोग ईमानदारी के साथ एक साझा लक्ष्य की पूर्ति के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा इसी सोच को दर्शाती है और इस यात्रा के केंद्र में मौजूद इसरो ने अपनी उत्कृष्टता और कम लागत वाले अभियानों के लिए दुनियाभर में प्रशंसा हासिल की है। उन्होंने कहा कि इसरो के अभियान किसानों और मछुआरों, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन और नेविगेशन के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो रहे हैं। मोदी ने कहा चौतीस देशों के 430 से अधिक उपग्रह भारतीय रॉकेट के जरिये अंतरिक्ष भेजे जा चुके हैं। इसरो की प्रौद्योगिकियां और साझेदारियां न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया की सेवा कर रही हैं। मोदी ने कहा दुनिया के इस भरोसे के पीछे भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियर और तकनीशियन की कई पीढ़ियों की लगन और कड़ी मेहनत है। दिन-रात काम करते हुए उन्होंने इसरो की प्रतिष्ठा स्थापित की है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बना दिया और आदित्य-एल। सूर्य के रहस्यों को उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का दौरा किया। मोदी ने कहा आगे बढ़ते हुए हमारा लक्ष्य 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना और 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर भेजना है। इन सभी प्रयासों में हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत स्पष्ट रहा है - ...शेष पृष्ठ 10 पर

# यूपी में 17 सितम्बर से सेवा संकल्प अभियान

## पीएम मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने पर जोर



विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के जरिए प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने के साथ विकसित भारत 2047 के संकल्प को जनसंकल्प बनाने पर जोर रहेगा। अभियान में प्रदेश के 4.19 करोड़ परिवारों और 15.74 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ने की तैयारी है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल की मौजूदगी में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सांसदों, जिला पंचायत अध्यक्षों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, महापौरों, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों के साथ वर्चुअल बैठक कर अभियान को जनभागीदारी का स्वरूप देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जनपदों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्वतंत्रता आंदोलन में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की थी अहम भूमिका

विशेष संवाददाता



लखनऊ। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के पूर्व गृहमंत्री और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के स्वतंत्रता आंदोलन, राष्ट्र निर्माण और उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान का उल्लेख करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित गोविंद वल्लभ पंत जी की पावन जयंती है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार और प्रदेश की जनता की ओर से वह पंत जी की स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत महान अधिवक्ता होने के साथ-साथ प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वर्ष 1925 में काकोरी ट्रेन एक्शन के बाद ब्रिटिश हुकूमत ने क्रांतिकारियों के खिलाफ जो अभियोग दर्ज किया था, उसके खिलाफ क्रांतिकारियों की पैरवी मजबूती के साथ करने वाले महान नेताओं में पंडित गोविंद बल्लभ पंत प्रमुख थे। उन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 1937 में पंत जी को यूपी के प्रीमियर के रूप में चुना गया, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी में तीन कंपनियां लगायेंगी एल्युमिनियम पैकेजिंग का नया हब

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अब एल्युमिनियम बेवरेज कैन और एडवांस पैकेजिंग मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इन्वेस्टर आउटरीच और औद्योगिक नीतियों के बीच दुनिया की तीन प्रमुख पैकेजिंग कंपनियां बॉल कॉर्पोरेशन, क्राउन होल्डिंग्स और कैनपैक प्रदेश में कुल 6,566 करोड़ रुपये के निवेश की तैयारी में हैं।

मेरठ और उन्नाव में प्रस्तावित इन परियोजनाओं से न केवल अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां स्थापित होंगी, बल्कि बेवरेज, एफएमसीजी, फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और एंसिलरी इंडस्ट्री का भी विस्तार होगा। इसी सिलसिले में गुरुवार को क्राउन होल्डिंग्स और बॉल कॉर्पोरेशन के शीर्ष अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में क्राउन के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी डाल्मा नोवेस, बेवरेज कैन यूरोप-मध्य पूर्व एवं अफ्रीका के अध्यक्ष मार्क केचेसन तथा बॉल कॉर्पोरेशन के सीईओ रॉन लुईस समेत अन्य वरिष्ठ ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## आज बैंक कर्मियों की देशव्यापी हड़ताल

नयी दिल्ली। बैंक कर्मचारी संगठनों ने पांच दिन का कार्यदिवस लागू करने समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नकदी निकासी और जमा समेत अन्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल के कारण देश के कई हिस्सों में बैंकिंग सेवाएं चार दिन तक प्रभावित रह सकती हैं। 11 सितंबर को शुक्रवार है और इसके बाद के दो दिन बैंकों में अवकाश हैं। कुछ राज्यों में 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के कारण अवकाश रहेगा। इस बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के ज्यादातर बैंकों ने अपने ग्राहकों को हड़ताल के कारण कामकाज पर संभावित असर की जानकारी दी है। भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों को जारी सूचना में कहा, हमने हड़ताल के दिन शाखाओं और कार्यालयों का सामान्य कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन हड़ताल के कारण बैंक का कामकाज प्रभावित होने की आशंका है।

## ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर दो मजदूरों की मौत

हरदोई (उप्र)। हरदोई जिले के पाली थानाक्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार दोपहर ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली सवार दो मजदूरों की मौत हो गई एवं ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पाली कस्बे के मोहल्ला काजी सराय के ये मजदूर ट्रैक्टर-ट्राली में ईंट लादकर शाहजहांपुर के जलालाबाद गए थे तथा वापस लौटते समय गंगा एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर सवार दो मजदूर और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार तीनों को सवायजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया।

# नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल में सुरक्षा उपाय पर केंद्र से मांगा जवाब

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल के लिए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने और 18 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे के साथ किसी भी ऐसे मंच को अनुबंध करने से रोकने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा कानून एवं न्याय मंत्रालयों से बृहस्पतिवार को जवाब मांगा।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने गैर-सरकारी संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस की ओर से दायर याचिका पर दोनों मंत्रालयों को नोटिस जारी किए। एनजीओ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एच.एस. फुल्का की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा भारत में कुछ सुरक्षा उपायों की जरूरत है। याचिका में केंद्र को उचित कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है ताकि सोशल मीडिया मध्यस्थों समेत डिजिटल मंचों को सूचित किया जा सके कि 18 वर्ष से कम उम्र के ...शेष पृष्ठ 10 पर

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना सुदृढ़ करती है सिख परंपरा

## पंजाबी समाज की पहचान आर्थिक प्रगति से अधिक व्यापक : नितिन

प्रमुख संवाददाता





रुद्रपुर (उत्तराखंड)। ऊधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर में गुरुवार को पंजाबी गौरव सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में समाज की गौरवशाली परंपराओं और देश के प्रति उसके योगदान को रेखांकित किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पंजाबी समाज की पहचान उसकी आर्थिक प्रगति से कहीं व्यापक है। परिश्रम, त्याग, दृढ़ संकल्प, साहस और मानव सेवा की भावना ने समाज को विशिष्ट पहचान दी है। उन्होंने कहा कि पंजाबी गौरव सम्मेलन ऐसे मूल्यों और परंपराओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जालौन व बहराइच के जिलाधिकारी बदले

विशेष संवाददाता

❍ एलडीए के सचिव बने एसपी सिंह, छह पीसीएस ट्रांसफर

लखनऊ। शासन ने गुरुवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पांच आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इसमें जालौन और बहराइच के जिलाधिकारी भी बदले गए हैं। शासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को बहराइच का नया डीएम बनाया गया है।

वहीं विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा प्रबंध निदेशक, यूपी डेस्को समीर को जालौन का डीएम नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में झांसी की नगर आयुक्त आकांक्षा राना को विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा प्रबंध निदेशक, यूपी डेस्को की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाराबंकी के मुख्य विकास अधिकारी बी. सूदन को नगर आयुक्त झांसी बनाया गया है। वहीं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव पंकज वर्मा को मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी के पद पर तैनात किया गया है। शासन के इस फेरबदल के साथ पांचों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

शासन ने छह पीसीएस अफसरों के भी ट्रांसफर कर दिए इनमें प्रमुख रूप से कुल सचिव भातखण्डे विश्वविद्यालय व अपर निदेशक संस्कति विभाग सुशील प्रताप सिंह का ट्रांसफर एलडीए ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

❍ राशन नहीं पहुंचा, ठेकेदार पर होगी एफआईआर (पृष्ठ-02)
❍ यूपी में 157 घंटे चलेगा अनवरत स्वच्छता अभियान (पृष्ठ-02)
❍ आधार को वैश्विक स्तर पर ले जाने पर काम जारी (पृष्ठ-10)
❍ बिहार में बिजली की मांग 9.5 गीगावाट तक पहुंची (पृष्ठ-10)
❍ वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव चढ़ा (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** बाबा की आध्यात्मिक विरासत को देश-विदेश के श्रद्धालुओं तक पहुंचाने की योगी सरकार की बड़ी पहल

# बाबा नीब करोली की जन्मभूमि से महासमाधि स्थल तक बनेगा आध्यात्मिक सर्किट

विशेष संवाददाता



लखनऊ। संत नीब करोली बाबा की आध्यात्मिक विरासत को देश-दुनिया के श्रद्धालुओं तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बाबा के जीवन और साधना से जुड़े प्रमुख स्थलों को जोड़कर नीब करोली बाबा सर्किट विकसित किया जा रहा है। महासमाधि दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं के लिए पांच विशेष टूर पैकेज भी शुरू किए हैं। इनका संचालन पर्यटकों की मांग के अनुसार दिल्ली और लखनऊ से किया जाएगा।

बाबा से जुड़े पर्यटन स्थलों के विकास पर फिरोजाबाद और फरुर्खाबाद में करीब 12.93 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य इन स्थलों को केवल धार्मिक आस्था के केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि व्यवस्थित आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। फिरोजाबाद का अकबरपुर गांव बाबा नीब करोरी की जन्मस्थली के रूप में विकसित किया जा रहा है। परियोजना के पहले चरण में पर्यटन सुविधाओं पर 8.65 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। दूसरे चरण की 2.22 करोड़ रुपये की परियोजना का 60 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है और इसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा अकबरपुर में 55.44 लाख रुपये की ग्रामीण पर्यटन परियोजना भी जल्द शुरू होगी। यहां बहुद्देशीय सभागार, सांस्कृतिक ब्लॉक, बाबा के जीवन एवं आध्यात्मिक यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी हॉल, डाइनिंग हॉल, 50 लोगों की क्षमता वाली कैफेटेरिया, रसोई, शौचालय और करीब 60 लोगों के ठहरने के लिए डॉरमेट्री विकसित की जा रही है। दूसरे चरण में गार्ड रूम, सार्वजनिक सुविधाएं और पत्थर के रास्ते बनाए जाएंगे। ग्रामीण पर्यटन परियोजना के तहत प्रवेश द्वार, साइनेज और म्यूरल वॉल जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। फरुर्खाबाद स्थित नीब करोरी आश्रम धाम मंदिर के विकास के लिए 1.51 करोड़ रुपये की परियोजना पूरी हो चुकी है। यहां यात्रियों के ठहरने के लिए ...शेष पृष्ठ 10 पर

# चीन : मालवाहक जहाज में लगी आग, 25 की मौत

एजेंसी

❍ 12 को सुरक्षित निकाला पांच की हालत गंभीर

बीजिंग। चीन के पूर्वी बंदरगाह शहर किंगदाओ में मरम्मत के लिए लाए गए विदेशी झंडे वाले एक मालवाहक जहाज में बृहस्पतिवार को आग लगने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य बुरी तरह झुलस गए। अग्निशमन एवं बचाव ब्यूरो के मुताबिक, जहाज में आग पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे उस समय लगी, जब चाइना स्टेट शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन की किंगदाओ बेहाई शिपबिल्डिंग कंपनी लिमिटेड में उसकी मरम्मत की जा रही थी। खबर के अनुसार, घटना के समय में जहाज में कुल 42 लोग सवार थे। खबर में कहा गया है कि जिन 25 लोगों के लापता होने की सूचना थी, बचावकर्मियों ने उन सभी का पता लगा लिया, लेकिन उनमें से किसी को भी बचाया नहीं जा सका। अधिकारियों ने बताया कि विदेशी मालवाहक जहाज में आग लगने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। उन्होंने बताया कि 12 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि बुरी तरह झुलसे पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की खबर के मुताबिक, राष्ट्रपति शी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बीडीडीयू में डब्ल्यूडीआरए का आउटरीच और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय,लखनऊ के कृषि विज्ञान संकाय (स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज) द्वारा वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार के सहयोग से ई-एनडब्ल्यूआर इकोसिस्टम एवं डब्ल्यूडीआरए के अंतर्गत वेयरहाउस/गोदाम पंजीकरण विषय पर एक दिवसीय आउटरीच एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों, व्यापारियों, वेयरहाउस संचालकों, बैंकर्स, कोल्ड स्टोरेज संचालकों, विद्यार्थियों एवं अन्य संबंधित हितधारकों को ई-नेगोशिएबल वेयरहाउस रिसीट इकोसिस्टम तथा डब्ल्यूडीआरए के अंतर्गत वेयरहाउस पंजीकरण की प्रक्रिया, उपयोगिता एवं लाभों के प्रति जागरूक करना था।

यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा से हुआ। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक भंडारण, फसल कटाई के बाद प्रबंधन, डिजिटल वेयरहाउस रसीद, कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण तथा संस्थागत ऋण की सुविधा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि ई-एनडब्ल्यूआर व्यवस्था किसानों को अपनी कृषि उपज को वैज्ञानिक एवं सुरक्षित वेयरहाउस में रखकर उसके आधार पर वित्तीय सुविधा प्राप्त करने में सहायता कर सकती है। वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी एवं खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार के विशेषज्ञों ने डब्ल्यूडीआरए के अंतर्गत वेयरहाउस/गोदाम के पंजीकरण, नियामक व्यवस्था, ई-एनडब्ल्यूआर जारी करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न हितधारकों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से अपने व्यावहारिक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष ने कहा कि कृषि उत्पादन के साथ-साथ उचित भंडारण, बेहतर विपणन व्यवस्था, फसलोत्तर प्रबंधन एवं संस्थागत वित्त तक पहुंच किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ई-एनडब्ल्यूआर एवं विनियमित वेयरहाउसिंग व्यवस्था किसानों और कृषि बाजार के बीच एक प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य कर सकती है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों को कृषि आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल वेयरहाउसिंग एवं आधुनिक कृषि विपणन व्यवस्था के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. एस के श्रीवास्तव एवं प्रो वाइस चांसलर डॉ. एस सी शर्मा के दिशा निर्देशन एवं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज के शिक्षकों एवं आयोजन समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आयोजकों ने वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी, भारत सरकार के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों, किसानों, बैंकर्स, व्यापारियों, वेयरहाउस एवं कोल्ड स्टोरेज संचालकों, विद्यार्थियों तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से उत्तर प्रदेश में पारदर्शी, आधुनिक, तकनीक-सक्षम एवं किसान-केंद्रित कृषि भंडारण व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी।

# बच्चों के हक का राशन नहीं पहुंचा ठेकेदार पर होगी एफआईआर

## लापरवाह फर्म होगी ब्लैक लिस्ट, निगरानी में चूक पर अधिकारी नपेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

- सीतापुर में मिड-डे मील की खाद्यान्न आपूर्ति में लापरवाही पर योगी सरकार सख्त



**लखनऊ।** सीतापुर में स्कूली बच्चों के मिड-डे मील के राशन की आपूर्ति में लापरवाही सामने आने पर योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के तहत मिड-डे मील का खाद्यान्न संबंधित उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) तक नहीं पहुंचाए जाने के मामले में खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने परिवहन ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।

मंत्री ने जिलाधिकारी सीतापुर को पूरे मामले में नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी खाद्यान्न की आपूर्ति में किसी भी स्तर की लापरवाही अथवा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मामले में कार्रवाई सिर्फ परिवहन ठेकेदार तक सीमित नहीं रहेगी। खाद्यान्न की आपूर्ति और निगरानी व्यवस्था में पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के स्तर पर चूक करने वाले अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। मंत्री ने निर्देश दिया है कि जांच के दौरान जिस भी स्तर पर लापरवाही सामने आए, संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इससे विभागीय निगरानी व्यवस्था में जवाबदेही तय करने का स्पष्ट संदेश गया है। सरकार ने सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था की निगरानी को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। विभागीय अधिकारियों से कहा गया है कि खाद्यान्न वितरण की नियमित निगरानी और अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो। सरकार का जोर खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनाने पर है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक निर्बाध रूप से पहुंच सके।

खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप भ्रष्टाचार, लापरवाही और सरकारी खाद्यान्न वितरण में किसी भी तरह की अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता और बच्चों के हक के राशन से खिलवाड़ गंभीर मामला है। निर्धारित स्थान तक खाद्यान्न समय से पहुंचाना संबंधित एजेंसी और अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसमें लापरवाही करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने वालों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# यूपी में 157 घंटे चलेगा अनवरत स्वच्छता अभियान

- 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेशभर में होंगे विशेष कार्यक्रम
- मोदी के जन्मदिवस, पं0 दीनदयाल व गांधी जयंती पर होंगे आयोजन

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक और बड़ी पहल करने जा रही है। इसके तहत प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान स्वच्छता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार अपनी ओर से भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में कुल 157 घंटे का अनवरत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान नगर स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक व्यापक साफ-सफाई, स्वच्छता और जनजागरूकता के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे स्वच्छता सरकारी प्रयास तक सीमित न रहकर जनआंदोलन का रूप ले सके। नगर विकास मंत्री ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को भी विशेष रूप से मनाया जाएगा। 17 अक्टूबर को पूरे सेवा संकल्प अभियान का समापन होगा। मंत्री शर्मा ने बताया कि 1 अक्टूबर को एक घंटे का विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें नगर विकास विभाग के साथ प्रदेश के सभी विभागों, स्कूल-कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सभी विभाग और संस्थान अपने परिसरों तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना को लेकर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में सभी राज्यों के नगर विकास मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित हुई।

# यात्रियों को सुरक्षित व सुलभ सेवा प्रदान किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य : मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश मोटरयान (समूहक व वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026 प्रख्यापित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये जाने के लिए पर अब तक कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से 4 आवेदकों के आवेदन प्रपत्र पूर्ण पाये गये। जिन्हें एग्रीगेटर के लिए लाइसेंस स्वीकृत करने का निर्णय परिवहन विभाग द्वारा लिया गया। परिवहन मंत्री ने बताया कि एम/एस ग्रीन एस एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लाइसेंस निर्गत किये जाने के लिए निर्धारित फीस 5 लाख तथा बैंक गारण्टी 25 लाख जमा कर दिये जाने की स्थिति में उक्त कंपनी को उत्तर प्रदेश में एग्रीगेटर के लिए प्रथम लाइसेंस निर्गत किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के साथ-साथ रोजगार के नये अवसर प्रदान होंगे। इसका मूल उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, इकोनॉमिक एवं सुलभ सेवा प्रदान किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के साथ-साथ किसी उत्पाद, कोरियर या पैकेज या पार्सल करने के लिए चालक को विक्रेता, ई-कामर्स इकाई या प्रेषक से जोड़ने के लिए डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म से जोड़ने की सुविधा प्रदान किया जाना है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि इसमें निहित मुख्य विशेषताओं में वाहन जनित वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए विशेष रूप से एनसीआर के क्षेत्र में संचालित वाहनों पर पोर्टल के माध्यम से सतत निगरानी की व्यवस्था विकसित किया जाना। एग्रीगेटर की फ्लीट मे ट्रांजिशन टू इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना।

यात्रियों की सुरक्षा तथा विशेष रूप से बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने के लिए लाइव ट्रैकिंग की व्यवस्था के साथ-साथ प्रत्येक ऑनबोर्डेड ड्राइवर चरित्र सत्यापन तथा साइकोलॉजिकल परीक्षण के साथ-साथ समय-समय पर रिफ्रेशर ट्रेनिंग की व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा यात्रियों की समस्याओं के निदान के लिए प्रत्येक एग्रीगेटर द्वारा जीआरओ की नियुक्ति की व्यवस्था करना, प्रत्येक यात्रियों के लिए इंश्योरेन्स की व्यवस्था। प्रत्येक चालकों के वेलफेयर के लिए 5 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस एवं 10 लाख के टर्म इंश्योरेंस की व्यवस्था एग्रीगेटर द्वारा किया जाना शामिल है।

# सपा सरकार में आउटसोर्सिंग व्यवस्था होगी खत्म, मिलेगी पक्की नौकरी : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार से हर वर्ग नाराज हैं। इस सरकार ने दस साल में कुछ नहीं किया। हर वर्ग दुखी और नाराज है। चुनाव सामने देख भाजपा घबराई हुई है। भाजपा सरकार ने दस साल तक शोषण किया। सरकार अपने अंतिम समय में आंगनबाड़ी से लेकर अन्य सेवाओं से जुड़े लोगों के मानदेय बढ़ाने की घोषणा कर रही है।



दस साल में क्यों नहीं किया, सभी लोग समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में आउटसोर्सिंग व्यवस्था खत्म होगी और पक्की नौकरी मिलेगी। यह विधानसभा चुनाव पहला ऐसा चुनाव होगा जिसकी घोषणा होते ही भाजपा हार मान लेगी। चुनाव की तारीख आते ही जनता अपना फैसला बता देगी। मुख्यमंत्री और सरकार चाहे जितना पैसा खर्च कर रहे। चाहे जितना अपना पॉलिटिकल मेकअप करा ले जनता इन्हें हटा देगी। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर गुरुवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई बढ़ती जा रही है।

जीडीपी शून्य हो गयी है। जब जीडीपी जीरो हो जाएगी तो लोगों को नौकरी, रोजगार कहां से मिलेगा। सरकार विकसित भारत के झूठे सपने दिखा रही है। सरकार एक तरफ जीडीपी और निवेश के दावे करती है। वहीं, दूसरी तरह लोगों के पास दवा, इलाज के पैसे नहीं है। झांसी में एक व्यक्ति पैसे के अभाव में अपनी पत्नी का इलाज नहीं करा पाया। एम्बुलेंस नहीं मिली। हालत यह हुई कि महिला की मौत के बाद व्यक्ति को अपनी पत्नी की लाश बेतवा नदी में बहा देनी पड़ी। यही भाजपा सरकार की दस साल की उपलब्धि है। झांसी की घटना भाजपा सरकार की जीडीपी की पोल खोल रही है। सरकार जीडीपी 7.2 और 7.4 का दावा कर रही है लेकिन गरीब अपनी पत्नी का लाश का अंतिम संस्कार नहीं कर पा रहा है। जीडीपी के सरकारी आकड़े भाजपा के मित्रों को बड़े-बड़े कारोबार कराने के लिए आ रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष खासतौर पर सपा की छवि खराब करने, चरित्र के साथ खिलवाड़ के लिए जिस तरह सत्ता का दुरुपयोग कर रही है उसके लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। अब बात खुल गयी है कि छवि खराब करने और नकारात्मकता फैलाने के लिए भाजपा हजारों करोड़ रुपये सरकारी बजट का प्रयोग कर रही है। इतना नकारात्मक प्रचार कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सूचना विभाग में महिला के शोषण को लेकर डीआई पर जो आरोप लगा है। उस पूरे मामले में महिला आयोग को स्वतः संज्ञान ले। जांच कर कार्रवाई करना चाहिए। इसके साथ ही डीआई और सूचना विभाग द्वारा विपक्ष के खिलाफ चलाए जा रहे नकारात्मक प्रचार के लिए हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी की सगी नहीं है। भाजपा सरकार में फर्जी एनकाउंटर में बहुत लोगों की जान गयी है, समय आने पर उसकी जांच होगी।

# गोबर-गोमूत्र से बनी खाद व पंचगव्य उत्पादों की होगी बिक्री

विशेष संवाददाता (vol)

- घायल गोवंश के लिए 247 एंबुलेंस का प्रस्ताव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में गोवंश संरक्षण को अधिक प्रभावी, व्यवस्थित और आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में गोशालाओं को प्राकृतिक कृषि, जैविक उर्वरक, बायोगैस, पंचगव्य आधारित उत्पादों और ग्रामीण रोजगार से जोड़ने की दिशा में उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के संयुक्त सहयोग से कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में 25 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

पिकअप भवन में आयोजित बैठक में गो-सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने गोवंश संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना में वर्तमान में एक से चार गोवंश सुपुर्द किए जाने की सीमा बढ़ाकर अधिकतम 10 गोवंश किए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे अधिक संख्या में इच्छुक कृषक और पशुपालक गोवंश संरक्षण से जुड़ सकेंगे तथा योजना की पहुंच और प्रभाव बढ़ेगा।

आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने विभिन्न मंडलों और जनपदों में गोवंशों की देखभाल और गोशाला प्रबंधन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गंभीरता व जिम्मेदारी के साथ काम करने की अपेक्षा की। आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने सड़क दुर्घटनाओं अथवा अन्य कारणों से घायल गोवंशों को तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए 247 समर्पित एंबुलेंस सेवा शुरू करने का सुझाव दिया। इसके जरिए घायल गोवंशों को तत्काल निकटतम पशु चिकित्सालय या उपयुक्त चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाया जा सकेगा।

सदस्य दीपक गोयल ने गोशालाओं में मृत होने वाले गोवंशों के सम्मानजनक और व्यवस्थित निस्तारण के लिए स्थानीय परिस्थितियों व निर्धारित मानकों के अनुरूप समर्पित स्थल विकसित करने का सुझाव दिया। सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने गोशालाओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की अपेक्षा की। कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार ने आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के सुझावों पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता गोशालाओं को अधिक व्यवस्थित और आत्मनिर्भर बनाना है। किसानों के यहां वीबीजी-रामजी योजना के तहत पक्के कैटल शेड, यूरिन टैंक और नाद के निर्माण, बड़े गो संरक्षण केंद्रों और अस्थायी गो आश्रय स्थलों में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना तथा गोबर-गोमूत्र से जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत और अन्य कृषि उपयोगी उत्पाद तैयार कर उनके विपणन की व्यवस्था पर विचार हुआ।

कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार ने संबंधित विभागों को आयोग की ओर से प्रस्तुत विषयों पर आवश्यक समन्वय के साथ आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के डीजी डॉ. संजय सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# गंभीर धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की उठायी मांग



विशेष संवाददाता (vol)

- मंत्री डॉ. संजय निषाद ने विनोद निषाद की मौत पर पहुंचे केजीएमयू, पुलिस को दिया अल्टीमेटम

लखनऊ। निषाद समाज के विनोद निषाद की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। यह जानकारी मिलने पर केजीएमयू पहुंचे निषाद पार्टी अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने मामले की जानकारी ली और शोक संतृप्त परिवार को ढाढस बंधाया। साथ ही उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा की।

मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद समाज के क्रांतिकारी युवा साथी विनोद निषाद के साथ कल जिस प्रकार सामंतवादी मानसिकता रखने वाले लोगों द्वारा गोली एवं चाकुओं से जानलेवा हमला किया गया और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई, वह अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और हृदयविदारक घटना है। उन्होंने कहा कि मैं इस जघन्य घटना की कड़ी निंदा करता हूं और किसी भी कीमत पर इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं गोंडा पुलिस प्रशासन को स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि आज रात तक सभी आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही परिजनों के बयान के मुताबिक थाना अध्यक्ष परसपुर एवं चौकी इंचार्ज शाहपुर समेत समस्त स्टाफ को बर्खास्त किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है, तो कल 11 सितम्बर को मैं पुलिस कप्तान गोंडा के आवास और कार्यालय का घेराव करने के लिए स्वयं गोंडा पहुंचूगा। विनोद निषाद को न्याय दिलाने के लिए हम हर लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# बुंदेलखंड में अब जितना पानी, उतनी खेती खेतों तक पहुंचेगी इजराइली तकनीक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पानी की कमी से जूझते बुंदेलखंड में अब खेती का गणित उपलब्ध पानी के हिसाब से तय करने की तैयारी है। योगी सरकार का इंडिया-इजराइल बुंदेलखंड वाटर प्रोजेक्ट अब केवल तालाब, जलाशय और सिंचाई ढांचा तैयार करने तक सीमित नहीं रहेगा। झांसी के गंगावली में चल रहे मिनी पायलट प्रोजेक्ट के जरिए यह परखा जा रहा है कि कम पानी में अधिक और बेहतर कृषि उत्पादन कैसे हासिल किया जा सकता है। सफल तकनीकों को बाद में किसानों के अपने खेतों तक पहुंचाया जाएगा।

परियोजना के अगले चरण में ड्रिप, स्प्रिंकलर, ऑटोमेटेड इरिगेशन, सोलर पंपिंग, वाटर बजटिंग और संरक्षित खेती जैसी तकनीकों का स्थानीय परिस्थितियों में परीक्षण किया जाएगा। परियोजना में पानी की उपलब्धता, सिंचाई दक्षता, फसल उत्पादन, खेती की लागत और जल उत्पादकता जैसे मानकों के आधार पर परिणामों का आकलन करने की तैयारी है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव तथा निदेशक, भूगर्भ जल विभाग डॉ. राजेश कुमार प्रजापति के अनुसार परियोजना में जितना पानी उपलब्ध, उसी के अनुरूप खेती की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाएगा। पांड वाटर बजटिंग के जरिए तालाब में उपलब्ध उपयोगी पानी का आकलन किया जाएगा। इसी आधार पर फसल क्षेत्र निर्धारित करने और गर्मी की फसलों के लिए पानी की सीमा तय करने का प्रस्ताव है। इस व्यवस्था का उद्देश्य अनियंत्रित सिंचाई और जरूरत से अधिक भूजल दोहन को रोकते हुए उपलब्ध जल का अधिकतम उत्पादक इस्तेमाल करना है। यानी किसान पहले यह जानेंगे कि उनके पास कितना पानी है और उसके बाद उसी के अनुरूप फसल की योजना तैयार होगी।

# विपक्ष को सत्य और तथ्य के आधार पर देना होगा जवाब

## धर्मपाल सिंह ने कहा, बूथ तक के कार्यकर्ता को डिजिटली सशक्त किया जाये

विशेष संवाददाता (vol)




- भाजपा सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष ने दी नसीहत

**लखनऊ।** भाजपा सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश कार्यशाला गुरूवार को प्रदेश पार्टी मुख्यालय में संपन्न हुई। कार्यशाला में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर संगठन की प्रभावी उपस्थिति, केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे नकारात्मक एवं भ्रामक नैरेटिव के तथ्यात्मक प्रतिकार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, सोशल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के, राष्ट्रीय सह संयोजक शिवानंद द्विवेदी और प्रदेश संयोजक हिमांशु राज पंडित की उपस्थिति में आयोजित प्रदेश कार्यशाला में सोशल मीडिया विभाग के क्षेत्रीय संयोजक व सहसंयोजक व जिला संयोजक उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि हमें नैरेटिव फालोअर नहीं बल्कि नैरेटिव सेटर बनना है। विपक्ष झूठ, फरेब और अफवाहों के माध्यम से नकारात्मक वातावरण बनाने का काम करता है, उसका प्रभावी जबाब सत्य और तथ्य के आधार पर देना होगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार बूथ पर और हर घर तक हमारी सशक्त उपस्थिति से हम पार्टी की विचारधारा, पार्टी के कार्यक्रम व अभियान तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ पहुंचेगे, उसी सजगता और प्रतिबद्धता के साथ सोशल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफार्म पर संगठन को सक्रिय रहना होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास झूठ, भ्रम और अफवाहों का एजेंडा है, जबकि भाजपा के पास लोकप्रिय एवं दूरदर्शी नेतृत्व, लोककल्याणकारी योजनाएं और लोकमंगल की भावना से प्रेरित विचारधारा है। कार्यकर्ताओं को इन उपलब्धियों और विचारों को प्रभावी ढंग से समाज के सामने रखना होगा।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया वारियर्स को मुस्तैदी से विपक्ष के झूठे नैरेटिव को बेनकाब करना होगा। उन्होंने कहा कि बूथ तक के कार्यकर्ता को डिजिटली सशक्त किया जाय। विपक्ष के झूठे एवं नकारात्मक दुष्प्रचार का तथ्यात्मक, तर्कपूर्ण और समय से जबाब देने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम का गठन किया जाय। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों को निरन्तर जनसंवाद और संगठनात्मक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाइए। सोशल मीडिया केवल संदेश प्रसारित करने का माध्यम नहीं है बल्कि जनता से निरंतर संवाद का महत्वपूर्ण मंच है।

# यूपीएसडीएम के कौशल प्रमाणपत्र अब डिजीलॉकर पर, ऑनलाइन होगा सत्यापन

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के साथ आधुनिक और तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को अब अपने कौशल प्रमाणपत्र के लिए कागजी दस्तावेजों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मिशन ने नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) और डिजीलॉकर की व्यवस्था से अपना एकीकरण पूरा कर लिया है। अब प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को उनके कौशल प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में उपलब्ध हो सकेंगे। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत प्रमाणपत्रों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रखा जाएगा। अभ्यर्थी अपने डिजीलॉकर अकाउंट के जरिए इन्हें कभी भी देख, डाउनलोड और जरूरत के अनुसार साझा कर सकेंगे। इससे प्रमाणपत्र के खोने, खराब होने या उसके रखरखाव की समस्या नहीं रहेगी। इस पूरी प्रक्रिया को नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन और डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के सहयोग से पूरा किया गया है। इसके लिए संस्थागत पंजीकरण, डिजिटल प्रमाणपत्र की व्यवस्था, प्रमाणपत्रों के प्रारूप तैयार करने और अभ्यर्थियों के पुराने रिकॉर्ड को डिजिटल करने का काम पूरा किया जा चुका है। अब कंपनियों और एम्प्लायर्स के लिए अभ्यर्थियों के दावों और प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता जांचना आसान हो जाएगा।

# सीएम डैशबोर्ड में शाहजहांपुर फिर नंबर वन, रामपुर दूसरे पायदान पर

विशेष संवाददाता (vol)

- जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण और बेहतर फीडबैक का दिखा असर
- बरेली तीसरे स्थान पर; टॉप-10 में नौ जिलों ने बनायी जगह

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की प्राथमिकता का असर सीएम डैशबोर्ड की अगस्त माह की रैंकिंग में भी दिखाई दिया है। शाहजहांपुर ने 9.53 अंक के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं रामपुर 9.48 अंक के साथ दूसरे और बरेली 9.43 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

सीएम डैशबोर्ड पर जिलों के प्रदर्शन का आकलन जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, शिकायतों पर कार्रवाई, फीडबैक की गुणवत्ता, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक दक्षता समेत विभिन्न मानकों पर किया जाता है। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक जिले में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के साथ शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है।

शाहजहांपुर को अगस्त की रैंकिंग में 10 में से 9.53 अंक मिले। अधिकारियों के अनुसार सीएम डैशबोर्ड के जरिए मिलने वाली शिकायतों



की नियमित निगरानी कर उनके गुणवत्तापूर्ण समाधान पर जोर दिया जा रहा है। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिले के प्रदर्शन का मूल्यांकन कई मानकों पर किया जाता है। जुलाई में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से 68 योजनाओं की मॉनीटरिंग हुई, जिनमें से 65 कार्यक्रमों में जिले ने ए ग्रेड हासिल किया। वैकल्पिक ऊर्जा, ऊर्जा, कृषि, समाज कल्याण, लोक निर्माण, नियोजन, ग्राम्य विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा, मत्स्य, उद्योग, सहकारिता और सिंचाई समेत विभिन्न विभागों के कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करते हुए ए श्रेणी प्राप्त की गई।

अगस्त की रैंकिंग में रामपुर को 9.48 अंक मिले और वह प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। अगस्त की टॉप-10 रैंकिंग में आजमगढ़ और पीलीभीत 9.36-9.36 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे। मैनपुरी 9.34 अंक के साथ पांचवें, महराजगंज 9.27 अंक के साथ छठे और अंबेडकरनगर 9.26 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहा। इसी तरह सुल्तानपुर 9.24 अंक के साथ आठवें, हरदोई 9.23 अंक के साथ नौवें और सोनभद्र 9.21 अंक के साथ दसवें स्थान पर रहा।

अधिकारियों का कहना है कि सीएम डैशबोर्ड की नियमित मॉनीटरिंग से विभागीय योजनाओं की प्रगति के साथ जनशिकायतों के निस्तारण की जवाबदेही भी बढ़ी है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप जिलों में शिकायतों के समाधान और फीडबैक की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## स्वाइन फ्लू की आठ नये मरीजों में पुष्टि, 25 डिस्चार्ज

लखनऊ। राजधानी में गुरुवार को स्वाइन फ्लू संक्रमण आठ नये मरीजों में पुष्टि की गयी। सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में है। इसके साथ ही सक्रिय मरीजों की संख्या 63 हो गयी है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह के अनुसार स्वाइन फ्लू संक्रमित 28 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज दिया गया, इनमें से 25 मरीज स्वस्थ होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें होम आइसोलेशन के मरीजों की निगरानी कर रही हैं। मरीजों और उनके संपर्क में आए लोगों को संक्रमण से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी जा रही है। बुखार, खांसी, गले में खराश, सांस लेने में परेशानी और शरीर में दर्द जैसे लक्षण होने पर लापरवाही न करें। ऐसे लक्षण दिखने पर जांच और चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। इसके अलावा बलरामपुर, सिविल और लोहिया, केजीएमयू और लोकबंधु समेत दूसरे अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं, इनमें बुखार और सर्दी-जुकाम सहित मौसमी बीमारी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। विशेषज्ञ डाक्टरों ने साफ-सफाई, खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह भी दे रहे हैं।

- अस्पतालों की ओपीडी में मौसमी बीमारी के मरीजों की भीड़

# स्वच्छ हवा में लखनऊ देश में नंबर वन

### सिटी लेवल स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में राजधानी को पहला स्थान

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। स्वच्छ हवा के मामले में राजधानी लखनऊ ने देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। सिटी लेवल स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में लखनऊ को बेस्ट परफॉर्मिंग सिटी और नगर निगम के वार्ड संख्या-70 को बेस्ट परफॉर्मिंग वार्ड की श्रेणी में देश में पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार समेत नगर निगम और संबंधित विभागों के अधिकारियों को बधाई दी।

गुरुवार शाम मुख्यमंत्री आवास पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। महापौर ने मुख्यमंत्री को लखनऊ की स्वच्छ वायु के क्षेत्र में मिली इस उपलब्धि की जानकारी दी और इसके लिए प्रदेश सरकार के सहयोग तथा मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया। महापौर ने कहा कि लखनऊ को देश में पहला स्थान दिलाने में केवल नगर निगम ही नहीं, बल्कि जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन, वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एलडीए, पीडब्ल्यूडी और सिटी ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों की सामूहिक भूमिका रही है। महापौर ने कहा कि देश में पहला स्थान मिलना पूरे लखनऊ के लिए गर्व की बात है, लेकिन अब इस उपलब्धि को बनाए रखने की जिम्मेदारी और बढ़ गई है।

शहर की वायु गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए यातायात व्यवस्था सुधारने, निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल पर नियंत्रण, खुले में कूड़ा जलाने पर रोक, सड़कों की नियमित सफाई और हरियाली बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के प्रयास भी तेज किए जाएंगे। महापौर ने कहा कि यह सम्मान किसी एक विभाग की उपलब्धि नहीं है। लखनऊवासियों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और विभिन्न विभागों के सामूहिक प्रयासों से राजधानी को यह मुकाम मिला है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य लखनऊ की हवा को और स्वच्छ बनाना और शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने की दिशा में लगातार काम करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को आगे जारी रखने पर जोर दिया।

## अब प्रसूता की मौत पर 24 घंटे में होगा ऑडिट

लखनऊ। प्रदेश में किसी भी प्रसूता की मौत होने पर 24 घंटे के भीतर आडिट किया जाएगा। कारण जानने के बाद उस जनपद में सुधारवादी कदम उठाए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने यह निर्देश प्रदेश में मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत दिए हैं। उन्होंने 28 नवनिर्मित स्वायत्त मेडिकल कालेजों व सभी जिला महिला अस्पतालों के डाक्टरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने को भी कहा। एसीएस ने केजीएमयू के कलाम सेंटर में आयोजित समीक्षा कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। आरआरटीसी के तहत अब तक प्रदेश के 1791 चिकित्सकों की ट्रेनिंग और कार्यस्थल पर मेंटरिंग की गई है। नतीजतन, बीते एक दशक में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में 25 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में निश्चित तौर पर एमएमआर कम हुई है लेकिन हमें इसे और कम करने के लिए प्रयास करते रहने होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी जनपद में बार-बार मृत्यु के मामले आ रहे हैं तो उस पर फोकस होकर काम करें। अभी तक हफ्ते में एक बार यह आडिट किया जाता था।

# 34 जिलों में 18 सितंबर को होगी आपदा की मेगा परीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

- भूकंप से लेकर गैस रिसाव और आग तक के हालात में परखी जायेगी तैयारियां
- स्कूल-अस्पताल से औद्योगिक इकाइयों तक होगा मॉक अभ्यास

लखनऊ। भूकंप, रासायनिक रिसाव, आग और अन्य आपदाओं से निपटने की उत्तर प्रदेश की तैयारियों की 18 सितंबर को बड़ी परीक्षा होगी। प्रदेश के 34 जिलों की 157 तहसीलों में एक साथ मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। अभ्यास के दौरान आपदा की वास्तविक परिस्थितियां तैयार कर खोज एवं बचाव, सुरक्षित निकासी, चिकित्सा सहायता, राहत और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की क्षमता परखी जाएगी।

अभ्यास में स्कूलों, अस्पतालों, प्रशासनिक कार्यालयों, बहुमंजिला इमारतों और औद्योगिक इकाइयों को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा क्षतिग्रस्त इमारतों से लोगों को निकालने और मलबे में फंसे लोगों की तलाश एवं बचाव का व्यावहारिक अभ्यास होगा। मेगा एक्सरसाइज में भूकंप के कारण ट्रेन के पटरी से उतरने की स्थिति को लेकर भारतीय रेल की ओर से विशेष अभ्यास किया जाएगा। आग, गैस और रासायनिक रिसाव जैसी परिस्थितियों में संबंधित विभागों की प्रतिक्रिया भी जांची जाएगी। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र और घटना प्रतिक्रिया दल सक्रिय रहेंगे। प्रत्येक जिले में क्षेत्रीय अस्पताल तैयार कर बड़ी संख्या में घायलों के त्वरित उपचार, सुरक्षित निकासी, दूसरे अस्पतालों में रेफर करने और चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता को परखा जाएगा। पूरे अभ्यास की राज्य स्तर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए निगरानी की जाएगी।

मेगा अभ्यास से पहले उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से लखनऊ में दो दिवसीय संगोष्ठी एवं अभ्यास आयोजित किया गया। इसमें आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों, विशेषज्ञ संस्थाओं और आपदा प्रतिक्रिया बलों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। भूकंप, औद्योगिक-रासायनिक और अग्नि आपदाओं से जुड़े परिदृश्यों पर विशेषज्ञों ने अनुभव और तकनीकी जानकारी साझा की। दूसरे दिन टेबल टॉप एक्सरसाइज के जरिए अलग-अलग आपदा परिदृश्यों में जिलों और विभागों की निर्णय लेने की क्षमता, कमान एवं नियंत्रण व्यवस्था और आपसी समन्वय को परखा गया। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य राज्य, मंडल और जिला स्तर पर आपदा प्रतिक्रिया तंत्र की वास्तविक क्षमता को परखना और सामने आने वाली कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर करना है।

राजस्व विभाग की प्रमुख सचिव अर्पणा यू. ने कहा कि आपदा प्रबंधन का मकसद केवल हादसे के बाद राहत पहुंचाना नहीं, बल्कि आपदा से पहले जोखिम कम करना और समय रहते तैयारी करना भी है। उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं की अपर पुलिस महानिदेशक पद्मजा चौहान ने विभिन्न विभागों की क्षमताओं को एकीकृत करने पर जोर दिया। पीएसी के पुलिस महानिदेशक डॉ. आलोक सिंह ने कहा कि आपदा के समय हर सेकेंड महत्वपूर्ण होता है, इसलिए कमान, नियंत्रण, जिम्मेदारियां और संसाधनों की उपलब्धता पहले से स्पष्ट होनी चाहिए।

## लविवि स्थापित करेगा अपना 'सेंटर फॉर केस स्टडीज'

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने परिसर में एक अत्याधुनिक सेंटर फॉर केस स्टडीज स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस महत्वाकांक्षी केंद्र का प्रमुख उद्देश्य किसी बाहरी या विदेशी सामग्री पर निर्भर रहने के बजाय विश्वविद्यालय स्तर पर ही अपनी मौलिक और स्वदेशी केस स्टडीज तैयार करना है। यह पहल केवल प्रबंधन या वाणिज्य तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि विश्वविद्यालय के समस्त विषयों जैसे विज्ञान, कला एवं मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विधि, शिक्षा, इंजीनियरिंग, पत्रकारिता, ललित कला, स्वास्थ्य व पर्यावरण- के वास्तविक परिदृश्यों, समस्याओं और नवाचारों को केस स्टडीज के रूप में विकसित किया जाएगा। इस बाबत कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा थ्योरी से आगे बढ़कर वास्तविक और व्यावहारिक समस्याओं पर आधारित केस स्टडीज विद्यार्थियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करेंगी।

## कैंसर की समय से पहचान के लिए निःशुल्क जांच की सुविधा शुरू

लखनऊ। कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान में कैंसर की समय से पहचान के लिए निःशुल्क जांच की सुविधा शुरू की गयी है। ऑन्कोपैथोलॉजी विभाग की साइटोलॉजी लैब में ऑटोमेटेड लिक्विड-बेस्ड साइटोलॉजी (एलबीसी) से पैप स्मीयर जांच हो रही है, इससे बच्चेदानी के मुंह के कैंसर का कैंसर बनने से पहले ही पता लगाने में मदद मिलती है। वहीं फेफड़े और स्तन कैंसर के मरीजों की महत्वपूर्ण मॉलिक्यूलर व बायोमार्कर जांच भी मुफ्त हो रही है।

## केजीएमयू में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन बने समस्या

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में गुरुवार को बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन समस्या का कारण बने। छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा के पास गेट से लेकर कलाम सेंटर तक जाम की स्थिति बनी रही। मरीजों को लेकर आने वाली व्हीलचेयर और स्ट्रेचर काफी देर तक जाम में फंसे रहे। रास्ता नहीं मिलने पर कई तीमारदारों ने कर्मचारियों से मदद मांगी लेकिन वाहनों के बेतरतीब खड़े होने के कारण कर्मचारी भी बेबस नजर आए। तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन से वाहनों की पार्किंग के लिए समुचित इंतजाम करने और मुख्य रास्तों पर बेतरतीब पार्किंग रोकने की मांग की है, ताकि मरीजों और एंबुलेंस के आवागमन में बाधा न आये।

## सीएमएस अलीगंज द्वितीय कैम्पस में धूमधाम से मना वार्षिक समारोह

लखनऊ। सीएमएस के अलीगंज द्वितीय कैम्पस द्वारा वार्षिक समारोह का आयोजन गुरुवार को सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में बड़ी भव्यता के साथ आयोजित हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. दिलीप अग्निहोत्री, राज्य सूचना आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. अग्निहोत्री ने कहा कि सीएमएस छात्र विश्व



शान्ति एवं मानवता के कल्याण के विचारों से प्रेरित हैं और यही बच्चे आगे चलकर समाज के आदर्श नागरिक बनेंगे। उन्होंने छात्रों को स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद एवं अशफाक उल्ला खां जैसे महान देशभक्तों से प्रेरणा लेने की सलाह देते हुए कहा कि जीवन का उद्देश्य केवल नौकरी अथवा व्यवसाय तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि चरित्र निर्माण, सेवा-भाव एवं मानवता के कल्याण के लिए कार्य करना भी आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया।

## दिल हमारी आदतों का आईना : प्रो. आरके धीमन

लखनऊ। पीजीआई में गुरुवार को द ब्राउन हार्ट पर चर्चा की गयी, इसमें संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने कहा कि सेहत कोई लग्जरी नहीं, बल्कि रोजाना का चुनाव है और इस बात पर जोर दिया कि दिल की बीमारियों के बदलते हालात को देखते हुए जीवनशैली पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक जगह बैठे रहने की आदत, घंटों स्क्रीन के सामने बिताना, फास्ट फूड खाना, प्रोसेस्ड डाइट लेना, एक्सरसाइज न करना और बढ़ता तनाव आज की युवा पीढ़ी की ज़िंदगी का हिस्सा बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा दिल हमारी आदतों का आईना है – आदत बदलो, दिल बदलो, और युवाओं से एक्टिव और जागरूक जीवनशैली अपनाने की अपील की। चर्चा में डॉ. निर्मल जोशी और डॉ. रेनू जोशी भी शामिल हुए। केजीएमयू के पूर्व छात्र रहे ये डॉक्टर, अब अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहते हैं। उन्होंने अपनी प्रशंसित डॉक्यूमेंट्री 'द ब्राउन हार्ट' को प्रदर्शित किया–यह एक दिलचस्प सफर है, जो यह पता लगाता है कि दक्षिण एशियाई लोगों में दिल के दौरे कम उम्र में, ज्यादा बार और अक्सर ज्यादा गंभीर क्यों होते हैं।

# लविवि में फीस दोगुनी, सुविधाएं बदहाल

- लविवि के विधि संकाय में भय के माहौल में पढ़ने को मजबूर छात्र



लखनऊ। लविवि के विधि संकाय में लगातार बढ़ती फीस के बावजूद छात्रों को मूलभूत सुविधाएं और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। छात्रों का कहना है कि जिस विभाग की फीस में भारी वृद्धि की गई है, वहां व्यवस्थाओं और सुविधाओं का स्तर बेहद चिंताजनक बना हुआ है।

विधि संकाय में मौजूदा परिस्थितियों को लेकर छात्रों में भय और असुरक्षा का माहौल है। किसी भी समय अप्रिय घटना घटित होने की आशंका बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से स्थिति को गंभीरता से लेने और आवश्यक कदम उठाने में लापरवाही बरती जा रही है। छात्रनेता आदित्य पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों से बढ़ी हुई फीस तो ले रहा है, लेकिन उसके अनुरूप सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना भी उसकी जिम्मेदारी है। छात्रों को भय के माहौल में पढ़ने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. जेपी सैनी तत्काल मामले का संज्ञान लें और विधि संकाय का निरीक्षण कराकर छात्रों की सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त कराएं। फीस बढ़ाने के साथ-साथ विश्वविद्यालय प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिले। छात्रों की सुरक्षा और सुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन को इस मामले में तत्काल प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

## लखनऊ ग्रीन सिटी समेत 05 अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरूवार को मोहनलालगंज में अभियान चलाकर लखनऊ ग्रीन सिटी समेत 05 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। जिसमें निजी विकासकताओं द्वारा स्थल पर किये गये अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने यह कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मोहनलालगंज के ग्राम-मऊ व अतरौली में अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रवीण त्रिपाठी, अमित सिंह (लखनऊ ग्रीन सिटी), अरूण कुमार, कैप्टन अशोक सिंह, हरेन्द्र सिंह, एस0के0 त्रिपाठी व अन्य की ओर से लगभग 70 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 05 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। जोनल अधिकारी ने बताया कि उक्त सभी अवैध प्लाटिंग एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही थीं। जिनके विरूद्ध विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे।

# 15 दिसंबर के बाद गृहकर के ब्याज पर नहीं मिलेगी राहत

### ओटीएस में 2.50 लाख भवनों का 223 करोड़ हो सकेगा ब्याज माफ

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। गृहकर के बकाएदारों के लिए चल रही एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की मियाद खत्म होने के बाद नगर निगम बकाया गृहकर पर ब्याज माफी नहीं देगा। 15 दिसंबर को ओटीएस समाप्त होते ही ब्याज माफी की व्यवस्था भी पूरी तरह बंद हो जाएगी। इसके बाद बकाए पर ब्याज तभी माफ हो सकेगा, जब शासन स्तर से कोई आदेश जारी किया जाए। नगर निगम अधिनियम में बकाया गृहकर पर ब्याज माफी का कोई प्रावधान नहीं है।

वर्तमान ओटीएस के तहत करीब 2.50 लाख भवनस्वामियों को बकाया गृहकर पर राहत मिल रही है। इन भवनस्वामियों पर ब्याज समेत करीब 650 करोड़ रुपये गृहकर बकाया है, जिसमें लगभग 223 करोड़ रुपये सिर्फ ब्याज के हैं। योजना के तहत यही ब्याज माफ किया जा रहा है।

नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय राय के मुताबिक पूरे प्रदेश के किसी भी नगर निगम में बकाया गृहकर पर सामान्य रूप से ब्याज माफी की व्यवस्था नहीं है। गृहकर का गलत निर्धारण होने पर संशोधन किया जा सकता है। इसी तरह पहली बार गृहकर निर्धारण या संशोधन के मामलों में नियमानुसार राहत मिल सकती है, लेकिन वास्तविक रूप से बकाया रहने वाली राशि पर ब्याज देय होगा।

नगर निगम बकाया गृहकर पर 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लेता है। यदि भवनस्वामी एक साल गृहकर जमा नहीं करता है तो अगले साल बकाया राशि पर ब्याज जुड़ जाता है। इसके बाद भी भुगतान नहीं होने पर पिछली देनदारी और ब्याज आगे की गणना में शामिल हो जाता है। इससे लंबे समय तक टैक्स जमा नहीं करने वालों का बकाया लगातार बढ़ता जाता है। गृहकर निर्धारण में मनमानी पर अंकुश लगाने की भी तैयारी है। अब नगर निगम के गृहकर का पूरा डेटा ई-नगर सेवा पोर्टल पर शिफ्ट किया जा रहा है। इससे गृहकर में होने वाले बदलावों की निगरानी शासन स्तर पर भी की जा सकेगी। अधिकारियों के मुताबिक पहले कर निर्धारण में बदलाव की जानकारी सीमित स्तर तक रहने की वजह से गड़बड़ी की शिकायतों की प्रभावी निगरानी मुश्किल होती थी।

ई-नगर सेवा की सुविधा जल्द शुरू होने के बाद भवनस्वामियों को गृहकर जमा करने से लेकर नामांतरण तक की ऑनलाइन सुविधा मिलेगी। साथ ही गृहकर के रिकॉर्ड में होने वाले संशोधनों की डिजिटल निगरानी भी संभव होगी। ओटीएस का लाभ लेने वाले भवनस्वामियों के लिए 15 दिसंबर अंतिम तारीख है। इसके बाद बकाया गृहकर पर ब्याज माफी की मौजूदा सुविधा समाप्त हो जाएगी। भविष्य में ब्याज माफी के लिए शासन के स्तर से अलग आदेश जरूरी होगा।

# अस्पताल में हर मरीज का उपचार करना नैतिक जिम्मेदारी

विशेष संवाददाता (vol)

- सिविल अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी ओपीडी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी एवं स्ट्रोक यूनिट की शुरुआत



लखनऊ। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में गुरुवार को सुपर स्पेशलिटी ओपीडी की शुरूआत की गई। इसका उद्घाटन करने के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज सिविल अस्पताल में डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के समन्वय से सुपर स्पेशलिटी ओपीडी, न्यूरोलॉजी वार्ड एवं ओटी, नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी तथा स्ट्रोक यूनिट का शुभारंभ किया जा रहा है।

इन अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के शुरू होने से गंभीर एवं जटिल रोगों से पीड़ित मरीजों को उच्चस्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के माध्यम से मरीजों को बेहतर उपचार, समय पर विशेषज्ञ परामर्श तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेशवासियों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी वह किसी अस्पताल में जाते हैं तो बार-बार एक बात कहते हैं कि मरीज को भगवान मानकर उसकी सेवा और उपचार करें। वह हमारे लिए देवता के समान है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति रही है कि जब कोई व्यक्ति परेशान होकर हमारे पास आता है, तो हम उसे खुशहाल करके ही घर भेजते हैं। अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज का उपचार करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मरीज की सेवा और उपचार करना हमारे संस्कारों में भी शामिल है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत कर रही है, ताकि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए दूर न जाना पड़े और उन्हें अपने ही क्षेत्र में बेहतर एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष, सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रितु माहेश्वरी, महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं डा. पवन कुमार अरुण, डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डा. सीएम सिंह, सिविल अस्पताल के निदेशक डा. जीपी गुप्ता उपस्थित रहे।


## स्टाइपेंड को लेकर आयुष इंटर्न डॉक्टरों में नाराजगी

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 7500 रुपये मासिक स्टाइपेंड को लेकर आयुष इंटर्न डॉक्टरों में नाराजगी है। इंटर्न डॉक्टरों ने गुरुवार को परिसर में विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया और ओपीडी में बहिष्कार किया। उनका कहना है कि नियमित ड्यूटी के बावजूद स्टाइपेंड काफी कम है। अस्पताल परिसर में सुबह करीब आठ बजे इंटर्न डॉक्टर एकत्र हुए और अपनी मांग को लेकर नारेबाजी की। इसके साथ ओपीडी का बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया। ओपीडी में आये मरीजों को परेशानी हुई और इलाज के लिए भटकते रहे। कॉलेज प्रशासन ने ओपीडी में वरिष्ठ डाक्टरों की संख्या बढ़ायी, तब जाकर मरीजों को इलाज मिला। इंटर्न डॉक्टरों के अनुसार ओपीडी और वार्ड में मरीजों की देखभाल के साथ विभिन्न क्लीनिकल गतिविधियों में जिम्मेदारी निभाते हैं। इसके बावजूद 7500 रुपये का स्टाइपेंडमिलता है। इंटर्न ने कहा कि हमारा मकसद मरीजों को परेशान करना या अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित करना नहीं है।

# प्रो. अर्चना ने जीवन के कठिन दौर में कभी हार न मानने के लिए किया प्रेरित

विशेष संवाददाता (vol)

**उम्मीद: बियॉन्ड द साइलेंस – लविवि में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम**



लखनऊ। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी के संरक्षण में मनोविज्ञान विभाग की काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल, साइकी हब क्लब एवं हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी द्वारा उम्मीदः बियॉन्ड द साइलेंस विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य आत्महत्या की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर संवाद को प्रोत्साहित करना तथा समय पर सहायता के महत्व को रेखांकित करना था।

मनोविज्ञान विभाग के सभागार में फिल्म छिछोरे के चुनिंदा अंश दिखाए गए। इसके बाद शैक्षणिक एवं सामाजिक दबाव, असफलता, कठिन परिस्थितियों से उबरने की क्षमता, भावनात्मक परेशानी और सहायता लेने जैसे विषयों पर संवाद हुआ। विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि असफलता और कठिन परिस्थितियां किसी व्यक्ति का मूल्य तय नहीं करतीं तथा सहायता मांगना साहस की निशानी है। प्राण फाउंडेशन के विद्यार्थियों ने आत्महत्या की रोकथाम पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के माध्यम से भावनात्मक परेशानी के संकेतों को पहचानने, बिना किसी पूर्वाग्रह के बात सुनने तथा संवेदनशीलता के साथ समय पर सहायता प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. अर्चना शुक्ला ने उन्हें साहस के साथ चुनौतियों का सामना करने, निरंतर आगे बढ़ते रहने और जीवन के कठिन दौर में कभी हार न मानने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से संघर्षशील भावना विकसित करने और सकारात्मक बदलाव के वाहक बनने का आह्वान किया। उन्होंने सभी को करुणा की एक श्रृंखला बनाने, आशा का संदेश फैलाने तथा भावनात्मक उथल-पुथल से गुजर रहे प्रत्येक व्यक्ति की ओर सहयोग का हाथ बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में आयोजित द ट्री ऑफ होप गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पेड़ पर पत्तियों के रूप में अपने संदेश लगाए, जिनमें उन्होंने बताया कि जीवन सुंदर क्यों है और वे कौन-सी बातें हैं जो जीवन को जीने योग्य बनाती हैं। यह गतिविधि कृतज्ञता, आशा और निरंतर आगे बढ़ते रहने के कारणों की सामूहिक अभिव्यक्ति बनी। कार्यक्रम स्थल पर मिस्ट्री बॉक्स भी रखे गए, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी चिंताओं अथवा भावनात्मक परेशानियों को निजी और गुमनाम रूप से साझा करने तथा उचित मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर दिया गया।

काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल एवं साईनारी वेलफेयर फाउनडेशन द्वारा जागरूकता पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं। इनमें भावनात्मक परेशानी के संकेतों, बचाव के उपायों, साथियों की सहायता करने के तरीकों तथा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों एवं पेशेवर सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. रिधिमा शुक्ला और डॉ. मेघा सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय एवं आयोजन डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने किया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों शिरीन, संध्या, वाणी, अमोलिका और अंशिका सहित उनकी टीम ने सक्रिय भागीदारी की।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# कमजोर साक्ष्य पर हाईकोर्ट ने हत्या के 29 साल पुराने मामले में पलटा फैसला

**कोर्ट ने उम्रकैद रद्द कर अभियुक्त को किया बरी**



विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने करीब 29 साल पुराने हत्या के मामले में दोषसिद्धि को निरस्त करते हुए अभियुक्त सांभर चाई को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामला पूरी तरह परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित था, लेकिन अभियोजन पक्ष ऐसी परिस्थितियों की पूरी और विश्वसनीय कड़ी स्थापित नहीं कर सका, जिससे अभियुक्त का अपराध संदेह से परे साबित हो सके।यह फैसला न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने सुनाया है। मामला बहराइच के हुजूरपुर थाने में वर्ष 1997 में दर्ज मुकदमे से जुड़ा था। अभियोजन के अनुसार रामबहोर नामक व्यक्ति 20 फरवरी 1997 को लापता हुआ था। आरोप था कि सांभर चाई समेत अन्य आरोपितों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को नदी किनारे रेत में दफना दिया। करीब एक माह बाद 19 मार्च को एफआईआर दर्ज हुई और अगले दिन शव बरामद किया गया। पोस्टमार्टम में मौत गला दबाने से होना बताया गया था। विचारण अदालत ने सांभर चाई को हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोप में उम्रकैद तथा अन्य सजा सुनाई थी। हालांकि अन्य सहआरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया था। सांभर चाई ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर सजा को चुनौती दी। हाईकोर्ट ने पाया कि अभियोजन का प्रमुख आधार कथित अतिरिक्त न्यायिक स्वीकारोक्ति थी। यह कथन गवाह बुद्धिसागर ने बताया था, जो शिकायतकर्ता का बहनोई था। कोर्ट ने कहा कि अभियुक्त और इस गवाह के बीच ऐसा कोई संबंध या विश्वास का आधार सामने नहीं आया, जिससे करीब एक माह बाद अभियुक्त द्वारा उसके सामने अपराध स्वीकार करने की बात विश्वसनीय लगे। कोर्ट ने शव की बरामदगी को लेकर भी अभियोजन के साक्ष्य पर सवाल उठाया। शव बरामद करने का कोई विधिवत बरामदगी मेमो प्रस्तुत नहीं किया गया और विवेचक भी अदालत में गवाही देने नहीं आया। पुलिस के दस्तावेज एक हेड कांस्टेबल के माध्यम से द्वितीयक साक्ष्य के रूप में साबित कराए गए। पीठ ने कहा कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य के मामले में सभी परिस्थितियों की ऐसी पूर्ण कड़ी होनी चाहिए, जिसमें अभियुक्त की निर्दोषता की कोई उचित संभावना न बचे। इस मामले में कथित स्वीकारोक्ति और बरामदगी दोनों विश्वसनीय रूप से साबित नहीं हुए। अभियुक्त के खिलाफ हत्या का कोई स्पष्ट उद्देश्य भी स्थापित नहीं किया गया। इन्हीं आधारों पर पीठ ने निचली अदालत का फैसला रद्द करते हुए अपील स्वीकार कर ली और सांभर चाई को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया, बशर्ते वह किसी अन्य मामले में निरुद्ध न हो।

## बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी को घर में नजरबंद रखने का कारण बताया था या नहीं, हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से किया सवाल

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यू पी सरकार से पूछा है कि विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी को जून में तीन दिन तक लखनऊ स्थित उनके आवास पर रोके रखने का कारण उन्हें बताया गया था या नहीं। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने मुकेश साहनी की याचिका पर पारित किया। याचिका की सुनवाई के दौरान साहनी की ओर से कहा गया कि शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक ने 28 जून 2026 को एक आदेश जारी कर उन्हें 28 जून से 30 जून तक लखनऊ स्थित उनके आवास पर ही रहने के लिए निर्देशित किया था। याची का कहना था कि उनके आवागमन पर रोक लगाने का कोई कारण उन्हें नहीं बताया गया। साहनी की ओर से यह भी बताया गया कि केंद्र सरकार ने 30 जून को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर सहनी को रोके जाने का कारण उन्हें बताए जाने के लिए कहा था। इस पर कोर्ट ने सरकारी वकील से पूछा कि क्या मुकेश सहनी को उनके आवास पर रोके जाने का कारण बताया गया था किन्तु वह इस संबंध में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। इस पर पीठ ने राज्य सरकार से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने को कहा है और मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को तय की है।

## आवारा पशुओं से खतरा, नेहरू एन्क्लेव में बाउंड्रीवाल पर हाई कोर्ट का एलडीए को निर्देश

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गोमतीनगर स्थित एलडीए की नेहरू एन्क्लेव योजना में आवारा पशुओं की समस्या और बाउंड्रीवाल के निर्माण की मांग पर स्थानीय निवासियों को दस दिन के अंदर अपना मुद्दा एलडीए के समक्ष उठाने की बात कहते हुए एलडीए को उस पर अगले चार हफ्तों में नियमानुसार शीघ्र निर्णय लेने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निवासियों को अपने स्तर से फेंसिंग करने की अनुमति नहीं दी गई है।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने नेहरू इंक्लेव निवासी शिव सिंह चौहान समेत 12 निवासियों की याचिका निस्तारित करते हुए पारित किया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया था कि उनके आवासों के आसपास एलडीए ने ब्रोशर में वादा किए जाने के बावजूद बाउंड्रीवाल नहीं बनाई है। इसके कारण आवारा पशु परिसर में प्रवेश कर जाते हैं और छोटे बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए खतरा बना रहता है। उन्होंने अपने आवासों के आसपास फेंसिंग की अनुमति मांगी थी। राज्य सरकार, नगर निगम, एलडीए और स्थानीय निवासी डा0 अंजू गुप्ता उर्फ अंजू वाष्णेय की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि जिस स्थान पर फेंसिंग प्रस्तावित है, वह साझा क्षेत्र है। इसका इस्तेमाल भूतल के साथ प्रथम और अन्य मंजिलों पर रहने वाले निवासी भी करते हैं। ऐसे में कुछ लोगों को फेंसिंग की अनुमति देने से अन्य निवासियों के साझा क्षेत्र के उपयोग का अधिकार प्रभावित होगा। याचिका पर सुनवायी के बाद कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता यह संतोषजनक रूप से साबित नहीं कर सके कि प्रस्तावित फेंसिंग केवल उन्हें आवंटित क्षेत्र तक सीमित रहेगी। इसलिए इस स्तर पर फेंसिंग की अनुमति नहीं दी जा सकती। हालांकि, कोर्ट ने आवारा पशुओं के खतरे को वास्तविक और गंभीर माना। आदेश में कहा गया कि नेहरू एन्क्लेव में बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण परिसर में आवारा पशुओं के प्रवेश से बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा पैदा हो रहा है। इस पर कोर्ट ने सभी निवासियों को एलडीए के समक्ष इस संबंध में प्रत्यावेदन देने की स्वतंत्रता दी है। याचिकाकर्ताओं, डा0 अंजू और एलडीए को सभी निवासियों को कोर्ट के आदेश की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है, ताकि वे भी अपना पक्ष रख सकें। एलडीए को प्रत्यावेदन मिलने के बाद चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेना होगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि चार से छह फ्लैट वाले प्रत्येक आवासीय परिसर के लिए बाउंड्रीवाल बनाने का प्रस्ताव सभी संबंधित आवंटियों की सहमति से ही आगे बढ़ाया जा सकेगा।

## पारा में क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर छात्रा को पिस्टल के बल पर अगवा करने का प्रयास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र में खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर युवक ने एमएड की छात्रा को पिस्टल सटाकर अगवा करने का प्रयास किया और उसके साथ मारपीट और बदसलूकी की। आरोपी उसे जबरन ब्रेजा कार में बैठाकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते करीब 95 किलोमीटर दूर अरौल स्थित एक पेट्रोल पंप तक ले गया, जहां मौका मिलते ही वह आरोपी के चंगुल से भाग निकली। पीड़िता की तहरीर पर पारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मध्य प्रदेश निवासी भक्ति गर्ग पुत्र रामनिवास गर्ग डीएसएमएनआरयू से एमएड की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह हरीश सिंह को करीब छह माह से जानती हैं। आरोप है कि हरीश खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताता था।

भक्ति के मुताबिक, आठ सितंबर की शाम करीब सात बजे हरीश उनका पीछा करते हुए बुद्धेश्वर क्षेत्र स्थित पिंक सिटी के पास उनके कमरे तक पहुंचा। आरोप है कि उसने उनका मोबाइल फोन ले लिया और वहां से चला गया। कुछ देर बाद जब वह नीचे आईं तो आरोपी ने उन्हें जबरन अपनी ब्रेजा कार में बैठा लिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पिस्टल दिखाकर उन्हें धमकाया और कार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की ओर ले गया। रास्ते में उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की गई। आरोप है कि कार से बाहर निकलने से रोकने के लिए आरोपी ने उनके कपड़े भी फाड़ दिए। पीड़िता के अनुसार, करीब 95 किलोमीटर दूर अरौल स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचने के बाद उन्हें भागने का मौका मिला। वह किसी तरह कार से निकलकर पेट्रोल पंप से भाग गईं। भक्ति ने बताया कि उनका मोबाइल फोन अभी भी आरोपी के पास है। पीड़िता ने पारा थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी। थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पीआरडी जवान ने पत्नी की शादी करायी उसके प्रेमी से

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र में पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) जवान ने अपनी बेवफा पत्नी से विवाद करने के बजाये खुद खड़े होकर उसकी शादी प्रेमी से करवा दी। यह मामला मलिहाबाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

माल थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले की बेटी का विवाह पिछले साल आठ मई को मलिहाबाद के एक गांव के पीआरडी जवान के साथ हुआ था। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन कुछ दिनों पहले विवाहित बिना किसी को कुछ बताए ससुराल से अचानक गायब हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो मलिहाबाद थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

पुलिस ने बुधवार को विवाहिता को उसके प्रेमी के साथ बरामद कर लिया। विवाहिता का प्रेमी भी माल का रहने वाला है। पुलिस प्रेमी-प्रेमिका को लेकर मलिहाबाद थाने पहुंची, जहां विवाहिता के मायके और ससुराल पक्ष के लोग इकट्ठा हो गए। थाने में कई घंटे हाई वोल्टेज पारिवारिक ड्रॉमा चलता रहा। काफी देर पंचायत चली। माता-पिता और पति ने विवाहित को लोकलाज का हवाला देकर समझाने की कोशिश की, लेकिन विवाहिता ने मना कर दिया और प्रेमी के साथ ही जीने मरने की बात कही।

विवाहिता की जिद के आगे सभी लोग बेबस हुए पति पीआरडी जवान और उसके परिजनों ने बड़ा फैसला लिया। उन्होंने कानूनी पूरे मामले को निस्तारित करते हुए आपसी सहमति से अलग होने के लिए एक नोटरी हलफनामा तैयार करवाया, जिसके तहत पति-पत्नी के संबंध विच्छेद (तलाक) की औपचारिकता पूरी की गई। इसके बाद दोनों पक्षों की मौजूदगी में वहीं स्थित परम शिवालय मंदिर में विवाहिता की शादी उसके प्रेमी से करवा दी। पीआरडी जवान पति ने खुद पत्नी का हाथ उसके प्रेमी को सौंपा। मंदिर में सात फेरे होने के बाद सभी ने विवाहिता को उसके प्रेमी के साथ विदा कर दिया।

## लोहिया संस्थान में आत्महत्या रोकथाम दिवस मना

लखनऊ। डा. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में गुरुवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया, इसमें ओपीडी में मरीजों एवं उनके परिचारकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इस वर्ष की वैश्विक थीम आत्महत्या पर विमर्श बदलें के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें मौन की वर्जना को तोड़ने और आत्महत्या तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर खुलकर बातचीत को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया। मनोरोग विभाग की डा. आकांक्षा त्रिपाठी एवं डा. अनुरंजन ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## मारपीट कर बदमाश नकदी और ट्रक लूटकर फरार

लखनऊ। गोल्फ सिटी क्षेत्र की एचसीएल चौकी के अंतर्गत खुर्दही बाजार के पास से 14 चक्का ट्रक व रुपये लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ट्रक चालक फूलचंद पाठक के अनुसार बुधवार की देर रात वह ट्रांसपोर्टनगर से ट्रक लेकर हैदरगढ़ जा रहे थे खुर्दही के पास पहुंचे थे, तभी दो गाड़ियों से आए लोगों ने उनसे मारपीट की और ट्रक व नकदी लूटकर फरार हो गए।

## लखनऊ होकर दिल्ली से वाराणसी के लिए दो दिन विशेष ट्रेन

लखनऊ। यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए उत्तर रेलवे दिल्ली से लखनऊ होकर वाराणसी के लिए दो दिन विशेष ट्रेन का संचालन करने जा रहा है। यही ट्रेन वापसी में गुरुवार से दो दिन वाराणसी से दिल्ली के लिए चलेगी। इससे रेलवे को काफी सहूलियत मिलेगी।

## 115 अनियमित टिकट यात्री पकड़े गये, 94,185 जुर्माना

लखनऊ। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल की ओर से सीनियर डीसीएम समर्थ गुप्ता के निर्देशन और एसीएम कृष्ण कांत यादव के नेतृत्व में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दून और बेगमपुरा एक्सप्रेस में टिकटों की जांच की गई। इस दौरान कुल 115 अनियमित टिकट यात्रा के मामले पकड़े गए। उनसे किराये के रूप में 39,590, जुर्माने के रूप में 54,190 रुपये सहित कुल 94,185 रुपये का रेल राजस्व वसूल किया गया। अभियान में वाणिज्य विभाग के नौ कर्मचारियों के साथ तीन आरपीएफ के जवान भी शामिल रहे।

## दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

लखनऊ। दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में नगराम पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी नगराम थाना क्षेत्र के भौराकला गांव निवासी प्रांशी पटेल उर्फ शिवानी की शादी अंकित पटेल से हुई ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र हर्षित निगम को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **बुद्धेश कुमार निगम पुत्र बाके लाल निगम नि.- 295/ पी नं.-18, गिरधारी सिंह फील्ड, अशरफाबाद, सआदतगंज, चौक, लखनऊ।**

## चारबाग स्टेशन पर 54 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार



**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति को भारी ट्रॉली बैग के साथ स्टेशन में प्रवेश करते हुए सीसीटीवी कैमरे में दिखाई देने पर ड्यूटी स्टाफ को सूचना दी गयी। इस पर आरपीएफ पोस्ट लखनऊ, सीआईबी लखनऊ एवं जीआरपी थाना की संयुक्त टीम ने सेकेंड क्लास बुकिंग हॉल के पास दो व्यक्तियों को पकड़ लिया। उनके पास से एक ट्रॉली बैग एवं एक पिट्ठू बैग में हरियाणा राज्य निर्मित विभिन्न ब्रांडों की कुल 54 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। प्रत्येक बोतल 750 मिलीलीटर की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता के अनुसार पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि शराब को हरियाणा से खरीदकर सड़क मार्ग से लखनऊ लाया गया था तथा यहां से बिहार ले जाने की योजना थी। बरामद शराब की कीमत लगभग 84,600/- है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध जीआरपी थाना में मामला पंजीकृत किया गया।

## दो घरों से लाखों के जेवरात और चार लाख की नकदी चोरी

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मनकौटी गांव में बुधवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और करीब चार लाख रुपये की नकदी पार कर दी। चोर छत और जीने के रास्ते घरों में दाखिल हुए और कमरों के ताले तोड़कर अलमारी में रखा सामान समेट ले गए। गुरुवार सुबह परिजनों के जागने पर घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मनकौटी निवासी रामकुमार के घर में चोर टीनशेड हटाकर दाखिल हुए। इसके बाद तीन कमरों के ताले तोड़कर अलमारी में रखे सोने के माला, मंगलसूत्र, हार, टॉप्स, झुमकी, झाला समेत चांदी के लच्छे, पायल, बिछिया, चूड़ियां और अन्य जेवरात निकाल लिए। चोर करीब साढ़े तीन लाख रुपये की नकदी भी ले गए। इसके बाद चोर सामने रहने वाले सुनील के घर में जीने के रास्ते से दाखिल हुए। घटना के समय सुनील की पत्नी अंशु देवी घर में अकेली थीं। उनके बच्चे मौसी के घर मेला देखने गए थे, जबकि सुनील मध्य प्रदेश के इंदौर में केला फैक्ट्री में काम करते हैं।

## टीम इंटेलिजेंशिया की नयी कार्यकारिणी गठित



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लायंस क्लब लखनऊ इंटेलिजेंशिया की नई कार्यकारिणी का गठन गोमती नगर स्थित एक होटल में भव्य कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। पूर्व मंडलाध्यक्ष लॉयन विश्वनाथ चौधरी जी ने बहुत रोचक अंदाज में पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नव निर्वाचित अध्यक्ष संदीप टंडन ने पदभार संभालने की शपथ के साथ ही यह आश्वासन भी दिया कि क्लब के सभी सदस्य समाज में सेवा के नए आयाम स्थापित करेंगे। सचिव के रूप में आर्किटेक्ट पीके वर्मा और कोषाध्यक्ष के रूप में अक्षत मिश्रा ने पदभार संभाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलाध्यक्ष लायन परमजीत सिंह ने क्लब के सदस्यों को पिन और प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया। साथ ही उप-मंडलाध्यक्ष लायन दलजीत सिंह टोनी और लायन नवीन झिंगरान ने शुभकामनाएं भी दीं। लॉयन बृजेश मोहन जी ने भारत में लायंस के 70 वर्ष पूर्ण होने पर इस गौरवशाली यात्रा का इतिहास बताया और केक भी काटा। कार्यक्रम में प्रवीन कुमार, सुदीप कुलश्रेष्ठ, दुर्गेश बंसल, दिलीप सिंह, विनीत श्रीवास्तव, सुनील यादव, सत्येंद्र तिवारी, यशपाल, नीता रस्तोगी, सार्थक, भूमिजा के साथ ही अनेक पूर्व मंडलाध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में बीएफसी कैपिटल के निदेशक शरद बिन्दल ने वित्त प्रबंधन पर लायंस सदस्यों का ज्ञानवर्धन किया।

## साइबर ठगों ने मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात कर्मी के खाते से उड़ाये 55 हजार

**पारा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात कर्मी के बैंक खाते से 55,022 रुपये पार कर दिए। पीड़ित को रकम निकाले जाने की जानकारी नहीं थी और न ही उन्होंने किसी के साथ ओटीपी साझा किया था। शिकायत के आधार पर पारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुद्धेश्वर विहार कॉलोनी, भपटामऊ, आलमनगर निवासी प्रवीण कुमार उपाध्याय का बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता है। पीड़ित के मुताबिक, तीन सितंबर 2026 की शाम 6:20 और 6:21 बजे उनके खाते से दो अलग-अलग यूपीआई आईडी के माध्यम से रकम ट्रांसफर की गई। पहली बार 30 हजार रुपये और दूसरी बार 25,022 रुपये निकाले गए। इस तरह उनके खाते से कुल 55,022 रुपये की निकासी कर ली गई। खाते से रकम निकलने की जानकारी होने पर प्रवीण कुमार उपाध्याय ने तत्काल बैंक ऑफ बड़ौदा के कस्टमर केयर और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत का कंप्लेंट नंबर 33109260231182 है। इसके बाद पीड़ित ने पारा थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पारा थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। रकम किन खातों अथवा यूपीआई आईडी में ट्रांसफर हुई, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

**ई-निविदा सूचना संख्या 08/SE (Civil)/2026-27**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवं पार्ट-II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **08, कार्य का नाम**-: 220/132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र हाटा कुशीनगर पर 02 नग 132 के.वी. ए.आई.एस. (टी.एस. एस) ''बे'' का जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :-**रु. 579.97 लाख, **कार्यावधि :-** 06 माह। उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 12.10.2026 को दोपहर 14.00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 13.10.2026 को 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (जानपद) सं. मुख्य अभियन्ता (जानपद) पारेषण द्वितीय नवाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।**

**''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''**
**(पत्रांक- 5235, दि. 10.09.2026)**

## बुद्धेश्वर मंदिर में चांदी का कवर हटाने की मांग, छह घंटे रहा मोहान रोड जाम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र स्थित बुद्धेश्वर मंदिर के शिवलिंग पर लगे वर्षों पुराने चांदी के कवर को हटाने की मांग को लेकर 19 अगस्त को किए गए प्रदर्शन और सड़क जाम के मामले में पुलिस ने वैदेही सेना के अध्यक्ष अनमोल द्विवेदी समेत कई पदाधिकारियों और समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रदर्शन के दौरान लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, मोहन रोड और आउटर रिंग रोड पर करीब छह घंटे तक यातायात बाधित रहा। इससे राहगीरों के साथ ही एंबुलेंस, स्कूली वाहनों और अन्य जरूरी सेवाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पुलिस के मुताबिक, 19 अगस्त की सुबह करीब नौ बजे अनमोल द्विवेदी अपने समर्थकों के साथ मौदा मोड़ के पास पहुंचे थे। उनके साथ बिठूर से लाया गया गंगाजल भी था। प्रदर्शनकारी बुद्धेश्वर मंदिर के शिवलिंग पर लगे चांदी के कवर को हटाने की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मांग पर अड़े रहे। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और प्रशासन के निर्देशों की अनदेखी करते हुए लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, मोहन रोड और आउटर रिंग रोड पर आवागमन रोक दिया। चारों तरफ से रास्ते बंद होने के कारण करीब छह घंटे तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। इस दौरान एंबुलेंस, स्कूली वाहनों और दूर-दराज से आने वाले राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कई बार प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। इसके बाद सड़क पर गंगाजल चढ़ाया गया और कुछ लोग बुद्धेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां जलाभिषेक किया गया। इसके बाद जाम समाप्त कराया गया और यातायात सामान्य हो सका।

## किशोरी सकुशल बरामद

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में घर से बिना बताए निकली 17 वर्षीय किशोरी को मोहनलालगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर लिया आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने किशोरी को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को किशोरी के बिना बताए घर से चले जाने की सूचना उसके पिता ने पुलिस को दी थी सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तलाश शुरू कर दी पुलिस के प्रयास से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया किशोरी के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली बरामदगी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सरिमन सोनकर उपनिरीक्षक मंगल कुमार यादव कांस्टेबल अमरजीत यादव और महिला कांस्टेबल हिमानी शामिल रहीं।

## ताला तोड़कर 13 बकरी चोरी

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के हुलासखेड़ा गांव में घर का ताला तोड़कर 13 बकरियां चोरी होने के मामले में पुलिस ने घटना के करीब आठ दिन बाद मुकदमा दर्ज किया पीड़ित ने चौकी प्रभारी पर तहरीर देने के बावजूद मामले में टालमटोल करने का आरोप लगाया मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की हुलासखेड़ा निवासी माता प्रसाद पुत्र स्व. राम भरोसे के मुताबिक, तीन सितंबर की रात करीब साढ़े 12 बजे अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और वहां बंधी 13 बकरियां चोरी कर ले गए सुबह जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना देकर तहरीर दी पीड़ित का आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी कई दिनों तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनकी ओर से कार्य करते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | कन्वर्ज़न ऑफ आईसीएफ कोचेज इंटू कैम्प कोचेज फॉर ट्रैक मशीन एट कैरिज वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 12,84,26,627.16/- मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 25,68,500/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 30.09.2026 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | शपथ पत्र | फर्म द्वारा ANNEXURE-A के अनुरूप शपथ पत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट - www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं.:2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–40 दिनांक: 08.09.2026
3128/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# गणेश उत्सव : शहर में बन रहे भव्य पूजा पंडाल बने आकर्षण का केन्द्र








वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में जल्द ही गणेश चतुर्थी की धूम शुरू होने वाली है। जगह-जगह पर पंडाल बनाने की तैयारी जोरों पर है। इस बार शहर के सबसे बड़े गणपति पंडालों में से एक झूलेलाल वाटिका में गणपति पूजा का पंडाल बनाया जा रहा है। इस भव्य पंडाल का ढांचा बनकर तैयार हो गया है। बता दें कि 14 सितंबर से गणपति पूजा शुरू होनी है। इस साल श्रीगणेश प्राकट्य कमिटी की ओर से हनुमान सेतु के पास स्थित श्री झूलेलाल वाटिका में 14,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में महल तैयार करवाया जा रहा है। पंडाल का ढांचा बनकर लगभग तैयार हो गया है। अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर दरबार सजाया जा रहा है।

**वातानुकूलित और वॉटरप्रूफ होगा पंडाल :** राजधानी का सबसे बड़ा गणेश उत्सव मनाया जाने वाला झूलेलाल घाट पर इस वर्ष 14 से 25 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश उत्सव को लेकर तैयारी जोरो पर चल रही है। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गणेश उत्सव का पंडाल बनाने के लिए कोलकाता से करीब 60 कारीगर पिछले एक माह से तैयार कर रहे हैं। इस बार पंडाल मन्दिर की थीम पर तैयार हो रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं व पुरुषों की बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी पूरा पंडाल वाटरप्रूफ और वातानुकूलित रहेगा। पंडाल 13 हजार वर्ग फीट में तैयार हो रहा है पंडाल की ऊंचाई 80 फिट होगी। अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि इस बार भी भक्त लोग मनौतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रात 10:00 से शाम 6:00 बजे तक लिख सकते हैं। पार्षद रंजीत सिंह ने बताया कि इस बार बच्चों के नए-नए झूले आ रहे हैं फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट के स्टाल रहेंगे। मीना बाजार में महिलाओं के श्रृंगार संबंधी सारी सामग्री के स्टॉल रहेंगे। अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, अतुल बंसल ने बताया कि पूरा परिसर मैले जैसा रहेगा जिसमें सभी प्रकार के समान लोग खरीद सकेंगे। उन्होंने बताया कि भक्त लोग मनौतियों के राजा के दर्शन प्रातः 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक कर सकेंगे बप्पा की आरती सुबह 9:00 बजे और शाम 6:00 बजे हो होगी। योगेश बंसल ने बताया कि कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा के संगीत निर्देशन में प्रतिदिन भजन संध्या व नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा।



**मनौतियों की चिट्ठी के लिए अलग से पंडाल:** कमिटी के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि मनौतियों के राजा गणपति को चिट्ठी लिखने के लिए इस बार चार हजार वर्ग फुट में अलग से एक भव्य पंडाल बनाया जाएगा। इस बार लोगों को चिट्ठी लिखने के लिए विशेष कागज मिलेगा। झूलेलाल वाटिका में तैयार हो रहे पंडाल में मुंबई के श्रीसिद्ध विनायक मंदिर की प्रतिमा की तरह मूर्ति स्थापित की जाएगी। शहर के ही मूर्तिकार श्रवण प्रजापति साढ़े पांच फुट ऊंची गणेश जी की प्रतिमा बना रहे हैं।

**बप्पा के लिए तैयार हो रहे विशेष आभूषण:** मीडिया प्रभारी ने बताया कि कोलकाता से बप्पा का दरबार बनाने के लिए 20 दिनों से एक आभूषण तैयार किया जा रहा है। सड़क पर दो मुख्य द्वार भी तैयार किये जा रहे हैं। भक्तों को प्रसाद दिया जाएगा। निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में भी गणेशोत्सव की धूम मची हुई है। यहां 27 अगस्त से पांच सितंबर तक आयोजन होगा। यहां पर नाऊनल के राजा का दरबार और अंत्येष्टि स्थापित की जा रही है। आयोजनकर्ता अक्षय समिति की ओर से भगवान गणेश की प्रतिमा के साथ भी 51 फीट ऊंची मूर्ति के आकार का निर्माण किया जा रहा है।

**मनौतियों के राजा पूरी करेंगे मनोकामना:** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के संरक्षक भारत भूषण ने बताया कि इसबार 20 हजार स्क्वायर फीट एरिया में जर्मन हैंगर, वॉटर प्रूफ और वातानुकूलित पंडाल बनाया जा रहा है। इसबार आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित कार्यक्रम होंगे। साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप, वैक्सीनेशन कैंप और नशा मुक्ति का अभियान चलेगा। इसके अलावा झूले, सीसीटीवी कैमरा से सुरक्षा, महिला-पुरुष अलग बैठने और लाइन की व्यवस्था रहेगी। दर्शनों के लिए आने वाले भक्तों को बतौर प्रसाद मोदक वितरित किए जाएंगे। भक्त सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक अपने आराध्य के दर्शन कर सकेंगे।

**108 लड्डुओं से होगा श्रृंगार :** गणेश युवा मंडल के ऋद्धि गौण ने बताया कि इसबार गजानन धर्म और संस्कृति की रक्षा का संदेश देंगे। इसके लिए वह धर्म ध्वज लिए हाथों में लेकर विराजेंगे। उनका विधि विधान से पूजन होगा। एक प्रमुख मूर्ति के अलावा रोजाना 10 पंडित और 10 परिवार भी पूजन के लिए बैठेंगे। इसके अलावा भजन और आरती का आयोजन किया जायेगा। रोज विशेष श्रृंगार किया जायेगा। साथ ही, 108 लड्डू से श्रृंगार किया जायेगा।

**पारंपरिक तरीके से होगा पूजन:** श्रीगणेश उत्सव मंडल चौक के संयोजक उमेश पाटिल ने बताया कि महाराष्ट्र से पांच फुट की मूर्ति आयेगी। जिसे कालीजी राम मंदिर में बने पंडाल में स्थापित किया जायेगा। इसबार शिवाजी चरित्र पर आधारित कार्यक्रम होगा। वहीं, क्रिकेट और डांस प्रतियोगिता के अलावा भजन, भंडारा होगा। पूजन के दौरान कई मंत्री भी शामिल होने आएंगे। वहीं, महाराष्ट्र समाज के कार्यवाहक सेक्रेटरी दिनेश जोशी ने बताया कि 100 वर्ष पूरे हुए है। सैद्धांतिक और पुराने तरीके से करता है। कोई दिखावा नहीं होता है। इसबार बुजुर्ग नागरिकों का सम्मान किया जायेगा। ईको फ्रेंडली मूर्ति और भंडारा होगा, जिसमें महाराष्ट्रीयन भोजन परोसा जाएगा।

**फिर से गुलजार होने लगे हैं गणपति पूजा पंडाल:** साल का वो समय फिर आ रहा है बप्पा लौट आए हैं और शहर पूजा पंडाल फिर से गुलजार होने वाले है। गणेश उत्सव को लेकर शहर में पूजा पंडाल को सजाने का काम अपने आखिरी चरण में है।

**झूलेलाल वाटिका गणेश उत्सव :** गोमती नदी के तट पर झूलेलाल वाटिका में स्थित यह भव्य पंडाल लखनऊ का एक प्रसिद्ध आकर्षण है। उत्सव और विसर्जन समारोह के दौरान दस दिनों तक यहाँ भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे यह शहर का सबसे लोकप्रिय पंडाल बन जाता है। इसकी सबसे खास बात यह है कि आप पास ही स्थित हनुमान सेतु और हनुमंत धाम मंदिर भी जा सकते हैं, जो बस कुछ ही दूरी पर हैं! पंडाल में स्थापित मूर्ति को हर साल की तरह, आकर्षक आभूषणों और सजावट से सजाया जाता है। इसके अलावा, पंडाल के आसपास लगने वाले मेले में तरह-तरह के खाने-पीने, सैर-सपाटे, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भी बहुत कुछ होता है, जिसका आनंद हर कोई उठा सकता है।

**पेपर मिल कॉलोनी के बप्पा :** पेपर मिल कॉलोनी के बीचों-बीच अक्षय समिति के लोगों द्वारा तैयार किया गया यह पंडाल वाकई लाजवाब है। यह कोई साधारण पंडाल नहीं है; यह अपने आप में एक छोटा सा कार्निवल है। यहाँ आपको लजीज खाने के स्टॉल से लेकर ट्रेंडी कपड़ों की दुकानें, बच्चों के लिए झूले और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। लाल और नीले रंग के मनमोहक रंगों में लिपटी यह मूर्ति वाकई देखने लायक है। हालाँकि, पेपर मिल कॉलोनी का पंडाल पूरे 10 दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन के लिए उपलब्ध नहीं होगा। यह सीमित समय के लिए है, इसलिए अगर आप इसकी खूबसूरती में खो जाना चाहते हैं, तो जल्दी कीजिए और तुरंत दर्शन कीजिए।

## राजधानी में सजेंगे 100 से अधिक गणपति पूजा पंडाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। राजधानी में छोटे-बड़े मिलाकर करीब 100 से अधिक पंडालों में गणेश प्रतिमा विराजित की जायेगी। जहां बप्पा न केवल अपने भक्तों को दर्शन देंगे बल्कि उनके विघ्नों को भी दूर करेंगे। इसबार गजानन जहां धर्म ध्वज पताका लिए धर्म की रक्षा का संदेश देंगे, तो वहीं तिरंगा थीम पर भी पंडाल सजाया जा रहा है। वहीं, मनौतियों के राजा अपने भक्तों के दुखों को दूर करेंगे। इसबार ईको फ्रेंडली मूर्तियों पर विशेष जोर दिया गया है। साथ ही, सड़क पर कोई आयोजन नहीं किया जायेगा।



**अलीगंज का राजा का गणेश उत्सव 14 से:** अलीगंज का राजा गणेश पूजा सेवा समिति की ओर से 14 वाँ श्री गणेश जन्मोत्सव का आयोजन 14 से 18 सितम्बर तक नेहरू बाल वाटिका पार्क अलीगंज स्थित गुलाब वाटिका अपार्टमेंट परिसर में किया जाएगा। समिति की बैठक कार्यक्रम स्थल पर अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। समिति के संरक्षक संदीप अग्रवाल, महेश अग्रवाल ने बताया कि 14 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे बप्पा की मूर्ति स्थापना के साथ उत्सव का श्री गणेश होगा। तथा शाम को लखीमपुर खीरी के भजन गायक राम प्रताप लक्खा बप्पा के दरबार में भजन सुनायेंगे। 15 सितंबर को राजधानी लखनऊ के मुकेश वर्मा द्वारा भजन संध्या व हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। 16 सितंबर को विष्णु तिवारी द्वारा डांडिया का आयोजन होगा। मनोज मिश्रा राकेश अग्रवाल, शरद तिवारी ने बताया कि 17 सितंबर को वाराणसी की पायल अग्रवाल द्वारा राधा कृष्ण की फूलों की होली और समिति द्वारा बप्पा को गजरा भेंट किया जाएगा। मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता व मनोज सिंह पुजारी ने बताया कि 18 सितंबर को विसर्जन कार्यक्रम झूलेलाल घाट स्थित गोमती तट पर किया जाएगा।

**पत्रकारपुरम गोमती नगर गणेश उत्सव पंडाल :** जैसे ही हमारी नजर इस बहुप्रशंसित पंडाल पर पड़ी, सबसे पहले जो चीज हमारी नजर पड़ी, वह थी वहाँ की जीवंत भीड़, नाचती हुई और चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लेती हुई। चहल-पहल वाले पत्रकारपुरम चौराहे के पास स्थित, यह एक और 10-दिवसीय पंडाल है जो शहर के निवासियों के बीच अपार लोकप्रियता और उत्कृष्ट प्रतिष्ठा प्राप्त करता है। यह पंडाल अपने आप में एक राजसी आकर्षण बिखेरता है, मानो किसी भव्य महल जैसा हो और दिव्य शिव परिवार के बीच स्थापित मूर्ति, एक अद्भुत नजारा है। उत्सव के दौरान इस अद्भुत पंडाल को देखने का मौका न चूकें।

**महानगर सेक्टर-सी, रामलीला मैदान गणेश उत्सव:** महानगर में भगवान गणेश की यह विशाल मूर्ति पूरे शहर में सबसे विशिष्ट मूर्तियों में से एक है। यह कई सिरों वाले भगवान ब्रह्मा की मूर्ति जैसी है, क्योंकि इसमें भगवान शिव और देवी पार्वती दोनों के चेहरे गर्व से दर्शाए गए हैं। दूसरे पंडालों की तरह, यहाँ भी देखने और करने के लिए चीजों की कोई कमी नहीं है। हालाँकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि यह जगह ज्यादा समय तक सजी-धजी नहीं रहेगी। इसलिए, अगर आप इसके अनोखे आकर्षण का अनुभव करना चाहते हैं, तो जरूर आएँ।

# सर्वेश अस्थाना मुस्कान के पर्याय है : डॉ विद्याबिन्दु सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना पर डॉ सुरभि द्वारा लिखी गयी पुस्तक 'शब्द सारथीःसर्वेश अस्थाना' का लोकार्पण उनके ही जन्मदिन पर हिंदी संस्थान में हुआ। पद्मश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, शिक्षाविद अनिल अग्रवाल, आई ए एस श्री डी एन लाल, डॉ विष्णु सक्सेना, डॉ सृष्टि श्रीवास्तव ने लोकार्पण किया। विशेष यह है कि इसी दिन सर्वेश के पुत्र सर्वज्ञ व बेटी काव्या का भी जन्मदिन है। प्रो नेहाश्री के संचालन व शीतल बाजपेयी की वाणी वंदना के साथ प्रारम्भ हुए समारोह में मुकुल महान ने सर्वेश के संस्मरण बहुत चुटीले ढंग से प्रस्तुत किये। अनिल अग्रवाल ने अपने जीवन में सर्वेश जी के सरल व्यक्तित्व के महत्व पर प्रकाश डाला और कुछ संस्मरण भी सुनाये। डॉ सृष्टि ने सुरभि सिंह की कृति पर अपने विचार प्रकट किये। सुरभि की भाषा शैली की प्रशंसा की। जिंदगी की धूप छांव के प्रतीकों से उन्होंने सर्वेश के बारे में सार गर्भित बातें रखीं। डॉ डी एन लाल जी ने सर्वेश अस्थाना के गीत, एवं गद्य लेखन पर समालोचक दृष्टिपात किया। प्रसिद्ध गीतकार




डॉ विष्णु सक्सेना ने सर्वेश के मंचीय जीवन पर अत्यंत भावुक वक्तव्य दिया। सर्वेश जी के आत्मिक व्यक्तित्व की उन्होंने व्याख्या की। साथ ही उन्होंने काव्यपाठ भी किया। मनोरमा लाल ने सुरभि की पुस्तक की समीक्षा करते हुये सर्वेश के भावपक्ष पर प्रकाश डाला। स्वयं सर्वेश ने भी पुस्तक और अपनी जिंदगी के बारे में अत्यंत प्रभावी वक्तव्य दिया। पवन सिंह चौहान ने सुरभि सिंह को बधाई देते हुए पुस्तक को सर्वेश अस्थाना का समग्र भाव भंडार बताया। अध्यक्ष डॉ विद्याबिन्दु सिंह ने सभी वक्ताओं के वक्तव्य का सार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा सर्वेश अस्थाना मुस्कान का पर्याय है। इस अवसर पर दिल्ली के वरिष्ठ व्यंग्यकार सुभाष चन्दर, पंकज प्रसून प्रो बलवंत सिंह, मनोरमा लाल, शर्मिला सिंह धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुरभि सिंह ने किया।

## श्री कृष्ण की छठी पर भंडारे का आयोजन



**लखनऊ।** शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति बुद्धेश्वर लखनऊ द्वारा आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण जी की छठी बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई जिसमें मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया जिसमें कढ़ी चावल खीर एवं आइसक्रीम का प्रसाद भक्तों में वितरण किया गया मंदिर समिति के सदस्य धीरज मिश्रा द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन श्री कृष्ण जी की छठी बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है जिसमें क्षेत्र के सभी लोग बढ़-चढ़कर सहयोग करते है मंदिर समिति के संरक्षक रविंद्र निगम अध्यक्ष जितेंद्र निगम तीर्थराज यादव जितेंद्र शुक्ला अनुराग दीक्षित सचिन देवल आशीष श्रीवास्तव शिवम पोरवाल गणेश शुक्ला धैर्य मिश्रा एवं महिला सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## रियलटी शो में दिखेंगे आम्रपाली दुबे, निरहुआ

**लखनऊ।** भोजपुरी इंडस्ट्री की 'क्वीन' कही जाने वाली एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे भोजपुरी बवाल के बाद कलर्स के एक ओर रियलटी शो का हिस्सा बनने जा रही है। शुरू हुए इस रियलटी शो का ग्रैंड फिनाले को शूट किया था, जिसमें भोजपुरी इड्रस्ट्री के सुपरस्टार्स दिनेश यादव (निरहुआ), पवन सिंह, आम्रपाली दुबे और काजल राघवानी नजर आए थे। शो के ग्रैड फिनाले में इन स्टार्स की परफॉर्मेंस ने फैंस का दिल जीत लिया था, लेकिन इन सब में जिसने सबसे ज्यादा लाइमलाइट खींची वो थी भोजपुरी 'क्वीन आम्रपाली दुबे, जिनके भोजपुरी मूवी के स्टारडम के लोग बेहद दिवाने है. निरहुआ संग उनकी जोड़ी देखने के लिए दर्शक हमेशा दिवाने रहते है. इसी को देखते हुए कलर्स ने उनके प्रशंसकों को एक बार फिर उनकी तीखे और बेबाकी वाले तेवरों को भुनाने के लिए कलर्स ने उन्हें टीवी के सबसे बड़े रियलिटी शो बिग बॉस 20' हिस्सा बनाया है। जहां उनकी दिनेश यादव के साथ ग्रैंड एंट्री ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। बिग बॉस को शुरू होने में अब चंद घंटे बचे है, ऐसे में मेकर्स लगातार इसमें शामिल होने वाले कंटेस्टेंट से जुड़े प्रोमो रीलीज कर रहे है, जिससे दर्शकों के हिंट मिल सके. इसी बीच जब शो के ग्रैंड प्रीमियर से जुड़ा एक वीडियो मेकर्स ने रिलीज किया जिसे देखकर सब्सक्राइबर्स और फैंस के बीच तब खलबली मच गई जब उन्होंने भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव उर्फ 'निरहुआ' को रिक्शे पर सवार होकर ग्रैंड एंट्री करते देखा। कलर्स के इंस्टाग्राम पर शेयर किए 'बिग बॉस 20' के प्रोमो में देखा जा सकता है कि निरहुआ अपने फेमस गाने 'निरहुआ रिक्शावाला' के गाने पर रिक्शे में सवार होकर सेट पर पहुंचे।

# 'नीब करौली बाबा' का अनकहा पहलू दिखाती है फिल्म 'हनुमान अंश'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गत मई में प्रख्यात संत नीब करौली बाबा पर फिल्म 'श्री बाबा नीब करौरी महाराज' आई थी। आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'हनुमान अंश' भी नीम करौली बाबा के जीवन, उनकी आध्यात्मिक यात्रा और सेवा के दर्शन से प्रेरित है। कहानी का आरंभ भोसले (चंदन आंनद) द्वारा नीब करौरी बाबा के बारे में अपने पोते को बताने से होती है। वह बाबा से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बताते हैं जब वह क्रांतिकारी हुआ करते थे। यह दौर था साल 1942 का जब देश गुलाम था। तब बाबा पुलिस से उनकी रक्षा करते हैं। उसके बाद वह बाबा की जीवन यात्रा के बारे में बताते हैं। वहां से कहानी 12 वर्षीय बालक लक्ष्मी नारायण पर आती है, जो अपनी मां की मृत्यु से भीतर तक टूट जाता है। वह अकबरपुर गांव स्थित अपना घर इस विश्वास के साथ छोड़ देता है कि अगर वह ईश्वर को खोज लेगा तो शायद अपनी दिवंगत मां से दोबारा मिल सकेगा। उसकी तलाश उसे मंदिरों, जंगलों, नदियों और गांवों से गुजरती हुई एक लंबी आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाती है। फिल्म के लेखक और निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने कहा था कि रिसर्च के दौरान जब वह नीब करौली गांव पहुंचे, तो वहां लोगों ने उन्हें बताया कि बाबा को 'आंशिक हनुमान' अवतार कहा जाता था। इसी से हनुमान अंश का विचार आया। विशाल ने बाबा की हनुमान जी के प्रति भक्ति को आधार बनाते हुए उनकी आध्यात्मिक यात्रा को सहजता से पर्दे पर उतारा है। खास बात यह है कि भव्यता के बजाय फिल्म अपने भावुक प्रसंगों के जरिए असर छोड़ती है। बाल्यकाल में उनका पशु पक्षियों और पेड़ पौधों से बात करना, मठ की जिम्मेदारी न लेकर आगे बढ़ जाना, अंग्रेज अफसर का उन्हें ट्रेन से उतार देना और फिर उसका माफी मांगना जैसे बाबा से जुड़े प्रचलित प्रसंगों को कहानी में खूबसूरती से पिरोया गया है। भक्तिमय गीत-संगीत कहानी के आध्यात्मिक भाव को गहराई देता है। अच्छी बात यह है कि यह फिल्म सिर्फ बाबा से जुड़े चमत्कारों पर केंद्रित नहीं है। इसमें दुख से अध्यात्म और अध्यात्म से मानव-सेवा तक की यात्रा को सधे तरीके से दशार्या गया है। बाल्यावस्था में बाबा जब पत्थर के बदले बच्चों को मिठाई देते हैं तो वे आश्चर्यचकित नहीं होते, न ही इस बारे में सवाल पूछते हैं। बीच-बीच में फिल्म की गति का धीमी हो जाना। बाबा की ख्याति फैलने का जिक्र न होना जैसी छोटी-मोटी कमियों को नजरअंदाज कर दें तो आप आसानी से उनकी आध्यात्मिक यात्रा से जुड़ाव महसूस करते हैं। कलाकारों में नीब करौरी बाबा की भूमिका में शोभिनव डब्लू सत्या का अभिनय सराहनीय है। उन्होंने बाबा के बेफिक्र स्वभाव, हठ और भक्ति भाव को सहजता से अंगीकार किया है। बाल कलाकार के रूप में विहान एस हेगड़े अपना प्रभाव छोड़ते हैं। बाबा की पत्नी की भूमिका में पूर्णिमा तिवारी का काम भी प्रभावी है। सीमित स्क्रीन टाइम में महंत की भूमिका में अनिल रस्तोगी का अभिनय सराहनीय है। फिल्म के अंत में इसका अगला पार्ट लाने का जिक्र है। कुल मिलाकर बाबा के व्यक्तित्व और विचारों को करीब से जानने की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए यह सराहनीय प्रयास है।

- कलाकार – शोभिनव सत्या, चंदन आनंद, विहान शेडगे, अनिल रस्तोगी, गुलशन पांडे और अन्य
- निर्देशक – विशाल चतुर्वेदी

**रेटिंग-4/5**

## पर्युषण पर्व संयम धर्म की साधना का पर्व

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ठाकुरगंज स्थित श्वेतांबर जैन दादाबाड़ी में चल रहे पर्युषण पर्व के तीसरे दिन सभी धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। नित्य प्रतिक्रमण एवं मंदिर में तीर्थंकर प्रभु की अंग, अग्र एवं भाव पूजा के बाद आयोजित प्रवचन में साध्वी अर्चना जी एवं यशोगुणा जी महाराज साहब ने भगवान महावीर के शासन में दीक्षा लेने वाले वितभय पत्तन के अंतिम राजा उदयन का जीवन चरित्र तथा सेठ सुदर्शन के जीवन प्रसंग के बारे में विस्तार से बताया। साध्वी ने कहा कि पर्युषण पर्व आत्मशुद्धि, संयम और तपस्या का पर्व है। संयम धर्म हमें अपनी इंद्रियों और मन पर नियंत्रण रखना सिखाता है। क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे कषायों पर विजय प्राप्त कर क्षमा, विनय, सरलता और संतोष को जीवन में अपनाना ही सच्चे अर्थों में संयम धर्म की साधना है। उन्होंने कहा कि पर्युषण के इन पावन दिनों में प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर झांककर आत्मावलोकन करना चाहिए और जीवन में व्याप्त बुराइयों एवं विकारों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। संयम के माध्यम से ही मनुष्य अपने जीवन को धर्ममय बनाकर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ सकता है। इसी क्रम में अंतिम श्रुतकेवली भद्रबाहु स्वामी द्वारा लगभग 375 ईसा पूर्व में रचित जैन ग्रंथ कल्पसूत्र का संघ में प्रवेश एवं अष्टप्रकारी पूजा का आयोजन किया गया। इसका लाभ पद्म चंद जैन एवं संदीप जैन परिवार को प्राप्त हुआ। रात्रि जागरण के अवसर पर सीमंधर स्वामी के मंदिर को घी के दीपकों से भव्य रूप से सजाया गया। उज्जैन से आए चिराग जी कोठारी ने वाद्य यंत्रों के साथ भक्ति गीत प्रस्तुत किए। भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में विलियम, सोनू, योगेंद्र, संजीव, मधुर, नरेश, शरद, राजू, रोशन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु सम्मिलित रहे। पर्युषण पर्व के दौरान श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक स्वाध्याय, सामायिक, प्रतिक्रमण, तप, त्याग और संयम अपनाने का आह्वान किया गया। साथ ही सभी को आत्मावलोकन करते हुए क्षमा, करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई।

संक्षेप

## गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

**आजमगढ़।** फूलपुर कस्बा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा और ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को को गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा से हुआ। इस दौरान श्रद्धा, भक्ति और आस्था की त्रिवेणी में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। कलश यात्रा कस्बा स्थित भवानी माता मंदिर से 351 महिलाओं ने कलश में जल भर कर पूरे नगर में भ्रमण किया गया। मंदिर के पुजारी विशाल पांडेय के नेतृत्व में निकली कलश यात्रा में महिलाओं और बालिकाओं ने पीले वस्त्र धारण किए हुए थे। कलश यात्रा शनिचर बाजार से शंकर तिराहा, रोडवेज होते हुए पुनः भवानी माता मंदिर पहुंची। जहां पूरे विधि विधान के साथ कलश यात्रा की स्थापना की गई।

## महिला का गला दबाने के आरोपियों पर केस

**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कुरनी से मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति द्वारा महिला का गला दबाते हुए दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कुरनी गांव निवासी रेनू प्रजापति अपने मायके में रहती हैं। आरोप है कि उनके पटीदार श्याम सुंदर प्रजापति द्वारा बार-बार उनके साथ मारपीट और प्रताड़ित किया जाता है। आरोप यह भी है कि श्याम सुंदर उन्हें वहां से जाने के लिए दबाव बनाता है।बताया गया कि घटना के दौरान भी किसी बात को लेकर महिला के साथ मारपीट की गई। इसी बीच मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने 112 नंबर पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर थाने ले गई।पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो की पुष्टि करते हुए मामले में श्याम सुंदर प्रजापति, उसकी पत्नी कंचन तथा उसकी दो बेटियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## मुठभेड़ में दो शातिर स्नैचर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** गुरुवार को तड़के पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर स्नैचर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार स्नैचर भदोही और सोनभद्र जिले के बताएं गए हैं। गुरुवार को भोर में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली कटरा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 10 सितंबर 2026 को भोर में कोतवाली कटरा पुलिस जान्हवी तिराहे पर चेकिंग कर रहीं थी कि इसी दौरान बाइक सवार 2 नवयुवकों को रोकने का प्रयास किया गया तो दोनों नवयुवक बिना रुके तेज गति से दुधनाथ तिराहा होते हुए नटवा की तरफ भागने लगे, जिनकी दोनों तरफ से घेरा बन्दी की गयी तो दोनों गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किये कि तभी मुस्तैद पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी। जिसमें एक को गोली लगी जो गिरकर कराहने लगा तथा दूसरा पैदल भागने का प्रयास किया जिसे घेर कर पकड़ लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पास जाकर देखा गया तो एक युवक जो गिरकर कराह रहा था उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। जिसका नाम पता पूछा गया तो उसने सद्दाम उर्फ लखेन्दर (34) पुत्र जलालुद्दीन निवासी खुटहनियां थाना कर्मा जनपद सोनभद्र बताया।

# सीएसआर से संवरेंगी शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाएं

### डीएम ने सीएसआर कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**सोनभद्र।** जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनसुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने की दिशा में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने 09 सितंबर को सायं कलेक्ट्रेट सभागार में पांच प्रमुख सीएसआर कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में एनसीएल सिंगरौली, एनसीएल बीना, एनसीएल खड़िया, एनटीपीसी शक्तिनगर एवं एनटीपीसी रिहन्द के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिलाधिकारी ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व सी0एस0आर0 के अंतर्गत कंपनियों को प्रेषित विभिन्न जनहितकारी प्रस्तावों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि जनसामान्य के जीवन में प्रत्यक्ष एवं सकारात्मक बदलाव लाने वाले कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने प्रस्तावों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए कार्यों को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। बैठक में जनसुनवाई भवन के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण, जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को आयरन किचन किट एवं आयरन युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने, बढ़ौली चैराहे के समीप ओपन जिम के निर्माण तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को दो एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक आधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ फाइलेरिया प्रभावित रोगियों के रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता की रोकथाम के लिए एमएमडीपी मोबाइल केयर यूनिट की स्थापना को भी प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए।

शिक्षा के क्षेत्र में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण एवं आवश्यक मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूरा कराने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि छात्राओं को बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। कहा कि सीएसआर केवल संसाधन उपलब्ध कराने तक सीमित न रहे, बल्कि जनपद की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप स्थायी एवं परिणामपरक विकास का माध्यम बने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रस्तावित कार्यों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, एडीएम वि0ध्रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अर्थ एवं सख्या अधिकारी संतपाल वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी रमेश मिश्रा, उपायुक्त उद्योग अधिकारी विनोद कुमार चैधरी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला अधिकारी विनय कुमार सिंह, उद्यमी मिश्र नितिन प्रकाश सिंह, सहित विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## ट्रेन के सफर में कुरकुरे दिलाने के बहाने मासूम को ले गया अजनबी

**मड़िहान/मीरजापुर।** संतनगर थाना क्षेत्र स्थित कमलापुर ओबराडीह गांव निवासी दिल्ली जाने के लिए घर से निकले थे। मां ने शायद सपने में भी नहीं सोचा होगा कि रास्ते में मिला एक अजनबी कुछ ही घंटों में उसकी जिंदगी की सबसे बड़ी चिंता बन जाएगा। ट्रेन के सफर के दौरान परिवार से घुल-मिल गए अज्ञात व्यक्ति ने प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर महज बेटी को कुरकुरे दिलाकर लाता हूं कहकर नौ वर्षीय मासूम को अपने साथ लिया और फिर वापस नहीं लौटा। देखते ही देखते कुछ मिनटों का इंतजार घंटों की बेचैनी में बदल गया। मां स्टेशन पर अपनी बेटी को खोजती रही, लेकिन मासूम का कहीं पता नहीं चला। मामले में पीड़ित मां की तहरीर पर जीआरपी प्रयागराज में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। बताया जा रहा है कि फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी है। पुलिस की टीमें बच्ची को सकुशल बरामद करने और आरोपी तक पहुंचने के प्रयास में जुटी हैं। घटना 8 सितंबर की बताई जा रही है। मड़िहान थाना क्षेत्र की रहने वाली आशा देवी अपनी नौ वर्षीय बेटी और मुंह बोले भाई अनुज के साथ दिल्ली जाने के लिए घर से निकली थीं। प्रयागराज से आगे की यात्रा के लिए वह मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पहुंचीं। यहीं उनकी मुलाकात एक अजनबी व्यक्ति से हुई। उसने भी स्वयं को दिल्ली जाने वाला बताया। एक ही मंजिल की बात सुनकर सामान्य यात्री की तरह बातचीत शुरू हुई और परिवार को उस समय उस पर किसी तरह का संदेह नहीं हुआ। पीड़ित मां की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, उस व्यक्ति ने भी उनके साथ टिकट लिया। शाम करीब छह बजे सभी ट्रेन से प्रयागराज के लिए रवाना हुए। किसी को अंदाजा नहीं था कि यही भरोसा आगे चलकर परिवार के लिए इतनी बड़ी परेशानी का कारण बन जाएगा। प्रयागराज रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद करीब साढ़े सात बजे शाम आरोपी ने मासूम से कुरकुरे दिलाने की बात कही और उसे अपने साथ लेकर चला गया। मां को लगा कि वह बच्ची को कुछ खाने का सामान दिलाकर कुछ ही मिनट में वापस आ जाएगा। वह इंतजार करती रहीं लेकिन न वह अजनबी लौटा और न ही उसके साथ गई बच्ची। दुकानों, प्लेटफॉर्म और आसपास के हिस्सों में मासूम को तलाशा गया, लेकिन हर कोशिश के बाद परिवार के हाथ मायूसी ही लगी।

● जीआरपी में मुकदमा दर्ज सीसीटीवी फुटेज से संदिग्ध की तलाश तेज

## ट्रेन की चपेट में आकर टैम्पो चालक की मौत



**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के कजगांव रेलवे स्टेशन के पर गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आकर एक टैम्पो चालक की मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया लाइनबाजार के परियावा गांव निवासी 55 वर्षीय फेरु निषाद टैम्पो चलाकर रोजी रोटी कमाते थे कुछदिनों से वायरल बुखार से पीड़ित थे वह सलखापुर रेलवे स्टेशन से एजे ट्रेन से सवार होकर कजगांव स्टेशन पर आए।वहां से वह दवा लेने जौनपुर शहर जाना था। फेरु जब ट्रेन से उतरकर प्लेटफार्म पर उतरा उसी समय ट्रेन चल दी वह ट्रेन में चढ़ने वाले सीढ़ी की चपेट में आकर पटरी की तरफ गिर गया। उसका पेट मे गम्भीर चोट आयीं तथा उसका एक हाथ कट गया उसकी मौके पर ही मौत हो गयी घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सर्पदंश से महिला की मौत, मचा कोहराम

**आजमगढ़।** अहरौला थाना क्षेत्र के पात्ती गांव में गुरुवार तड़के सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। महिला को रात करीब तीन बजे किसी जहरीले जीव ने काट लिया था। परिजनों के मुताबिक, महिला ने इसे चुहिया के काटने की बात कही, जिसके बाद घर पर ही प्राथमिक उपचार किया गया। हालत बिगड़ने पर उसे निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, लेकिन सुधार नहीं हुआ। पात्ती गांव निवासी पूनम (54) पत्नी कोमल को रात करीब तीन बजे काटने वाले तौर पर सांप ने काट लिया। परिजनों के अनुसार, पूनम ने बताया कि उसे चुहिया ने काटा है। इसके बाद घरवालों ने घरेलू स्तर पर उपचार किया। कुछ देर बाद पूनम की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे और चुहिया के काटने के हिसाब से उपचार कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन पूनम को फूलपुर स्थित निजी चिकित्सक डॉ. सोहेल के पास ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को अहरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। महिला के परिवार में तीन पुत्र और दो पुत्रियां हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## थानाध्यक्ष के घर से लाखों के जेवर चोरी

**जौनपुर।** मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के जमालापुर चैकी अंतर्गत मनापुर बंजारी गांव में सोनभद्र के बभनी में तैनात थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज के घर को चोरों ने लाखों के जेवरात पार कर दिया। बताते है कि चोरी बीती रात मुख्य दरवाजा नहीं खुला तो साइड वाले कमरे की कुंडी काटकर चोर घर में घुसे और दो कमरों में रखे बेड और अन्य स्थानों को खंगाला तथा वहां से करीब 20 हजार रुपये नकद समेत सोने-चांदी के जेवरात जिसमें सोने की चूड़ियां, अंगूठियां, झुमके, चेन समेत चांदी के आभूषण भी चोर उठा ले गये। घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था। सूचना पर जमालापुर चैकी प्रभारी रामाश्रय कुशवाहा पुलिस टीम के साथ पहुंचे।फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

## निरीक्षण में तीन स्वास्थ्यकर्मी गायब मिले

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्सीएचसी रामपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान बीसीपीएम, लैब टेक्नीशियन और एआरओ अनुपस्थित मिले। वहीं डॉ. राहुल गुप्ता भी चिकित्सालय में मौजूद नहीं थे। सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में -सफाई की व्यवस्था संतोषजनक मिली। सभी आवश्यक औषधियां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गईं। प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान प्रसूता भारती भर्ती मिलीं। उन्होंने पुत्र को जन्म दिया था। इस पर सीएमओ ने संबंधित स्टाफ को निर्देश दिया कि प्रसूता का जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाला भुगतान निर्धारित प्रक्रिया पूरी कराते हुए जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। सीएमओ ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर चिकित्सालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

## शालिग्राम शर्मा की जयंती पर कविता और लोकभाषा से सजी साहित्यिक शाम

**शक्तिनगर, सोनभद्र।** हिंदी कविता में बेटी, माँ-पिता, प्रेम, परिवार और मानवीय रिश्तों की संवेदनाओं को सहज अभिव्यक्ति देने वाले चर्चित काव्य-संग्रह विदा होती बेटियाँ के रचनाकार डॉ. ओम प्रकाश को माटी महकी सम्मान 2026 से अलंकृत किया गया। साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था सोन संगम ने हिंदी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें सातवाँ माटी महकी सम्मान प्रदान किया। अवधी एवं हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि स्व. डॉ. शालिग्राम शर्मा की जयंती के अवसर पर 09 सितम्बर 2026 को विद्युत विहार आवासीय परिसर, शक्तिनगर में आयोजित सम्मान समारोह एवं काव्य-संध्या के मुख्य अतिथि एआरएम, विंध्यनगर डिपो नागेन्द्र पाण्डेय रहे। अध्यक्षता सोनभद्र के लब्धप्रतिष्ठित लोककवि जगदीश पंथी ने की, जबकि अवधूत भगवान राम महाविद्यालय, अनपरा के प्राचार्य डॉ. अजय विक्रम विशिष्ट अतिथि रहे। एनटीपीसी शक्तिनगर में उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन/राजभाषा) के पद पर कार्यरत डॉ. ओम प्रकाश ने सम्मान ग्रहण करते हुए स्व. डॉ. शालिग्राम शर्मा को नमन किया। उन्होंने कहा कि अपनी माटी से मिला सम्मान रचनाकार को अपनी जड़ों से और गहराई से जोड़ता है। साहित्य का उद्देश्य केवल समय को दर्ज करना नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर प्रेम, करुणा और संवेदना को जीवित रखना भी है। उन्होंने सम्मान के लिए सोन संगम एवं साहित्यप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. डॉ. शालिग्राम शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सतीश सिंह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, चन्द्रशेखर जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा डॉ. शर्मा के पुत्र डॉ. योगेन्द्र मिश्र ने उनकी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ किया। मुख्य अतिथि नागेन्द्र पाण्डेय और अध्यक्ष जगदीश पंथी ने सोन संगम की साहित्यिक परंपरा की सराहना करते हुए डॉ. ओम प्रकाश को सम्मान के लिए बधाई दी। काव्य-संध्या में डॉ. ओम प्रकाश ने अपने काव्य-संग्रह विदा होती बेटियाँ की शीर्षक कविता सुनाई। विदा होती जाती हैं बेटियाँ, जैसे विदा हो जाती है आँगन की धूप, चुप हो जाती हैं मंदिर की घंटियाँ पंक्तियों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। पिता के सपने, माँ का अकेलापन, प्रेम पत्र और ह्यसबसे कठिन है जैसी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने रिश्तों, स्मृतियों और मनुष्यता के विविध रंगों को स्वर दिया। सबसे कठिन है पत्थर दिल होती दुनिया में प्रेम बचाए रखनाह्न पंक्तियों को विशेष सराहना मिली। लोककवि श्री पंथी ने बड़ा नीक लागे ननद तोर गउँवा और प्रेम तुम्हारा मिला कि सावन बरस गयाह्न जैसी रचनाओं से लोकजीवन की सोंधी महक बिखेरी।

## प्रेम भाई ने आदिवासी समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन की रखी मजबूत नींव

**म्योरपुर/सोनभद्र।** गोविंदपुर स्थित सामाजिक संस्थान बनवासी सेवा आश्रम के विचित्र महाकक्ष में गुरुवार को सूबे के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी गोविंद बल्लभ पंत, आदिवासी समाज के बीच विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि की मजबूत नींव रखने वाले स्वर्गीय प्रेम भाई तथा गांधी आंदोलन के सहयोगी रहे। धीरेंद्र मजूमदार का जन्मदिवस प्रेरणा स्थल पर सर्वधर्म प्रार्थना के साथ मनाया गया। इसके बाद विचित्र महाकक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि प्रेम भाई ने सोनभद्र के वनवासी और आदिवासी समाज के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में लंबे समय तक काम किया। उन्होंने ग्रामीणों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनका जीवन गांधीवादी विचारों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प को समर्पित रहा। वक्ताओं ने कहा कि गोविंद बल्लभ पंत ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर देश और प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नाबालिग को बहला-फुसला के भगाने के मामले में बालअपचारी गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**मीरजापुर।** अहरौरा थाना पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसला के भगाने के मामले में बालअपचारी को गिरफ्तार कर, अपहृता को भी बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक थाना अहरौरा पर 8 सितंबर 2026 को एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। उक्त के सम्बन्ध में लिखित तहरीर के आधार पर थाना अहरौरा पर बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। मामले में पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं अपहृता की बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष अहरौरा को निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए 10 सितंबर को उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर नामजद बाल अपचारी को पकड़ा गया तथा मौके से अपहृता को बरामद किया गया। थाना अहरौरा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बताते चलें थाना कोतवाली देहात पर बीतें माह 19 अगस्त 2026 को एक व्यक्ति द्वारा नामजद तहरीर देकर नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई थी। मामले में फरार चल रहे आरोपी को 10 सितंबर 2026 को उप निरीक्षक राकेश कुमार राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर करनपुर स्थित ब्रह्म बाबा मंदिर के पास से रामेश्वर उर्फ पिन्टू पुत्र बृजलाल निवासी करनपुर थाना कोतवाली देहात को अतंर्गत धारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# किसानों के लंबित ब्याज को लेकर दिया ज्ञापन

**जौनपुर।** एनएच 233 के चार हजार किसानों के लंबित ब्याज, अधूरे मार्ग पर टोल व सड़क दुर्घटनाओं के मुआवजे को लेकर पूर्वांचल किसान संगठन ने जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। किसान नेता अजीत सिंह डोभी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2012 से तहसील केराकत क्षेत्र के लगभग 4,000 किसान अपने मुआवजे और उसके देय ब्याज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। किसानों को मुआवजा मिलने के बावजूद लंबे समय से लंबित ब्याज की राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। संगठन ने किसानों को देय ब्याज का तत्काल भुगतान कराने की मांग की।संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि हाइवे का मार्ग कई स्थानों पर अधूरा एवं जर्जर है, इसके बावजूद टोल वसूली की जा रही है। विशेष रूप से ढेरही टोल प्लाजा वाराणसी पर अधूरे मार्ग के बावजूद टोल वसूली बंद कराने तथा पूर्व में टोल बंद करने को लेकर लिए गए निर्णयध्आश्वासन को प्रभावी रूप से लागू कराने की मांग



की गई। ज्ञापन में अधूरे एवं संकरे मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने के लिए नो-एंट्री एवं तत्काल सुरक्षा व्यवस्था लागू करने, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके, की भी मांग उठाई गई। इसके साथ ही छभ्-233 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिवारों को कम से कम ?1 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा लंबित सड़क निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने की मांग की गई।

किसान नेता अजीत सिंह डोभी ने कहा कि किसानों ने देश के विकास और राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए अपनी जमीन दी है। अब शासन-प्रशासन का दायित्व है कि किसानों को उनका पूरा हक, लंबित ब्याज और न्याय दिलाए। संगठन ने प्रशासन को 20 सितंबर 2026 तक ठोस एवं सकारात्मक कार्रवाई का समय देते हुए कहा कि यदि किसानों की मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो 30 सितंबर 2026 को ढेरही टोल प्लाजा, बलरामगंज, वाराणसी में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन च्ड० कार्यालय वाराणसी का घेराव किया जाएगा। किसान संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# सूरत से पहुंचीं सुरभि बिरजुका ने भजनों से बांधा समा



**आजमगढ़।** श्री मारवाड़ी धर्मशाला में बुधवार को श्री राणीसती श्याम भक्त मंडल, श्री श्याम भक्त मंडल एवं नारायणी भजन संस्था की ओर से श्री राणीसती दादी जी का वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दादी मां के दरबार में शीश नवाया और भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में सूरत से पधारीं सुरभि बिरजुका ने अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने आज लगा दरबार दादी का, दादी मां को आना है, मोटी सेठाणी म्हारो बेड़ो पार लगानो पड़सी, कीर्तन की है रात, मैया आज थाने आनो है और दादी मां कल्याण, भक्तों का कल्याण करो जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

वहीं, अयोध्या से आए नारायणी म्यूजिकल ग्रुप ने संगीत और मनमोहक धुनों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और दादी मां के जयकारे लगाते रहे। कीर्तन का शुभारंभ रात करीब आठ बजे पंडित अनमोल शर्मा ने मुख्य यजमान बलराम तुलस्यान एवं संदीप सराफ के हाथों दादी मां के समक्ष कलश पूजन कराकर कराया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन और ज्योत जलाकर विधिवत कीर्तन शुरू हुआ, जो रात करीब एक बजे तक चला। समापन पर दादी मां की आरती की गई।

● अयोध्या के नारायणी म्यूजिकल ग्रुप ने दी संगीतमय प्रस्तुति, देर रात तक चला भव्य कीर्तन

कीर्तन के दौरान दादी जी को भोग अर्पित किया गया और इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष शोभित अडूकिया ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में जुटे संस्था के सदस्यों और समाज के सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में त्रिवेणी देवी, शुभम तोदी, अभयनाथ जालान, अशोक रुंगटा, संजय डालमिया, नीरज गोयनका, हिमांशु डालमिया, प्रदीप बैरसिया, प्रत्यूष डालमिया, देव प्रकाश अग्रवाल, कृष्ण तुलस्यान, सम्पत शर्मा, अभिषेक खंडेलिया, गौरव अग्रवाल, परितोष रुंगटा, अमृत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, श्रेय अग्रवाल, अतुल रुंगटा, ओम अग्रवाल, दीपक खंडेलिया, नागेश पोद्दार, अजय खंडेलिया, विनय रुंगटा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महिला मंडल की ओर से पूजा रुंगटा, विनीता तुलस्यान, सविता तुलस्यान, पारुल रुंगटा, ऋचा अग्रवाल, लवी अग्रवाल, श्वेता शर्मा, अंकिता खंडेलिया, सविता खंडेलिया, मनीषा खंडेलिया और नीलम रुंगटा समेत अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

**जौनपुर।** सुजानगंज थाना क्षेत्र के भैसहां रामपुर गांव में गुरूवार को शौच करने गये 23 वर्षीय राजू वनवासी पुत्र केदारनाथ वनवासी की पैर फिसलने के कारण नदी में गिरकर डूबने से मौत हो गई। राजू शौच करने सुबह घर के बगल स्थित नदी पर गया हुआ था जहां उसका पैर फिसल गया जिसके चलते उसकी नदी में डूबने से मौत हो गई। वहीं आसकृपास मौजूद युवकों ने आनन-फानन में राजू के घर सूचना दिया जिस पर पहुंचे घर वालों ने देखा तो उसका शव पानी के उपर आ गया था। इसके बाद घर वालों ने शव को नदी से बाहर निकाला तथा थाना पुलिस को सूचित किया। तत्पश्चात उ.नि. मनोज सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुये अन्त्य परीक्षण के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। साथ ही मौके पर राजस्व विभाग की टीम भी पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही।

## प्लेसमेंट ड्राइव में 10 विद्यार्थियों का चयन

**जौनपुर।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार एवं करियर के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नीरइन्फो सॉल्यूशंस के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीसीए, एमसीए, बी.टेक सहित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के बाद विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया।कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक संयुक्त राज्य अमेरिका सुधांशु शेखर एवं प्रबंध साझेदार वरुण महाजन से संवाद कर विद्यार्थियों के प्रदर्शन, रोजगार की बदलती आवश्यकताओं तथा उद्योग जगत की अपेक्षाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के अंतर को कम करने पर विशेष जोर दिया। समापन सत्र में नीरइन्फो सॉल्यूशंस के निदेशक सुधांशु शेखर एवं वरुण महाजन ने कहा कि पूर्वांचल के विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कंपनी की ओर से भविष्य में भी विश्वविद्यालय को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप तैयारी करने के महत्वपूर्ण सुझाव एवं टिप्स दिए।कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का समाधान किया तथा रोजगार एवं करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्लेसमेंट प्रक्रिया के प्रथम चरण में 8 सितंबर को अभिरुचि एवं योग्यता परीक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 116 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसके बाद 9 सितंबर को कंपनी प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपनी के कार्यक्षेत्र, रोजगार के अवसरों एवं करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों के व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किए गए। विस्तृत चयन प्रक्रिया एवं साक्षात्कार के बाद विश्वविद्यालय के 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

# मनाया गया विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस

**मीरजापुर।** नगर में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस कार्यक्रम गुरु कृपा मण्डपम धुंधी कटरा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त उपाध्यक्ष विद्याभूषण ने बताया कि विहिपकी स्थापना 29 अगस्त 1964, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन सांदीपनि साधनालय, पवई, मुंबई स्वामी चिन्मयानंद जी का आश्रम में परम पूज्य गुरुजी श्री माधव सदाशिवराव गोलवलकर द्वितीय सरसंघचालक दादासाहब आप्टे, हिंदुस्तान समाचार एजेंसी के संस्थापक आदि ने 1960 के दशक में संघ के चिंतन में आया कि हिंदू समाज जाति, भाषा, पंथ में बंटा है, उसे एक सूत्र में बांधना जरूरी है, ईसाई मिशनरियों द्वारा वनवासी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण, विदेशों में रह रहे हिंदुओं का कोई संगठनात्मक सहारा नहीं था, हिंदू की आस्था राम, कृष्ण, गोमाता, मंदिरों का अपमान न हो, इसी चिंतन से



दादासाहब आप्टे ने समाज के सभी संप्रदायों के प्रमुखों को एक मंच पर बुलाने का विचार रखा, जिसमें पहली बैठक - 29 अगस्त 1964 को हुई।

उस दिन कुल 40-45 विशेष आमंत्रित लोग थे, जो भारत के सभी मत-पंथों का प्रतिनिधित्व करते थे। बैठक में संत स्वामी चिन्मयानंद, राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज, स्वामी सत्यमित्रानंद सिख समुदाय से मास्टर तारा सिंह, जैन समाज से आचार्य सुशील मुनि जी महाराज बौद्ध से के.एम. मुंशी (भारत के पूर्व कृषि मंत्री), गीता प्रेस गोरखपुर के संस्थापक हनुमान प्रसाद पोद्दार आरएसएस से गुरुजी गोलवलकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जीडी. बिन्नानी पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. अशोक सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया की हिंदू समाज को संगठित और जागृत करना ,हिंदू धर्म के स्वत्वों, मानबिंदुओं और जीवन मूल्यों की रक्षा और संवर्धन ,विश्वभर में फैले हिंदुओं से संपर्क, उनकी सहायता और सुदृढ़ीकरण और हिंदू की परिभाषा दी गई ₹भारत में विकसित हुए जीवन मूल्यों में आस्था रखने वाला या स्वयं को हिंदू कहने वाला हर व्यक्ति हिंदू है।₹मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस अवसर पर विभाग मंत्री रामचन्द्र शुक्ल ने बताया की प्रथम विश्व हिंदू सम्मेलन - प्रयाग कुंभ 22 से 24 जनवरी 1966, प्रयागराज में 12 देशों के 25,000 प्रतिनिधि, 300 बड़े संत सम्मिलित हुए और इतिहास में पहली बार चारों शंकराचार्य एक मंच पर आए , इस सम्मेलन में मैसूर के महाराज चामराज वाडियार को प्रथम अध्यक्ष और दादासाहब आप्टे को प्रथम महामंत्री घोषित किया गया।इसके बाद उडुपी धर्म संसद 13-14 दिसंबर 1969 को गुरुजी के विशेष प्रयास से भारत के सभी बड़े संतों ने एक स्वर में प्रस्ताव पारित किया- हिन्दवः सोदराः सर्वे, न हिन्दू पतितो भवेत सभी हिंदू भाई-भाई हैं, कोई हिंदू अछूत नहीं है। यहीं से सामाजिक समरसता और छुआछूत उन्मूलन विहिप का स्थायी कार्यक्रम बना।

संक्षेप

## टेंट गोदाम में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक टेंट गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि उसका घना धुआं करीब आधा किलोमीटर दूर से साफदिखाई दे रहा था जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना वृंदावन-छटीकरा रोड स्थित प्रियकांत जू मंदिर के सामने, कृष्णा फन लैंड के समीप बने टेंट गोदाम की है। बताया जा रहा है कि गुरुवार करीब साढ़े तीन बजे गोदाम से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। जब तक आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोग तत्काल अपने स्तर पर आग बुझाने में जुट गए लेकिन आग की तीव्रता के चलते उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई हैं जबकि पुलिस के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## विवाहिता ने लगायी फांसी, मौत

**मथुरा।** थाना बलदेव क्षेत्र के सराय दाऊद गांव में गुरुवार सुबह एक 30 वर्षीय विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बलदेव थाना प्रभारी अभय कुमार शर्मा के अनुसार, मृतका की पहचान सराय दाऊद निवासी ज्योति (30) के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह महिला ने अपने कमरे को अंदर से बंद कर छत के पंखे से फंदा लगा लिया। ग्रामीण संदीप सिंह ने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फॉरेंसिक विशेषज्ञों को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। पुलिस की शुरुआती पड़ताल में घटना की मुख्य वजह पारिवारिक विवाद माना जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## बाइक सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। राया-अलीगढ़-बरेली हाईवे पर हुलू कट के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक की पहचान गजू गांव निवासी भूरा सिंह के रूप में हुई है। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे भूरा सिंह बाइक से मथुरा की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह हुलू कट के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। भंकरपुर बसैला निवासी सुमन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की शिनाख्त कर उनके परिजनों को हादसे की जानकारी दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 4 प्रचार वाहन रवाना



**मथुरा।** जनपद न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा विकास कुमार द्वारा आगामी 12 सितम्बर, 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए तृतीय चरण के तहत चार प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पूरे जनपद में लोक अदालत के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है। प्रचार वाहनों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी और पराविधिक स्वयंसेवक भी मौजूद रहे, जिन्होंने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक व्यापक प्रचार-प्रसार किया। इस अवसर पर अपर जिला जज श्री अजय पाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नितिन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अनीता सिंह, अन्य न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, बार एसोसिएशन मथुरा के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव मनोज शर्मा और लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा की सचिव श्रीमती अनीता सिंह द्वारा समस्त वादकारियों और आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे 12 सितंबर को आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमों को चिन्हित करवाएं। वादकारी स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का त्वरित और सुगम समाधान कराएं तथा इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

**जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन**

मथुरा। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 12 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय, मथुरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जनपद न्यायाधीश विकास कुमार की अध्यक्षता में संपन्न होगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित वादों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से आपराधिक शमनीय वाद एवं धारा 138 (चेक बाउंस) से जुड़े मामले, बैंक वसूली वाद एवं मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक, श्रम एवं भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस व वेतन संबंधी विवाद तथा सेवानिवृत्तिक लाभ के मामले, राजस्व वाद, उपभोक्ता फोरम वाद एवं अन्य दीवानी वाद, किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश व विशिष्ट अनुतोष वाद शामिल हैं।

## छाता में आबकारी विभाग की औचक छापेमारी

**मथुरा।** छाता जिला प्रशासन और आबकारी विभाग ने गुरुवार को छाता कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित शराब के ठेकों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गोवर्धन रोड और बरसाना रोड स्थित मदिरा दुकानों की गहन पड़ताल की गई। आबकारी इंस्पेक्टर अमित सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दुकानों पर शराब के मार्का, बोतलों की निर्धारित क्षमता, उनके मूल्य और चस्पा की गई रेट लिस्ट का बारीकी से मिलान किया गया। जांच-पड़ताल में फिलहाल सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप पाई गईं और किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही सामने नहीं आई। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने दुकान संचालकों को सख्त हिदायत दी कि वे नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए सुचारू रूप से संचालन करें। भविष्य में किसी भी प्रकार की कोताही पाए जाने पर सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस संयुक्त निरीक्षण अभियान के दौरान एसडीएम अखिलेश कुमार और पुलिस बल मौजूद रहा, जिससे ठेका संचालकों में हड़कंप मच गया।

## देह व्यापार में संलिप्त दो शातिर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस टीम को देह व्यापार के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बीतीरात के आर डिग्री कॉलेज, थाना कोतवाली क्षेत्र से की गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गिरधारी (23) पुत्र ज्ञान सिंह निवासी बसई, थाना मगोर्रा (हाल निवासी बसन्त विहार कालोनी, गिरधरपुर रोड, थाना कोतवाली, मथुरा) और शिवम (उम्र लगभग 19 वर्ष) पुत्र बंटी निवासी कासमपुर खटेला, थाना बल्देव (हाल निवासी गाँव महोली, थाना हाईवे, मथुरा) के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ थाना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 619/26 दर्ज है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), अनैतिक देह व्यापार अधिनियम की धारा के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा, वरिष्ठ उप-निरीक्षक सुनील कुमार जोशी, कांस्टेबल 676 हरिओम तथा रिक्रूट आरक्षी 444 विपिन कुमार शामिल रहे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# निर्माणाधीन भवन में मजदूर का शव मिलने से हड़कंप

**मथुरा।** वृंदावन चैतन्य बिहार क्षेत्र में गुरुवार एक निमाणाधीन भवन में मजदूर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के सिर और आंख के आसपास चोट के निशान पाए जाने के बाद मामला संदिग्ध हो गया। सूचना पर पहुंची वृंदावन कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और फील्ड यूनिट से भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से साथ काम करने वाला एक मजदूर मौके पर नहीं मिला, जिसकी तलाश की जा रही है।

चैतन्य विहार के सेक्टर-4 का है। यहां एक भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। भवन में लेंटर डालने के लिए सेटरिंग का काम किया जा रहा था। इस काम में लगे मजदूरों में पप्पू और कन्हैया भी शामिल थे। बुधवार शाम काम समाप्त होने के बाद अधिकांश मजदूर वहां से चले गए पर ही रुके हुए थे। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे निर्माण कार्य देखने के लिए साइट पर थे, जबकि पप्पू और कन्हैया निर्माण स्थल संबंधित व्यक्ति पहुंचा। वहां पहुंचने पर उसने निमाणाधीन भवन के भीतर पप्पू को पट्टों के ऊपर पड़ा देखा। उसके सिर से खून निकल रहा था। मजदूर को इस हालत में देखकर उसने आसपास के लोगों को जानकारी दी। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वृंदावन कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद सीओ वृंदावन संदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कराते हुए फील्ड यूनिट को बुलाया। टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाने के साथ घटनास्थल की स्थिति का निरीक्षण किया।

मौके पर मौजूद एक अन्य मजदूर अवनीश कुमार ने पुलिस को बताया कि पप्पू उसके मामा के गांव का रहने वाला था और करीब दो दिन पहले ही औरैया से वृंदावन काम करने आया था। उसके साथ कन्हैया नाम का मजदूर भी काम कर रहा था। घटना के बाद कन्हैया के मौके पर मौजूद नहीं होने की बात सामने आई है। पुलिस फिलहाल यह पता लगाने में जुटी है कि मजदूर की मौत किन परिस्थितियों में हुई है। सिर और आंख के पास चोट कैसे लगी, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद स्पष्ट होने की उम्मीद है। सीओ वृंदावन संदीप सिंह के अनुसार, चोट किन परिस्थितियों में आई, इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों के संबंध में स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

# चोरी के माल व 1.86 लाख रुपये बरामदगी सहित 3 गिरफ्तार




**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस ने सलेमपुर खुटियाना गांव में 7 सितंबर की रात हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया शत-प्रतिशत माल बरामद करने का दावा किया है। बरामद सामान में तीन पीली धातु की अंगूठियां, एक लॉकेट एक सफेद धातु का कमरबंद कंदनी तथा 1.86 लाख रुपये नकद शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को जसराना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सलेमपुर से पटिकरा नहर पुल की ओर जाने वाले रास्ते से पंकज पुत्र कैलाश संजय पुत्र श्रीनिवास और शिवा उर्फ छोटू पुत्र चंद्रप्रकाश निवासीगण सलेमपुर खुटियाना को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 7 सितंबर को सलेमपुर खुटियाना निवासी प्रभाषचंद्र उपाध्याय के घर का ताला टूटा मिलने पर चोरी की सूचना यूपी-112 पर दी गई थी। प्रभाषचंद्र की तबीयत खराब होने के कारण वह अस्पताल में भर्ती थे और उनकी पत्नी भी उनके साथ आगरा गई थीं। इस दौरान घर की जानकारी रखने वाले लोगों पर संदेह जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना और सुरागसी के दौरान पुलिस को घटना में तीन आरोपियों के शामिल होने की जानकारी मिली। पुलिस का कहना है कि शिवा उर्फ छोटू को घर की पूरी जानकारी थी और उसने अपने साथी पंकज व संजय के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। वहीं, प्राथमिक जांच में नामजद महेशचंद्र की संलिप्तता नहीं पाए जाने पर उसकी नामजदगी गलत पाई गई। पुलिस के अनुसार पंकज के खिलाफ पूर्व में कानपुर के बिधनू थाने में नकली नोट और गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मुकदमे भी दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक आदेश कुमार भारद्वाज तथा कांस्टेबल अंकित यादव, सत्यप्रताप राय लोकेश कुमार इमरान, सुमित कुमार और धर्मेंद्र सिंह शामिल रहे।

## यातायात पुलिस का विशेष अभियान, 55 ऑटो के चालान और 10 ई-रिक्शा सीज

**फिरोजाबाद।** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाया गया। अभियान के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर संचालित किए जा रहे 55 ऑटो के चालान मोटर वाहन अधिनियम के तहत किए गए। वहीं जैन मंदिर आसफाबाद चौराहा एटा चौराहा शिकोहाबाद सुभाष चौराहा शिकोहाबाद और टूंडला चौराहा पर सड़क के दोनों ओर करीब 50 मीटर के दायरे में ऑटो ई-रिक्शा एवं ठेलों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यातायात पुलिस ने ऑटो, ई-रिक्शा एवं ठेलों के लिए निर्धारित स्थान चिन्हित कर उन्हें वहीं खड़ा एवं संचालित करने के निर्देश दिए। इससे प्रमुख चौराहों पर जाम की समस्या को कम करने का प्रयास किया गया। इसी क्रम में नाबालिगों द्वारा संचालित किए जा रहे 10 ई-रिक्शों को सीज किया गया तथा संबंधित लोगों को भविष्य में नाबालिगों से वाहन न चलवाने की कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस के अनुसार 9 सितंबर को भी अभियान के तहत 28 ऑटो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 12 ई-रिक्शों को सीज किया गया था। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों एवं आमजन से अपील की कि निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठाएं, वाहनों को निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करें और नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें। यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

# संस्कृति विश्वविद्यालय और एजुनेट फाउंडेशन के मध्य हुआ एमओयू



**मथुरा।** संस्कृति विवि के संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में संस्कृति विवि और एजुनेट फाउंडेशन के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस मौके पर एजुनेट फाउंडेशन के सहयोग से आईबीएम स्किलबिल्ड प्रशिक्षण सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें 1,000 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास एवं करियर-केंद्रित सीखने के अवसर प्रदान करना था।

संस्कृति विवि व एडुनेट फाउंडेशन के बीच हुए समझौता ज्ञापन पर संस्कृति विवि के रजिस्ट्रार मनीष मिश्रा और एजुनेट फाउंडेशन की ओर से उनके नेशनल हेड धनंजय कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करना तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर कौशल-विकास के अवसर उपलब्ध कराना है। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रशिक्षण के अंतर्गत तकनीकी एवं गैर-तकनीकी विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिन्हें सुश्री दृष्टि एवं हतिक ने संचालित किया। सत्रों में विद्यार्थियों को आईबीएम स्किलबिल्ड के माध्यम से व्यावहारिक एवं उद्योग-प्रासंगिक कौशल तथा भविष्य के करियर अवसरों से परिचित कराया गया। इस मौके पर एजुनेट फाउंडेशन के नेशनल मैनेजर धनंजय सहित अन्य अतिथियों को पटुका ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विवि की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा, संस्कृति स्किल डवलपमेंट विभाग के निदेशक अजीत प्रताप, संस्कृति इंक्युबेशन विभाग के सीईओ तरुण रावत, रजिस्ट्रार मनीष मिश्रा, विभिन्न विभागों के डीन एवं संकाय सदस्य एवं एडुनेट फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह पहल संस्कृति विवि की कौशल विकास, उद्योग-अकादमिक सहयोग और विद्यार्थियों को भविष्य के रोजगार अवसरों के लिए तैयार करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप रही।

# जिला विकास समन्वय निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित



**फिरोजाबाद।** जिला विकास समन्वय निगरानी समिति दिशा की बैठक सांसद अक्षय यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई, बैठक में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी विकास परक एवं बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जनपद के 2 लाख 75 हजार 306 किसानों को 23 किस्तों में डीबीटी के माध्यम से 756.66 करोड़ की धनराशि हस्तांतरित की जा चुकी है, वहीं वर्ष 2026-27 में अगस्त माह तक 3 हजार 7 सौ मृदा नमूनों के सह एकत्रिकरण के सापेक्ष 3265 नमूनों का विश्लेषण कर 2985 मृदा सहायता कार्ड किसानों को वितरित किए जा चुके हैं। जनप्रतिनिधियों ने इस बात पर विशेष बल दिया कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ अंतिम किसान तक पहुंचाया जाए तथा किसान सम्मान निधि व विभागीय कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। उद्यान विभाग को पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत हाथवंत जैसे डार्क जोन व जल संकट वाले क्षेत्रों में ड्रिप स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा दिया जाए, जिससे किसान अपनी परिश्रम का उचित फल प्राप्त कर सके।

राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया की 750 ग्रामों में चुना मार्किंग व ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा अब तक 1,10,219 घरौनियों का वितरण किया जा चुका है, साथ ही भू अभिलेखों के कंप्यूटरीकरण का कार्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, जनप्रतिनिधियों ने कहा कि किसानों की मदद हेतु हेल्प डेस्क बनाए जाएं, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की तरफ से एक सकारात्मक पहल यह की गई है कि प्रत्येक पंचायत भवन में पंचायत सचिवों को लेखपाल के साथ बैठाया जा रहा है, ताकि किसानों को घरौनी इत्यादि के निर्माण के लिए अन्यत्र कहीं भटकना न पड़े। लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों ने इस बात पर विशेष बल दिया कि जल संरक्षण हेतु अधिक से अधिक चैकडैम बनाए जाएं तथा निर्मित तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ सुरक्षा हेतु बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, ताकि किसी भी सम्भावित दुर्घटना को रोका जा सके, डीएम ने इस बात को स्वीकार करते हुए संबंधित विभाग को तुरंत इस पर अमल करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की समीक्षा करते हुए इस बात पर विशेष बल दिया कि प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जहां भी चिकित्सकों की कमी है, वहां तत्काल चिकित्सकों की तैनाती की जाए, साथ ही साथ सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर से कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पुरानी पेयजल टंकियां का पुनर्निर्माण कराया जाए तथा पाइपलाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। जसराना के विधायक सचिन यादव ने यह मांग उठाई की जसराना क्षेत्र में गैर कार्यशील टंकियों को तुरंत चालू कराया जाए, जिससे आम आदमी इसका लाभ उठा सके। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विलय की प्रक्रिया का जहां कहीं भी पालन नहीं किया गया है, वहां पर विलय की प्रक्रिया का पालन कराया जाए। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर से कहा कि यात्रियों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने हेतु बसों को चौराहे पर खड़ा करने की बजाये निर्धारित बस स्टैंड पर खड़ा किया जाए, ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो।

## साइबर अपराधों से बचाव को लेकर प्रशिक्षणार्थियों को किया जागरूक



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक राजेश घुनावत के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध शेखर सेंगर के नेतृत्व में साइबर सेल टीम द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) फिरोजाबाद में साइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान प्रशिक्षणार्थियों शिक्षकों एवं कर्मचारियों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश व ट्रेडिंग एप, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फिशिंग कॉल फर्जी लिंक और यूपीआई धोखाधड़ी सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। साइबर सेल टीम ने लोगों को ओटीपी किसी के साथ साझा न करने तथा सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने के प्रति भी जागरूक किया। साइबर अपराध होने अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या ६६६.ड्डl१ड्ढ१.ड्ड्न०५.ल्ल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। इस दौरान पंपलेट वितरित कर साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए गए। जनपद पुलिस ने आमजन से अपील की कि किसी भी अज्ञात कॉल संदेश अथवा लिंक पर विश्वास न करें और सतर्क रहकर स्वयं तथा अपने परिवार को साइबर अपराधियों से सुरक्षित रखें।

# जिलाधिकारी और एसएसपी ने राधाष्टमी को लेकर की बैठक

**मथुरा।** श्रीराधाष्टमी पर्व 2026 के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई। बरसाना मेला क्षेत्र को 7 जोन और 20 सेक्टरों में बांटा गया है, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 38 होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे। कस्बा बरसाना में 50 स्थानों पर कुल 155 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे (स्थायी और अस्थाई मिलाकर)। सुरक्षा और निगरानी के लिए 6 वॉच टावर और भीड़ नियंत्रण के लिए 7 स्थानों पर स्टैटिक सेट बनाए जाएंगे। मेले के लिए 50 पार्किंग स्थल, 88 बैरियर, 14 बैरिकेडिंग, 100 लाउडस्पीकर और 07 स्थानों पर जूताघर बनाए जाएंगे। परिवहन व्यवस्था के तहत 160 बसों का संचालन किया जाएगा और 40 बसें रिजर्व में रखी जाएंगी। श्रद्धालुओं के लिए श्रीजी मंदिर प्रांगण, बस स्टैंड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसाना सहित कुल 12 स्थानों पर हेल्थ कैंप/मेडिकल टीमें तैनात रहेंगी। सड़कों को गड्ढामुक्त करने, निर्बाध बिजली आपूर्ति और ट्रांसफार्मर/पोल की प्लास्टिक रैपिंग के निर्देश। मेला क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त रखने, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, वॉल पेंटिंग और फसाड लाइटिंग पर विशेष जोर। जीर्ण-शीर्ण स्थिति वाले मकानों/दुकानों/होटलों के स्वामियों को नोटिस जारी करने तथा अग्निशमन और एंटी-वेनम दवाओं की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश।

> **बरसाना मेला क्षेत्र को 7 जोन और 20 सेक्टरों को बांटा, 155 सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे**

# जिलाधिकारी ने दिया कुपोषण मिटाने का संदेश

**मथुरा।** बाल विकास विभाग की ओर से मथुरा, कलैक्ट्रेट सभागार से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा गुरुवार पोषण रैली निकाल कर 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का विधिवत शुभारंभ किया गया। विधायक बल्देव पूरन प्रकाश एवं जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

यह अभियान 09 सितम्बर से 08 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस वर्ष की मुख्य थीम हमारी आंगनबाड़ी हमारी जिम्मेदारी रखी गई है। इसके अलावा पोषण माह के मुख्य बिंदु एवं गतिविधियों आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ताजा पका भोजन, सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बाल विकास हेतु पोषण एवं उद्दीपन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना शामिल है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया जनपद में जन-जागरूकता एवं पोषण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से इस पोषण रैली का आयोजन किया गया है। रैली के माध्यम से लोगों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने तथा बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा एक स्वस्थ्य एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक परिवार में पोषण संबंधी जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कुपोषण की रोकथाम के लिए शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सीधा लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्थानीय व सुलभ खाद्य पदार्थों के व्यंजन प्रदर्शन, पोषण मेला, प्रोटीन थाली प्रतियोगिता, ईसीसीई दिवस, अन्नप्राशन, गोदभराई, टीकाकरण शिविर, प्रसव पूर्व जांच, साइकिल रैली, पदयात्रा एवं प्रभात फेरी जैसी जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी मथुरा शहर अशोक कुमार सिंह सहित मुख्य सेविकाएं एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।



## एमएसई चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एमएस एमई, डी एफ ओ को सौंपा ज्ञापन

**फिरोजाबाद।** सुहागनगरी के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को रफ्तार देने और स्थानीय उद्यमियों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। एम.एस.ई. चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुनील जैन ने एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय (एमएसएमई एफ) भारत सरकार के सहायक निदेशक अभिषेक सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा और इस ज्ञापन के माध्यम से जनपद में विशाल व्यापार मेला औद्योगिक अभिप्रेरणा कार्यक्रम, ई-कॉमर्स ट्रेनिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन निर्यात प्रोत्साहन तथा विभिन्न तकनीकी सेमिनार आयोजित कराने की पुरजोर मांग की। डॉ. सुनील जैन ने कहा कि, कांच नगरी में इस प्रकार के शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन से छोटे एवं बड़े सभी प्रकार के उद्योगों को सरकारी योजनाओं की जमीनी जानकारी मिलेगी, जिससे उद्योग न केवल अधिक विकसित होंगे बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना अमूल्य योगदान दे सकेंगे। साथ ही नए उद्योगों के फलने-फूलने से स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। ज्ञापन स्वीकार करते हुए एमएसएमई डीएफओ के सहायक निदेशक अभिषेक सिंह ने इसे अत्यंत ही सराहनीय पहल बताया और सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि प्राप्त पत्र पर त्वरित विचार और एमएसएमई विभाग की ओर से शीघ्र ही फिरोजाबाद में उद्यमियों के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# आसमान पर क्रूड ऑयल

अमरीका और ईरान के बीच युद्ध लगातार घातक मोड ले रहा है। ऐसे में एक बार फिर क्रूड ऑयल की कीमतें आसमान पर पहुंच गयी हैं। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें पिछले कुछ दिनों से 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुई हैं। इसकी वजह पश्चिम एशिया में नए सिरे से भड़का तनाव और अमेरिका और ईरान के सहयोगियों के बीच निरंतर गोलीबारी है। अमेरिका ने कहा कि उसने मंगलवार को पांच ईरानी टैंकर नष्ट कर दिए। उसने कहा कि ऐसा क्षेत्र में अमेरिकी संपत्तियों पर ईरान के हमलों के जवाब में किया गया है। इस बीच यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर हमले किए हैं। हूतियों का इरादा ईरान-सऊदी तेल निर्यात को निशाना बनाने का है। वे अपनी सरकार से भी लड़ रहे हैं जिसे सऊदी अरब का समर्थन हासिल है। ऐसे में लड़ाई के और भड़कने से क्षेत्र में अधिक उथलपुथल के हालात बनेंगे और वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित होगा। फरवरी के अंत में अमेरिका और ईरान के बीच लड़ाई छिड़ने के बाद से ही तेल कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव रहा है। दोनों पक्षों द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को रोकने के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार पर बहुत बुरा असर पड़ा क्योंकि यह कच्चे तेल के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें फरवरी के दूसरे सप्ताह में 70-75 डॉलर प्रति बैरल थीं जो मार्च में 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकल गईं। जून में युद्धविराम होने तक कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। युद्धविराम जल्दी ही टूट गया जिससे तेल की कीमतें बढ़ गईं। होर्मुज स्ट्रेट से तेल का प्रवाह जो युद्ध से पहले वैश्विक कच्चे तेल के करीब पांचवें हिस्से की आपूर्ति करता था पिछले कुछ दिनों में फिर से काफी घटा बताया जा रहा है। अमेरिका, ईरान को तेल बेचने



से रोककर, जिसका अधिकांश हिस्सा चीन को जाता था, युद्ध की आर्थिक लागत बढ़ाना चाहता है। यह अनिश्चित है कि अधिक आर्थिक लागत ईरान को अमेरिकी शर्तों को मानने के लिए मजबूर करेगी या नहीं। लेकिन युद्ध की लागत केवल ईरान तक सीमित नहीं है। ईंधन की ऊंची कीमतें पूरी दुनिया को प्रभावित कर रही हैं। इनमें अमेरिकी उपभोक्ता और कारोबार भी शामिल हैं। अमेरिका में मुद्रास्फीति की दर केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से ऊपर है और ईंधन की अधिक कीमतें हालात को और जटिल बना देंगी। बाजार के एक हिस्से का अनुमान है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दरें बढ़ाएगा जिसके अपने असर होंगे। लगातार ऊंची तेल कीमतें भारत जैसे देश के लिए वृहद आर्थिक प्रबंधन को जटिल बना देती हैं क्योंकि उसकी जरूरतों का अधिकांश हिस्सा आयात पर निर्भर करता है। हालांकि अब तक स्थिति को अच्छी तरह संभाला गया है और पहली तिमाही के राष्ट्रीय खातों के आंकड़े दिखाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी है फिर भी मजबूत निर्यात प्रदर्शन के बावजूद बाहरी खातों पर दबाव बना रहा। इस दबाव के जारी रहने की संभावना को देखते हुए रिजर्व बैंक ने जून में विदेशी पूंजी प्रवाह आकर्षित करने के लिए एक रियायती स्वैप योजना की घोषणा की जिसमें प्रवासी भारतीयों से जमा भी शामिल हैं। प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही और यह रिजर्व बैंक को निकट भविष्य में बाहरी खाते को संभालने में मदद करेगी। हालांकि ऊंची तेल कीमतों और अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए चालू खाते के घाटे के संभावित विस्तार और पूंजी प्रवाह पर दबाव की मूल समस्या बनी रहेगी। भारत में आगामी तिमाहियों में मुद्रास्फीति दर बढ़ने की आशंका है और ऊर्जा कीमतों का आंशिक असर भी इसे और ऊपर धकेलेगा जिससे मौद्रिक सख्ती की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए हाल ही में गैस की कीमतें बढ़ाई गईं। जैसा कि इस समाचार पत्र ने इस सप्ताह रिपोर्ट किया तेल कंपनियां पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर अंडर-रिकवरी झेल रही हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी भरपाई कैसे होगी। फिलहाल क्रूड कीमतें ऊंची होना भारत के लिए बड़ा संकट है।

# भारतीय कूटनीति की होगी अग्निपरीक्षा



लोकमित्र

नई दिल्ली में 12-13 सितंबर 2026 को जब दुनिया की 11 उभरती शक्तियों के नेता एक मेज पर आमने-सामने बैठेंगे, तब भारत के सामने केवल एक शिखर सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजित करने की चुनौतीभर नहीं होगी। असली परीक्षा उस कूटनीति की होगी, जिसे भारत वर्षों से अपनी सबसे बड़ी ताकत 'रणनीतिक स्वायत्तता' बताता आया है। इस बार दांव बड़ा है। चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग सात साल बाद भारत आ रहे हैं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौजूद होंगे और पश्चिम एशिया का युद्ध ब्रिक्स के भीतर ईरान, सऊदी अरब और यूएई के हितों को आमने-सामने ला रहा है अर्थात नई दिल्ली को एक साथ चीन से संवाद करना है, रूस से साझेदारी बरकरार रखना है, पश्चिम से संबंध और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व यानी एक साथ चारों मोर्चे साधने होंगे। यही वह क्षण है, जब भारत की कूटनीति को केवल संतुलन बनाने वाली नहीं बल्कि मतभेदों के बीच सहमति गढ़ने वाली शक्ति साबित होना है। ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के लिए एक अवसर जरूर है, लेकिन इस बार यह अवसर जितना बड़ा है, अग्नि परीक्षा भी उतनी ही कठिन है।

भारत इस समय एक असाधारण रूप से जटिल मंच की अध्यक्षता कर रहा है। ब्रिक्स अब ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका तक ही नहीं सीमित। अब इसके मित्र इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया भी पूर्ण सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त 10 पार्टनर देश भी हैं- बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाखस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम। भारत में अपनी अध्यक्षता का आधार, 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएशन, इनोवेशन, को-ऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' रखा है। पूरे साल 25 से अधिक शहरों में सम्पन्न 350 से अधिक बैठकों के बाद जब यह उच्चस्तरीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है, तब पूरी दुनिया की निगाहें इसकी तरफ हैं। ऐसा होना स्वाभाविक ही है। दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था का मालिक भारत और अमेरिका के बाद दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति चीन दोनों इस संगठन के प्रमुख देश हैं।

> भारत की सफलता किसी एक पक्ष के साथ खड़े होने में नहीं बल्कि ऐसी भाषा और ऐसा कूटनीतिक निष्कर्ष निकालने में होगी, जिसके चलते हमारी सभी पक्षों के साथ स्वस्थ संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी रहे।




लेकिन भारत की कूटनीति की अग्निपरीक्षा यह सम्मेलन इस मायने में भी है कि इन दोनों उभरती हुई आर्थिक महाशक्तियों के बीच सीमा तनाव लगातार जारी है। हालांकि 18वें ब्रिक्स सम्मेलन के ठीक पहले दोनो देशों ने बातचीत के कई दौर चलाकर किसी हद तक सीमा विवाद पर तात्कालिक रूप से नरमी दिखायी है। लेकिन अब वक्त आ गया है कि यह लगातार मौजूद सीमा विवाद खत्म हो। हम सब जानते हैं रूस और पश्चिम के बीच लगातार टकराव जारी है और ईरान तो पश्चिम के साथ टकराव का पोस्टर ब्वॉय ही बन चुका है। सऊदी अरब और यूएई की अपनी सुरक्षा प्राथमिकताएं हैं और दोनो को न-न करते ईरान के साथ कुछ गहरे मतभेद भी हैं। फिर भी ये सब एक मंच में जब बैठे होंगे तो उस बैठक को सार्थक बनाने में भारतीय कूटनीति को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की वैश्विक प्राथमिकताएं ब्रिक्स के दूसरे देशों से अलग हैं। ऐसी भिन्न-भिन्न प्राथमिकताओं और समीकरणों वाले देशों को एक ताकतवर समूह के रूप में एकत्र करना और इन सबकी साझी ताकत को एक दिशा देना भारत जैसे मौजूदा अध्यक्ष के लिए दो खंभों में बंधी रस्सी पर चलने जैसा है।

## 18वां ब्रिक्स समिट

यह संतुलन तब और कठिन हो जाता है, जब मौजूदा समय में विश्व व्यवस्था एक असाधारण तनाव से गुजर रही हो। 18वें ब्रिक्स सम्मेलन में अंतिम समय तक पहले लग रहा था कि शायद शी जिन पिंग नहीं आएंगे और अब जबकि इन पंक्तियों के लिखे जाने के कुछ घंटे पहले ही उनके आने की अधिकृत घोषणा हुई है, तो एक तरफ जहां इस सम्मेलन का अतिरिक्त महत्व बढ़ गया है, वहीं भारत के लिए शी जिन पिंग की मौजूदगी एक महत्वपूर्ण चुनौती भी बन गई है। साल 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद दोनो देशों के राजनीतिक संबंधों में गंभीर गिरावट आयी थी। अब सीमा पर तनाव कम करने, रुके हुए संवाद को न सिर्फ बहाल करने बल्कि तेज करने तथा आर्थिक संबंधों को धीरे-धीरे सामान्य बनाने की कोशिशें हो रही हैं। ऐसे में शी की दिल्ली यात्रा एक बेहद सावधान प्रक्रिया का उच्चतम राजनीतिक क्षण साबित होगी। हालांकि भारत को इस पूरे सम्मेलन के दौरान अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की जरूरत होगी। क्योंकि ब्रिक्स में चीन के साथ संवाद का यह मतलब विवादों को भूला देना नहीं है। साथ ही भारत-चीन संबंधों में सुधार का अर्थ यह भी नहीं है कि दोनो देशों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई है।

भारत को इन दोनों वास्तविकताओं को एक साथ संभालना होगा। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिन पिंग की बातचीत होती है, जिसकी पूरी संभावना है, तो उसका सबसे महत्वपूर्ण परिणाम किसी बड़े नाटकीय समझौते में नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने में हो सकता है कि दोनो देशों के बीच संवाद लगातार चलता रहे। सीमा पर शांति, व्यापार में संतुलन, निवेश, तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला जैसे मुद्दे केवल शिखर बैठकों से हल नहीं होंगे। लेकिन शीर्ष नेतृत्व का संवाद इन समस्याओं को संभालने के लिए राजनीतिक वातारण अवश्य तैयार कर सकता है। यही भारतीय कूटनीति की पहली और शायद सबसे बड़ी परीक्षा है कि चीन से संवाद भी हो और राष्ट्रीय हितों पर स्पष्टता भी बनी रहे। भारतीय कूटनीति की इस सम्मेलन में दूसरी बड़ी परीक्षा यह होगी कि ब्रिक्स चीन-रूस धुरी बनकर न रह जाए। ब्रिक्स के विस्तार के साथ ही यह एक बात लगातार चलती रहती है कि क्या यह पश्चिमी नेतृत्व वाली विश्व व्यवस्था का विकल्प बनने की तरफ बढ़ रहा है, भारत के लिए यहां भी रास्ता साफ है। नई दिल्ली के हित में ऐसा ब्रिक्स नहीं है जो किसी दूसरे गुट के विरूद्ध राजनीतिक मोर्चा बन जाए। भारत की सबसे बड़ी सफलता यही है कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रहे।

भारत ऐसे ब्रिक्स में है, जो वैश्विक दक्षिण की मजबूत आवाज बने, लेकिन किसी एक शक्ति के प्रभुत्व में खुद का विलय न कर ले। व्यापार, विकास-वित्त, ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, डिजिटल तकनीक, आपूर्ति श्रृंखला और वैश्विक संस्थाओं के सुधार जैसे विषयों पर ब्रिक्स वास्तविक उपयोगिता पैदा कर सकता है। भारत को अपनी अध्यक्षता में इन्हीं व्यवहारिक और विकासोन्मुखी नीतियों को स्पष्ट करना है। लेकिन अगर इसके विरूद्ध ब्रिक्स का मुख्य संदेश डॉलर का विरोध, पश्चिम का विरोध या किसी नये शक्ति-गुट के विवाद तक सीमित हो जाता है, तो भारत के लिए उसकी उपयोगिता घटेगी। भारत की रणनीति स्वायत्तता की असली कसौटी यही है कि वह ब्रिक्स में चीन और रूस के साथ रहे, लेकिन इस संगठन को चीन या रूस की संयोजना न बनने दे। इसके अलावा एक चुनौती भारतीय कूटनीति के लिए यह भी होगी कि ईरान, सऊदी अरब और यूएई ब्रिक्स जैसे बड़े मंच को एक ही समय पर एक साथ कैसे साझा करते हैं। क्योंकि पश्चिम एशिया में मौजूद तनाव इन देशों की प्राथमिकताओं को सीधे तौरपर प्रभावित करता है। ब्रिक्स के 11 सदस्यीय देशों के वरिष्ठ वातार्कार संयुक्त घोषणा पर सहमति बनाने के लिए पश्चिम एशिया के सवाल पर भाषा तय करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। ऐसे में भारत के सामने इन तीनों की मौजूदगी असहजता से ज्यादा किसी साझी सहमति के लिए विकल्प ढूंढ़ने में मुश्किलें खड़ी करेंगी।

## सोशल मीडिया

चिदम्बरम साहब वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने पीएम मोदीजी द्वारा 15 अगस्त को 'दिमागी नक्सल' शब्द प्रयोग होने के 24 घंटे के अंदर कहा था कि मैं खुद दिमागी नक्सल हूं। सुधांशु त्रिवेदी.



अखिलेश जी कल आप की पीसी देखी। इसमें बहुत लंबा चौड़ा फेंक रहे थे कि सरकार आई तो सम्राट अशोक जयंती पर अवकाश देंगे, सत्ता में थे तब तो कब्रिस्तान दिख रहा था। ओपी राजभर.



प्रदेश भर में अनगिनत स्थानों पर आयोजित 'पाठशाला पुकारे' की सफलता ने दिखा दिया है कि शिक्षा का मुद्दा का गांव गांव तक पहुंचा है, पीडीए पढ़ेगा भी और बढ़ेगा भी। अखिलेश यादव.



# भू-राजनीतिक तनाव के कारण बढ़ रहा हथियारों का बाजार




सामयिक

**अमरीकी** राष्ट्रपति ट्रंप की दादागीरी, अमरीका का सुरक्षा कवच कमजोर होने और लगातार युद्ध के कारण दुनिया में हथियारों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। न्यूयार्क से जारी इन आंकड़ों के मुताबिक हथियार आयातक देशों ने पिछले साल की अपनी कुल खरीद से इस क्षेत्र में कीर्तिमान रचने के साथ ही अब तक का सबसे ऊंचा रिकॉर्ड बना दिया है। पिछले साल इस मद में कुल 24 अरब डॉलर की राशि खर्च हुई है। रूस और इजराइल जैसे देशों ने एक बराबर खरीदारी की है। इन दोनों देशों की कुल हथियार खरीद में 24 -24 फीसद का हिस्सा रहा यानी लगभग आधी खरीदारी तो इन दोनों युद्धग्रस्त देशों ने ही कर डाली। यूक्रेन और कुछ दूसरे देश लगातार मांग कर रहे हैं कि उन्हें शीघ्र ही और हथियार चाहिये और वे इसकी प्राप्ति के लिये प्रयासरत हैं। ताइवान ने यदि चीन से आशंका ग्रस्त होकर इस खरीद में 11 फीसदी की हिस्सेदारी निभाई है तो जापान ने भी इतनी ही कीमत के हथियार किस आशंका के चलते खरीदे, यह शोचनीय है?

सऊदी अरब अगर कुल हथियार खरीद में सवा चार फीसदी की हिस्सेदारी रखता है तो खाड़ी में उसकी भू-राजनीतिक स्थिति तथा सामरिक रणनीति को देखते हुए उसे ठीक ठहराया जा सकता है। मगर हथियारों की खरीद में शांतिकामी भारत ने भी ठीक उतनी ही हिस्सेदारी निभाई है, बेशक यह उसकी क्षेत्रीय सामरिक चुनौतियों, भारी भरकम सेना और उसकी जरूरतों को देखते हुए आवश्यक था। खैर तर्क कुछ भी हो, हथियार बाजार और उसकी खरीद फरोख्त में चढ़ाव का सीधा मतलब है कि विश्व शांति उतार पर है। यूक्रेन, रूस युद्ध ने 2009 से मंद पड़ते जा रहे हथियारों के धंधे को जैसे ही नई गति दी है। धंधेबाज देशों ने इस व्यवसाय को अपने कौशल, कमीशन और कारगुजारियों से इसना आगे बढ़ाया कि 'ट्रेंड्स इन वर्ल्ड मिलिट्री एक्सपेंडिचर' समीक्षा के मुताबिक इसकी विकास दर सात फीसदी तक पहुंच गई है। इजराइल के ईरान पर हमले के बाद ईरान की खामोशी को ज्यादातर लोगों द्वारा सकारात्मक तौर पर देखना उचित ही है, संभव है दोनों आशंकित मुठभेड़ के बाद की जटिलताओं के मद्देनजर महज कूटनीति से ही काम चलाएं, युद्ध के रास्ते पर आगे कदम न बढ़ाएं लेकिन दोनों पक्ष देर सवेर इजराइल के साथ युद्ध के रास्ते पर उतरते हैं तो तमाम विद्रूपताओं के साथ एक खास और बड़ी बात यह होगी कि हथियारों के बाजार में तेज हलचल मचेगी। यूक्रेन और रूस के युद्ध के बाद हथियार बाजार पहले से ही सात फीसद की उठान पर चल रहा है, नया युद्ध इसकी आशंकाओं को और बढ़ा देगा। ईरान इजराइल के बीच आशंकित युद्ध हुआ तो प्रयुक्त हथियारों और उनकी खपत तथा आपूर्ति के अलावा भी इस मामले में इस क्रिया और प्रतिक्रिया का प्रभाव व्यापक होगा तथा तमाम तरह के भू-राजनीतिक तथा सामरिक समीकरण इसके लिये काम कर रहे होंगे। ऐसे में नए हथियारों के ग्राहक सीमित नहीं रहेंगे। फिलवक्त संसार के कुल 32 छोटे बड़े देश युद्धरत हैं और दूसरे शताधिक स्थानों पर व्यापक अशांति का माहौल है।

तमाम देश अपनी सकल घरेलू आय का जो हिस्सा स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीक विकास शोध के मद में नहीं खर्चते, उससे कहीं बड़ा हिस्सा हथियारों पर व्यय कर रहे हैं। अशांति और युद्ध का हथियारों से सीधा नाता है। तब जबकि दुनिया के तमाम देश अपनी रक्षा क्षेत्र की जरूरतों के लिये भारी आयात पर निर्भर हों, उस समय भारत सरकार की यह घोषणा वाकई सुखद अहसास देती है कि रक्षा क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर हो गया है। यह निस्संदेह बहुत बड़ी उपलब्धि है। खासतौर पर तब जब देश रक्षा क्षेत्र में परंपरागत तौर पर दूसरे देशों के उत्पादों, उपस्करों, हथियारों और दूसरे साजो सामान पर अधिकतम निर्भर रहा हो। हमारी सेना के हाथ अमूमन रूस, अमेरिका, फ्रांस, इजराइल वगैरह के हथियार रहे हैं इनके ही लड़ाकू विमानों से हमने जंग लड़ी। बात मात्र साजो सामान और हथियार की ही नहीं, कई तकनीक प्रणालियां भी हम आयातित ही इस्तेमाल करते रहे हैं। नौसेना में तो ऐसा बहुत ज्यादा है। ऐसे में भले यह चुनावी प्रचार ही क्यों न हो, सैन्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की बात सुखद लगती है। हालांकि यह कहना कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है या आत्मनिर्भरता के आसपास पहुंच गया है, अतिशयोक्ति होगी। रूसी राष्ट्रपति पुतिन तो पचास फीसदी से ज्यादा का दावा किया है पर सच यही है कि हम आज भी तकरीबन 36 प्रतिशत रूसी हथियार उपयोग बरत रहे हैं। **वीओएल.**

# सफलता का मंत्र

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

अंतर्दृष्टि

# तुम्हीं हो माता पिता तुम्हीं हो...

व्यंग्यलोक

भाई साहब! जबसे मेरे जीवन में सदा बहार वसंत रूपी व्हाट्सएप आया है तबसे किस्म किस्म के ज्ञान, अज्ञान की जिदंगी में मस्तम मस्त ठेला ठेली हो रही है। अब पल भर भी बिन व्हाट्सएप के जीना मुश्किल हो चला है। मैं खाए बिना रह सकता हूं, पर व्हाट्सएप की चौपाल जाए बिना नहीं। मैं नहाए बिना रह सकता हूं, पर व्हाट्सएप के तालाब में बिन नाक पकड़े गोते लगाए बिना नहीं। सारे यार दोस्त जाएं भाड़ में! हे व्हाट्सएप! मैं तुम्हें साष्टांग प्रणाम करता हूं। अहा! तुमने सबको कितना व्यस्त बना दिया है? अहा! तुमने सबको कितना मद मस्त बना दिया है? अहा! तुमने सबको कितना अपना अभ्यस्त बना दिया है। वाह! तुमने हंसते गाते समाज को जड़ से हिला दिया है। मुन्नी को अब रोज नाश्ते में व्हाट्सएप चाहिए, लंच में भी व्हाट्सएप चाहिए। डिनर में तो व्हाट्सएप चाहिए ही चाहिए। साहब को नाश्ते में व्हाट्सएप चाहिए। लंच में भी व्हाट्सएप चाहिए। साहब की बीवी को नाश्ते में व्हाट्सएप चाहिए। लंच में भी व्हाट्सएप चाहिए। डिनर में तो व्हाट्सएप चाहिए ही चाहिए। सबके लिए अब व्हाट्सएप ही विटामिन है, व्हाट्सएप ही कैलेशियम है, व्हाट्सएप ही प्रोटीन है। रे व्हाट्सएप! सच सच बतलाना, तुमने सबको घोंट कर नशे से भी अधिक नशीला ये क्या पिला दिया है? रे व्हाट्सएप! सच सच बतलाना, तुमने हम सब पर कामदेव के बाणों से भी तेज कौन सा बाण चला दिया है? जीव को भूख नहीं, प्यास नहीं। तुम्हारे संग रहते उसे टच करो तो उसमें सांस नहीं। एक ही छत के नीचे रहते हुए एक दूसरे से मिलना किसीको रास नहीं। तू है तो बेटा प्रसन्न है। तू है तो बीवी प्रसन्न है। तू है तो घर का मुखिया प्रसन्न है। तू नहीं तो पूरा घर मरणासन्न है।



अशोक गौतम

रे व्हाट्सएप! टीचर क्लास में पढ़ाना छोड़ अब घर से व्हाट्सएप ग्रुप पर लाइव पढ़ा रहा है और उसका छात्र व्हाट्सएप ग्रुप पर पढ़ते पढ़ते कहीं और पार्टी मना रहा है। साहब व्हाट्सएप पर अपना ऑफिस चला रहा है। देशभक्त नेता व्हाट्सएप पर से अपने वोटरों पर नजरें घुमा रहा है। ऐसे में सरकार से सानुनय अनुरोध! हे सरकार! जनता का सब छीन लेना, पर अपनी प्रिय जनता से गलती से भी उसका व्हाट्सएप मत छीनना। क्योंकि जनतास कराग्रे वसति व्हाट्सएपः, कर मध्य व्हाट्सएपः, कर मूले भी व्हाट्सएपः, पले पले कर व्हाट्सएपः दर्शनम्। हे व्हाट्सएप! अब तुमसे सारे हाथ जोड़ सबकी तरफ से बस यही प्रार्थना! कुछ और देना या न देना, पर अब हमें पल भर को भी धोखा मत देना। नेट चले न चले। तू अबाध चलते रहना। हे व्हाट्सएप! मुझे मोक्ष नहीं, बस तू चाहिए! मुझे वैकुंठ नहीं, बस तू चाहिए! हे व्हाट्सएप! अब बस, तुम्ही हो माता पिता तुम्हीं हो, तुम्हीं हो दाता भ्राता तुम्ही हो..।

## विचार

आवश्यकताएं सीमित रखें। आपकी आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

## कला जगत

### स्टार्टअप की मदद

नये जमाने के उभरते व्यवसायों में लगातार अवसर बढ़ रहे हैं। इसमें बड़ी संभावना भी है। इसलिए सरकार को इन क्षेत्रों में नये उद्यमियों को आगे लाना चाहिए और उनको प्रोत्साहन देना चाहिए ताकि वे अधिक से अधिक रोजगार के मौके सृजित कर बेरोजगारी की समस्या का प्रभावी समाधान देश के सामने पेश कर सकें। तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपनियों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें।

अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### भारत की विदेश नीति

पश्चिम एशिया में भारत की विदेश नीति पूरी तरह से स्पष्ट है। भारत फिलिस्तीनियों के लिए राष्ट्र के अधिकार का समर्थन करता है, लेकिन साथ ही इजराइल पर हुए आतंकी हमले की भी कठोर निंदा करता है। आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसलिए किसी भी देश को आतंकवाद के साथ खड़े नहीं होना चाहिए। जरा सोचिए कि भारत जिस आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित रहा है, ठीक उसी तरह के आतंकवाद का अगर वह विरोध न करे तो क्या करे? क्या भारत सात अक्टूबर के उस भयावह दृश्य के साथ खड़ा जो जाये, जो हमास ने पूरी दुनिया को दिखाया। महिलाओं और बच्चों का कत्लेआम करना, निर्दोष लोगों को हिंसा, बारूद और अग्नि के हवाले कर देना, महिलाओं, बच्चों को बंधक बनाकर उनको ह्यूमन शील्ड की तरह इस्तेमाल करना, क्या भारत इस बर्बरता का समर्थन करे?

जिस तरह देश में कुछ सियासी जमातें, धार्मिक संगठन और लोग बर्ताव कर रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि उनको मानवीय पीड़ा से कोई विशेष लेना-देना नहीं है। यह तो बस अपनी सियासत चमकाने के लिए, लोगों की निगाह में आने के लिए ऊल-जलूल हरकत की तर्ज पर ऐसा 'एब्नॉर्मल विहैव्यिर' कर रहे हैं ताकि लोगों की नजरों में आ जायें। दुर्भाग्य से टीवी चैनल अपनी टीआरपी के लिए व सोशल मीडिया में अधिक से अधिक लाइक, कमेंट और व्यू पाने के लिए ऐसी ही हरकतें की जा रही हैं। ऐसे लोगों को सामान्य नहीं कहा जा सकता है। जिन लोगों ने इजराइल पर हमले के बाद हमास की निंदा नहीं कि दरअसल उनकी नजर में देश की राजधानी मुंबई को बम-बारूद और आतंकी हमले से दो-दो बार दहलाने का कृत्य भी शायद ही अमानवीय हो। दरअसल हमको इस तरह से अपनी नीति बनानी होगी जिससे पड़ोसियों के लिए साफ-साफ संदेश रहे कि अगर वे हमारे खिलाफ साजिशें करते हैं, तो फिर उनको भी वैसा ही जवाब मिलेगा। जब तक पड़ोसियों को स्पष्ट संदेश भारत नहीं देगा तब तक हमारे पड़ोसी देश कभी चीन के पाले में, तो कभी भारत के पाले में आते-जाते रहेंगे। हमें ऐसे देशों से सावधान भी रहना है और यहां अपने संसाधनों को लगाने से बचना भी चाहिए। दरअसल पड़ोसी देश भारत को ब्लैकमेल करने की साजिश करे हैं। इसलिए इनसे बचना चाहिए।

**चन्द्र प्रकाश वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## भामाशाह भाव स्थिरता योजना का किसान उठायें लाभ

ललितपुर। ललितपुर के आलू किसानों को गिरते दामों से बचाएगी भामाशाह भाव स्थिरता योजना, ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गई है। जानकारी देते हुये जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद के आलू उत्पादक किसानों को बाजार में मंदी के नुकसान से बचाने और उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने भामाशाह भाव स्थिरता योजना लागू कर दी है।

इस वर्ष आलू का अधिक उत्पादन होने के कारण बाजार भाव में आई गिरावट को देखते हुए सरकार सीधे किसानों के खातों में अनुदान (डीबीटी) भेजेगी। योजना का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जो शएग्रीस्टेक पोर्टलश पर पंजीकृत हैं और प्रति किसान अधिकतम 02 हेक्टेयर क्षेत्रफल (अधिकतम 240 कुन्तल प्रति हेक्टेयर) तक ही अनुदान देय होगा।

योजना के तहत मंडियों में 01 जुलाई से 31 अक्टूबर के बीच बेचे गए अच्छी गुणवत्ता (30 से 80 एम.एम.) के आलू पर लाभ दिया जाएगा।

# बीएसए के औचक निरीक्षण में विद्यालयों की खुली पोल

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं और विद्यालयों में शिक्षण कार्य की हकीकत जानने के लिए बीएसए रत्नेश कुमार ने विकास खंड तालबेहट के विभिन्न प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहीं पठन-पाठन एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं तो कई विद्यालयों में

- शिक्षामित्र व शिक्षक मिले अनुपस्थित, प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण तलब
- ककडारी व कडेसराकलां के स्कूलों में मिलीं गंभीर खामियां
- बीएसए ने बच्चों का शैक्षिक ज्ञान परखा

शिक्षकों की लापरवाही, अनुपस्थिति, गंदगी, खराब शौचालय, उपस्थिति पंजिकाओं में अनियमितता और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में कमी जैसी गंभीर खामियां सामने आईं। बीएसए ने संबंधित विद्यालयों के जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं। बीएसए ने सुबह 8.20 बजे कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय ककडारी का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रार्थना स्थल पर केवल एक शिक्षक की मौजूदगी में प्रार्थना कराई जा रही थी, जबकि अन्य शिक्षक कक्षों में बैठे पाए गए। शिक्षामित्र रजनी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिलीं। विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति भी मात्र 25 रही। विद्यालय का भौतिक परिवेश असंतोषजनक पाए जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण तलब किया गया। सुबह 8.35 बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्हौरीसर के निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक स्मिता तिवारी उपस्थित मिलीं और बच्चे प्रार्थना करते पाए गए।

इसके बाद सुबह 8.40 बजे पीएमश्री विद्यालय प्राथमिक स्तर बम्हौरीसर का निरीक्षण किया गया। यहां बच्चों को योगाभ्यास कराया जा रहा था। बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक रही और विद्यार्थी गणवेश में मिले।

वहीं सुबह 8.50 बजे प्राथमिक विद्यालय बम्हौरीसर में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित मिला। बीएसए ने प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सुबह 9 बजे प्राथमिक विद्यालय टेकरी के निरीक्षण में छात्रों की संख्या बेहद कम पाई गई। विद्यालय परिसर में भी साफ-सफाई का अभाव मिला। बीएसए ने समस्त स्टाफ को विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार करने और शैक्षिक वातावरण बेहतर बनाने के निर्देश दिए। सुबह 9.15 बजे प्राथमिक विद्यालय कल्याई कडेसराकलां के निरीक्षण में शिक्षामित्र रजिया बानों और रीता सोनी एक कक्ष में बैठकर भोजन करती मिलीं, जबकि विद्यालय के बच्चे बाहर खेल रहे थे।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में गंदगी, अपूर्ण रंगाई-पुताई और जीर्ण-शीर्ण शौचालय की स्थिति सामने आई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सुबह 9.35 बजे पूर्व माध्यमिक विद्यालय कडेसराकलां के निरीक्षण में कर्मचारियों की दो अलग-अलग उपस्थिति पंजिकाएं संचालित होने की बात सामने आई। वहीं मध्याह्न भोजन के तहत तैयार की जा रही तहरी मेन्यू के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिली।

विद्यालय का हैंडवॉश भी अक्रियाशील पाया गया और परिसर में गंदगी मिली। निरीक्षण में बच्चों का



शैक्षिक स्तर भी असंतोषजनक पाया गया। इन कमियों पर संबंधित जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सुबह 9.40 बजे कन्या प्राथमिक विद्यालय कडेसराकलां के निरीक्षण में सहायक अध्यापक प्रिन्सी पटेल बिना सूचना के अनुपस्थित मिलीं।

हालांकि विद्यालय में बच्चों का शैक्षिक स्तर संतोषजनक पाया गया। औचक निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को लेकर बीएसए रत्नेश कुमार ने संबंधित प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने विद्यालयों में नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, स्वच्छता, बेहतर शैक्षिक वातावरण और निर्धारित मानकों के अनुरूप मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। बीएसए के औचक निरीक्षण से विद्यालयों में हड़कम्प की स्थिति रही और विभागीय अमले में भी जिम्मेदारी के प्रति सतर्कता बढ़ी है।

## धीरेंद्र कुमार वर्मा ने किया रिसीवर के रूप में कार्यभार ग्रहण



**बाराबंकी।** सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय संस्था के रिसीवर के रूप में कार्यभार सँभाला। यह बताया जा रहा है कि डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स अयोध्या मण्डल द्वारा संस्था मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय के पदाधिकारियों का निर्वाचन 2025 को समय बाधित मानते हुये गत 2 सितंबर 2026 को अमान्य घोषित किया गया। इन परिस्थितियों में संस्था उपरोक्त सदस्यों द्वारा अध्यक्ष सरदार पटेल संस्थान एवं डिप्टी रजिस्ट्रार को संस्था के पंजीकृत बायलॉज में ऐसी परिस्थितियों में रिसीवर की स्पष्ट व्यवस्था होने का हवाला देते हुए अनुरोध पत्र प्रेषित किया। जिसके बाद सरदार पटेल संस्थान प्रबंध कमेटी की आपातकालीन बैठक में उक्त अनुरोध पत्र पर विचार कर पारित प्रस्ताव के उपरांत श्री वर्मा ने रिसीवर के रूप में 8 सितंबर को कार्यभार ग्रहण किया। साथ ही संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष/सचिव से संस्था का विधिवत चार्ज भी प्राप्त किया है। रिसीवर की यह व्यवस्था संस्था पदाधिकारियों की वैधानिक व्यवस्था होने तक जारी रहेगी।

## तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक को रौंदा, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रजवारा स्थित हनुमान मंदिर के पास बुधवार को तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि युवक को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बस संख्या यू.पी. 94 टी 8339 के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिसनारी बाग टीचर्स कॉलोनी निवासी गजेन्द्र पुत्र चन्द्रभान ने बताया कि उसका भाई भूपेंद्र परिहार पुत्र चन्द्रभान परिहार 8 सितंबर 2026 को ग्राम खोंखरा से अपनी अपाचे मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एक्स 0840 से घर लौट रहा था। बताया गया कि दोपहर करीब 12.30 बजे भूपेंद्र रजवारा तालाब स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचा। आरोप है कि इसी दौरान ललितपुर की ओर से आ रही बस संख्या यू.पी. 94 टी 8339 के चालक ने बस को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए गलत दिशा में लाकर बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगते ही भूपेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और परिजनों ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों में ग्राम खोंखरा निवासी प्रियांशु राजा उर्फ मचकुन्द और पिसनारीबाग निवासी शिवम सिंह सहित अन्य राहगीरों के नाम सामने आए हैं। बताया गया कि दोनों ने हादसा होते हुए देखा। दुर्घटना के बाद परिवार अंतिम संस्कार एवं अन्य क्रिया कर्मों में व्यस्त रहा, जिसके चलते पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने में कुछ विलंब हुआ। मृतक के भाई गजेन्द्र की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बस संख्या यू.पी. 94 टी 8339 और उसके अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी), 324(2) एवं 106 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## अत्याचार और अवैध कब्जों के खिलाफ भीम आर्मी का प्रदर्शन, डीएम-एसपी को सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के साथ कथित उत्पीड?, मारपीट, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियों तथा सरकारी एवं सामुदायिक उपयोग के लिए आरक्षित जमीनों पर अवैध कब्जों के मामलों को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने प्रशासन के समक्ष आवाज उठाई। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मामलों में प्रभावी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में दलित एवं आदिवासी समाज से जुड़े लोगों के साथ मारपीट और उत्पीड? की शिकायतें सामने आ रही हैं। कई मामलों में शिकायतों के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए संगठन ने प्रशासन से संबंधित मामलों में निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग की। भीम आर्मी ने आरोप लगाया कि अहिरवार समाज को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणियां की जा रही हैं, जिस पर आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी। इसके अलावा तालबेहट, महरौनी, मड़ावरा, ललितपुर सदर एवं पाली तहसीलों के विभिन्न गांवों में अंबेडकर पार्कों के लिए आरक्षित जमीनों पर कथित कब्जों का मुद्दा भी उठाया गया। ज्ञापन में तालबेहट, उमलपुर, गदराना, टोड़ी, पटसेमेरा और लेशरा सहित अन्य स्थानों की जमीनों को कब्जामुक्त कराने की मांग की गई।

# जीजा की डिग्री चुराकर डॉक्टर बने दंपत्ति पर लगा गैंगस्टर

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज और छद्म पहचान के सहारे डॉक्टर बनकर चिकित्सा व्यवसाय करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने संगठित तरीके से फर्जीवाड़ा कर चिकित्सा क्षेत्र में सक्रिय रहे दंपती के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 की धारा 2/3 (गैंगस्टर एक्ट) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने अभिनव सिंह को गिरोह का गैंग लीडर तथा उसकी पत्नी लवीना सिंह को सक्रिय सदस्य के रूप में नामजद किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों पर फर्जी डिग्री, दूसरे व्यक्ति की पहचान का इस्तेमाल करने, कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर चिकित्सक के रूप में कार्य करने तथा विभिन्न अस्पतालों में मरीजों का उपचार करने सहित कई गंभीर आरोप हैं। मामले में मुख्य आरोपी अभिनव सिंह को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि उसकी पत्नी लवीना सिंह को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले का खुलासा अमेरिका के टेक्सस में रहने वाली डा.सोनाली सिंह की शिकायत के बाद

- जीजा एवं बहिन की डिग्री पर कर रहे थे फर्जी तरीके से सरकारी डॉक्टरी
- शातिर दम्पती पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा

हुआ। उन्होंने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके इंजीनियर भाई अभिनव सिंह ने उनके पति डा.राजीव गुप्ता की एमबीबीएस और एमडी की डिग्रियों का कथित रूप से दुरुपयोग कर उनकी पहचान अपनाई और इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर चिकित्सा क्षेत्र में नौकरी हासिल की। शिकायत के बाद हुई जांच में फर्जीवाड़े से जुड़े कई तथ्य सामने आने की बात पुलिस की ओर से कही गई है। जांच में सामने आया कि अभिनव सिंह ने कथित तौर पर अपने जीजा डा.राजीव गुप्ता की शैक्षणिक योग्यता और पहचान का इस्तेमाल कर स्वयं को चिकित्सक के रूप में प्रस्तुत किया। वहीं उसकी पत्नी लवीना सिंह ने कथित रूप से डा.दीपाली सिंह के नाम से छद्म पहचान बनाकर चिकित्सा व्यवसाय शुरू किया। पुलिस का आरोप है कि दोनों ने मिलकर बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश किया और लंबे समय तक लोगों का उपचार करते रहे। पुलिस के मुताबिक, अभिनव सिंह ने कथित फर्जी पहचान और दस्तावेजों के आधार पर ललितपुर मेडिकल कॉलेज की जिला सीसीयू एवं कैंसर केयर यूनिट में कार्डियोलॉजिस्ट एवं जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ के रूप में संविदा पर नौकरी हासिल की। इसके एवज में उसे करीब 1.50 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन मिलने की बात सामने आई है। आरोप है कि इसके अलावा अभिनव सिंह ने मथुरा, नूह मेवात (हरियाणा), बीना (मध्य प्रदेश) और वृंदावन के विभिन्न अस्पतालों में भी फर्जी डॉक्टर के रूप में काम किया और बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार किया। मामले की जांच में आरोपी अभिनव सिंह पर 32 बोर की पिस्टल का शस्त्र लाइसेंस भी कथित रूप से फर्जी तरीके से हासिल करने का आरोप सामने आया है। पुलिस के अनुसार, उसने अपनी वास्तविक पहचान छिपाने के लिए मृत रिश्तेदार अथवा कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लेकर शस्त्र लाइसेंस हासिल किया था। इस संबंध में भी पुलिस की ओर से संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी अभिनव सिंह (करीब 57 वर्ष) को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## आम आदमी पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक में विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ने पर जोर

ललितपुर। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक 9 सितंबर 2026 को आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन को मजबूत करने को लेकर मंथन किया। बैठक में मुख्य अतिथि आप के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संजय सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लड ? का आह्वान किया। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। प्रदेश स्तरीय बैठक में हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी ललितपुर भी शामिल हुए। पार्टी के प्रति उनकी सक्रियता, ईमानदारी और समर्पित भाव से किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाए जाने की घोषणा की गई। हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट को राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाए जाने पर ललितपुर एवं पाली क्षेत्र से पहुंचे अधिवक्ताओं और पार्टी कार्यकताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत के दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने कहा कि हरदयाल सिंह लोधी को राष्ट्रीय परिषद में जिम्मेदारी मिलने से ललितपुर जनपद में संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी के माध्यम से वह पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकताओं को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति, कार्यकताओं की सक्रियता और पार्टी की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रदेश पदाधिकारियों ने चुनाव की तैयारियों को लेकर पूरी मजबूती के साथ जुटने का संकल्प लिया।

# बाढ़ प्रभावित ग्राम हेतमापुर पहुंचे पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** विधानसभा रामनगर मे घाघरा नदी मे आई बाढ़ की विनाशकारी धारा में फंसे ग्रामवासियों एवं क्षेत्र वासियों की वास्तविक स्थिति एवं नुकसान का जायजा लेने पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने ग्राम हेतमापुर पहुंच कर कटान और नुकसान की स्थिति को देखा। तथा कटान से बेघर परिवारों, ग्राम वासियों की समस्याओं को सुनते हुए जरूरतमंदों में राहत सामग्री वितरित

- ग्रामवासियों की समस्याओं को सुन वितरण की राहत सामग्री

की। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों से कटान को रोकने के लिए किया जा रहे प्रबंध की जानकारी ली। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, अतीक चैधरी, रामवीर सिंह यादव, शेखर पाल, शिवेंद्र सिंह, प्रभात सिंह, अनिल यादव, अतुल सिंह, सानू सिंह राठौड,. नंदलाल गौतम, प्रभात सिंह, अखंड प्रताप सिंह, प्रभात शुक्ला, रामकृपाल यादव, राजेश वर्मा, अर्चित यादव, सरोज वर्मा, संजय चैहान, मयाराम यादव, ज्ञान चैहान, अशर्फी लाल यादव आदि मौजूद रहे।

# सुलह-समझौते से होगा वादों का त्वरित निस्तारण

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12 सितंबर 2026 शनिवार को जनपद न्यायालय सहित समस्त न्यायालयों एवं अधिकरणों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में प्रभारी जिला जज एवं

- लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा
- राष्ट्रीय लोक अदालत कल
- आम जनमानस अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में पहुंचे

अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह ने समस्त वादकारियों एवं आम जनमानस से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराने की अपील की है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के सुलह योग्य मामलों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

इनमें प्रमुख रूप से मोटर दुर्घटना दावा वाद, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस से संबंधित धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल कर से संबंधित मामले, राजस्व वाद, आपराधिक शमनीय वाद तथा यातायात चालान से संबंधित प्रकरण शामिल हैं।

इसके अलावा अन्य सुलह योग्य मामलों का भी लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार लोक अदालत में वादों का निस्तारण पक्षकारों की आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर किया जाता है। इससे पक्षकारों को लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया में लगने वाले समय, धन एवं मानसिक तनाव से राहत मिलती है। लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित मामलों में नियमानुसार न्यायालय शुल्क (कोर्ट फीस) वापस किए जाने का भी प्रावधान है।

प्रभारी जिला जज/अध्यक्ष ने वादकारियों से अपील की है कि वह 12 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे जनपद न्यायालय में उपस्थित होकर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं और आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से अपने लंबित अथवा सुलह योग्य वादों का त्वरित एवं स्थायी निस्तारण कराएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनसामान्य से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

## गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के ई-कवच पर फॉलोअप की अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर सीडीओ नाराज

**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ शेषनाथ चैहान की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय पोषण माह-2026, संभव अभियान-2026 तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय पोषण माह-2026 के लिए निर्धारित थीम के अंतर्गत सप्ताहवार जारी कैलेंडर के अनुसार गतिविधियां आयोजित करने तथा आयोजित गतिविधियों को जन आंदोलन डैशबोर्ड पर नियमित रूप से फीड करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संभव अभियान-2026 के निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने पर जोर दिया गया। संभव अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के इंडिकेटर, विशेष रूप से सैम (गंभीर रूप से कुपोषित) बच्चों के ई-कवच पर फॉलोअप की अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तत्काल सुधार लाने और सैम बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी फॉलोअप को प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में टीएचआर उत्पादन इकाइयों एवं नैफेड द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर समय से अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। आपूर्ति किए गए अनुपूरक पुष्टाहार को केंद्र पर पंजीकृत सभी पात्र लाभार्थियों तक पोषण ट्रैकर के माध्यम से शत-प्रतिशत वितरित कराने को कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों की नियमित ग्रोथ मॉनीटरिंग करने तथा उन्हें आवश्यक पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। सक्षम आंगनबाड़ी के अंतर्गत चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पोषण वाटिका एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय से कार्यालय में उपस्थित रहें और अपनी परियोजना के अंतर्गत संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का प्रभावी अनुश्रवण एवं मूल्यांकन करते हुए उनके सुचारु संचालन को सुनिश्चित करें। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा थीम के तहत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लिए निर्धारित गतिविधियों को जारी समय-सारणी के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए गए। अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों का समुचित दस्तावेजीकरण करने के साथ फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराने तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से संबंधित पोर्टल पर फीड एवं अपलोड करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित जनपद एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एरियर निकालने के नाम पर मांगा धन वरिष्ठ सहायक रंगे हाथ गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** मुख्यालय स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए पेंशन पटल पर तैनात वरिष्ठ सहायक राजेश कुशवाहा को कथित तौर पर पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। कार्रवाई उस समय हुई, जब 82 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक अपने महंगाई भत्ते के एरियर की करीब 30 से 40 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त करने के लिए कार्यालय पहुंचे थे। तालबेहट निवासी सेवानिवृत्त

- एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई

शिक्षक मदनमोहन नामदेव वर्ष 2007 में माताटीला क्षेत्र के वनगुवां कलां स्थित प्राथमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी उम्र वर्तमान में 82 वर्ष है।

सेवानिवृत्त शिक्षक के अनुसार उनका महंगाई भत्ते का एरियर करीब 30 से 40 हजार रुपये अगस्त माह में आया था।

उक्त धनराशि प्राप्त करने के लिए वह करीब एक माह से विभागीय कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। सेवानिवृत्त शिक्षक के मुताबिक पेंशन पटल पर तैनात वरिष्ठ सहायक राजेश कुशवाहा ने कथित तौर पर एरियर की धनराशि निकालने के एवज में उनसे पांच हजार रुपये की मांग की। सेवानिवृत्त शिक्षक ने बताया कि आठ सितंबर को हुई बातचीत के बाद उन्होंने 10 सितंबर को कार्यालय आकर रुपये देने की बात कही। इसके बाद सेवानिवृत्त शिक्षक ने गुरुवार सुबह पूरे मामले की जानकारी एंटी करप्शन टीम को दी।

शिकायत के आधार पर टीम ने कार्रवाई की रणनीति तैयार की और कार्यालय में अपना जाल बिछाया। बताया गया कि तय योजना के अनुसार सेवानिवृत्त शिक्षक रुपये लेकर बीएसए कार्यालय पहुंचे। इसी दौरान एंटी करप्शन टीम ने पेंशन पटल के वरिष्ठ सहायक राजेश कुशवाहा को कथित रूप से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया।

टीम की कार्रवाई से कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के बाद एंटी करप्शन टीम ने संबंधित कर्मचारी के खिलाफ आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई शुरू कर दी। टीम द्वारा कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी मांगी गई।

बताया गया कि फुटेज उपलब्ध कराने में टीम को करीब एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई की जानकारी फैलते ही बीएसए कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## पुस्तकीय ज्ञान के साथ विभिन्न कलाओं को सीखना व्यक्तित्व को प्रदान करता है पूर्णता: ईशान प्रताप सिंह

**बाराबंकी।** जीवन के विस्तृत फलक पर पुस्तकीय ज्ञान के साथ अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए विभिन्न कलाओं, विधाओं को सीखना और उनकी प्रस्तुति करना एक विद्यार्थी ही नहीं किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करता है।

- दीप प्रज्जवलित कर डीएम ने किया जनपद स्तरीय कला उत्सव का शुभारंभ



उक्त उद्गार पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज मे आयोजित जनपद स्तरीय कला उत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवलित करने के उपरान्त छात्राओ को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये।

विशिष्ट अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विद्यांशु शेखर झा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में एक हॉबी का होना अति आवश्यक है क्योंकि दैनिक दायित्वों के निर्वहन के बाद स्वयं को अगले दिन के लिए तनाव मुक्त रूप में तैयार करने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम मे नृत्य कला एकल शास्त्रीय, संगीत गायन एकल शास्त्रीय विधा, हारमोनियम संगीत वादन, संगीत वादन ढोलक, दृश्य कला मूर्ति कला, लोक नृत्य सामूहिक, लोक संगीत गायन समूह, दृश्य कला चित्रकला, कहानी वचन, नाटक की विधा प्रतियोगिताओ मे विजयी छात्राओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अमिता सिंह, प्रधानाचार्या नंदिता सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य राधेश्याम, प्रवक्ता आशीष पाठक, अरविन्द कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, एकनाथ मणि त्रिपाठी, पूनम कनोजिया, शोभावती, सरोज श्रीवास्तव, कृत वर्मा, शरदराज सिंह, कल्पना रस्तोगी, आर0पी यादव आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## कच्चे तेल का भाव चढ़ा

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमत 35 रुपये की बढ़त के साथ 9,134 रुपये प्रति बैरल हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के वायदा अनुबंध की कीमत 35 रुपये या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 9,134 रुपये प्रति बैरल हो गई। इस दौरान 3,190 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि बाजार प्रतिभागियों द्वारा सौदे बढ़ाए जाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी बनी रही। वैश्विक बाजार में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल 0.07 प्रतिशत बढ़कर 96.12 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। न्यूयॉर्क में ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 0.13 प्रतिशत चढ़कर 101.08 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई।

## नयी जावा 42 का अनावरण

नई दिल्ली। जावा येज्दी मोटरसाइकल्स ने नई जावा 42 का अनावरण किया, जिसने ब्रांड के नए जावा ऑल स्टार्स अध्याय को पूरा किया और भारत में मॉडर्न क्लासिक श्रेणी को स्थापित करने वाली मोटरसाइकिल के अब तक के सबसे बड़े विकास को चिह्नित किया। ऑल स्टार्स जावा 42 अपने नए स्टांस, अनुपात, रियर सेक्शन, अलॉय व्हील्स, साइड पैनल और अपस्वेप्ट एग्जॉस्ट के साथ अधिक बोल्ड, स्पोर्टी और मस्कुलर हो गई है। क्लासिक लेजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा सबसे दिलचस्प समुदाय उन लोगों द्वारा बनाए जाते हैं जिनका आचरण तब भी एक जैसा रहता है जब उन्हें कोई देख न रहा हो। जावा 42 ने भारत की मॉडर्न क्लासिक श्रेणी शुरू करने में मदद की थी।

## एचडीएफसी एर्गो इंश्योरेंस क्विज जूनियर के 11 वें एडिशन का आयोजन

नई दिल्ली। एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने कक्षा 8 और 9 के स्टूडेंट्स के लिए अपनी फ्लैगशिप पहल, एचडीएफसी एर्गो इंश्योरेंस क्विज जूनियर के 11 वें एडिशन का आयोजन किया। इससे युवाओं के बीच इंश्योरेंस की जागरुकता और वित्तीय ज्ञान बढ़ाने की कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।2026 के एडिशन के लिए भारत के 4,850 स्कूलों के 16,900 से अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उत्तर प्रदेश के 55 शहरों से क्विज के लिए 254 स्कूलों के 900+ से अधिक स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुआ। इंश्योरेंस आपको अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए तैयार करता है। हमारा मानना है कि इस बात की समझ कम उम्र से ही शुरू हो जानी चाहिए। हमारा यह सफर बहुत खास इसलिए रहा है क्योंकि इसमें अलग-अलग क्षेत्रों, भाषाओं और बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स ने एक सी जिज्ञासा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया है। अपने 11वें एडिशन के साथ हमारा मकसद न केवल क्विज के लिए बेहतर प्रतियोगी तैयार करना है, बल्कि एक ऐसी पीढ़ी का विकास करना भी है, जो जीवन की अनिश्चितताओं को लेकर ज्यादा जागरुक, आत्मविश्वास से भरी हुई और तैयार हो। इस साल यह क्विज 10 भारतीय भाषाओं में कराया गया।

## मीट एंड ग्रीट का आयोजन

नई दिल्ली। इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल ने मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बिहार के प्रवासी समुदाय के सदस्य, बिजनेस लीडर, प्रोफेशनल, कम्युनिटी के प्रतिनिधि और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बिहार में हो रहे बदलाव, निवेश के मौकों, खेल के विकास और भारत-यूएई के बीच मजबूत रिश्तों पर दिलचस्प बातचीत की। इंडियन पीपल्स फोरम बिहार काउंसिल के जरिए पूरी तरह से आई पी एफ यू ए ई के वॉलंटियर्स द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 'एनुअल इन्वेस्टमेंट मीटिंग (अकट) कांग्रेस 2026' के दौरान हुआ। इसमें बिहार सरकार ने एक पार्टनर के तौर पर हिस्सा लिया और इंटरनेशनल इन्वेस्टर्स के सामने राज्य में निवेश की संभावनाओं को दिखाया।

## चांदी 568 रुपये टूटी

नयी दिल्ली। बाजार प्रतिभागियों के सौदे घटाने से वायदा कारोबार में चांदी की कीमत बृहस्पतिवार को 568 रुपये टूटकर 2,43,645 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 568 रुपये या 0.23 प्रतिशत घटकर 2,43,645 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इस दौरान।,262 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार प्रतिभागियों की बिकवाली से चांदी की कीमतों पर दबाव पड़ा।

# सेंसेक्स में 138 अंकों की उछाल



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर विराम लगा और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 138 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 46 अंक लाभ में रहा। कारोबार के अंतिम घंटे में एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। हालांकि वैश्विक तनाव बने रहने के बीच कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 138.36 अंक यानी 0.19 प्रतिशत बढ़कर 74,902.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,910.96 तक गया जबकि नीचे में 74,598.47 तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 46.30 अंक यानी 0.20 प्रतिशत बढ़कर 23,477.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। वहीं, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, ट्रेंट और आईटीसी शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.19 प्रतिशत चढ़कर 102.2 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। कमजोर वैश्विक संकेतों और ब्रेंट क्रूड की कीमत 102 डॉलर प्रति बैरल रहने के बावजूद वित्तीय और तेल एवं गैस शेयरों में चुनिंदा लिवाली से बाजार में तेजी आई। निवेशकों की नजर अब अमेरिकी मुद्रास्फीति के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर है। इससे ब्याज दर की दिशा के बारे में संकेत मिल सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 1.19 प्रतिशत बढ़कर 102.2 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.16 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मिडकैप सेलेक्ट में 0.34 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में बीमा 0.58 प्रतिशत, टॉप-10 बैंक 0.52 प्रतिशत, बैंकएक्स 0.36 प्रतिशत, निजी बैंक सूचकांक 0.35 प्रतिशत, वित्तीय सेवाएं 0.34 प्रतिशत और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 0.32 प्रतिशत चढ़े। पूंजीगत सामान 0.99 प्रतिशत, दूरसंचार 0.91 प्रतिशत, धातु 0.67 प्रतिशत और अस्पताल 0.48 प्रतिशत टूटे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 582.99 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स बुधवार को 813.35 अंक टूटकर 74,764.23 अंक पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 203.60 अंक की गिरावट के साथ 23,431.50 अंक पर रहा था।

# कच्चे तेल के दाम चढ़ने से रुपया 38 पैसे टूटकर 95.46 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को 38 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.46 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच देश के आयात खर्च को लेकर बढ़ती चिंता से रुपये पर दबाव रहा।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये पर इस समय विपरीत दबाव है। जुलाई और अगस्त में सकारात्मक प्रवाह के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली फिर शुरू हो गई है और कच्चे तेल की कीमत 102 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई है, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 95.15 पर खुला। बाद में यह कमजोर होकर 95.46 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 38 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 34 पैसे टूटकर 95.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया फिर से 95.45 के स्तर की ओर कमजोर हुआ है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यह गिरावट डॉलर के कारण नहीं, बल्कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण है, क्योंकि डॉलर खुद कई महीनों के निचले स्तर पर है। बनर्जी ने कहा कि मुद्रा बाजार में इस समय कई दबावों के बीच संतुलन बना हुआ है। नकारात्मक कारकों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली, 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर कच्चे तेल की कीमत और ऊंचा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल शामिल है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत गिरकर 98.81 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 1.28 प्रतिशत बढ़कर 102.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 138.36 अंक बढ़कर 74,902.59 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 46.30 अंक की बढ़त के साथ 23,477.80 अंक पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से 582 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।


# ओडिशा के सीएम ने यूएई के मंत्री से की मुलाकात

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बृहस्पतिवार को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री से मुलाकात की और राज्य में औद्योगिक परियोजनाएं स्थापित करने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया।

अधिकारियों ने बताया कि पांच दिवसीय यूएई यात्रा पर गए माझी ने यात्रा के तीसरे दिन निवेशकों से कार्यक्रमों और रोड शो में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में ओडिशा और यूएई के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने तथा राज्य में निवेश के नए अवसर तलाशने पर चर्चा की गई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, माझी ने ओडिशा के अनुकूल कारोबारी माहौल, मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र और प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया तथा यूएई के निवेशकों को राज्य में अवसर तलाशने का न्योता दिया। बयान में कहा गया कि माझी एल्युमीनियम क्षेत्र के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक गोलमेज बैठक में भी शामिल होंगे, जिसमें ओडिशा के एल्युमीनियम क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। बयान के अनुसार, इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल (आईबीपीसी) के साथ भी एक बैठक प्रस्तावित है।

# ब्रेंट क्रूड के बाद अमेरिकी कच्चा तेल भी 100 डॉलर के पार पहुंचा

न्यूयॉर्क। अमेरिका-ईरान युद्ध खत्म होने के कोई संकेत नहीं मिलने के बीच अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत बृहस्पतिवार को मई के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई।




अंतरराष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड की कीमत भी 105 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई। अमेरिकी कच्चे तेल का प्रमुख बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) है, जबकि ब्रेंट को वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत के प्रमुख मानक के रूप में देखा जाता है। इस बीच, अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट के संकेत मिले। एसएंडपी 500 के वायदा कारोबार में 0.5 प्रतिशत और नैस्डैक में 1.1 प्रतिशत की गिरावट रही। एक रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिका में थोक स्तर पर मुद्रास्फीति अब भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। उधर, यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने यूरोपीय संघ में मुद्रास्फीति पर काबू पाने के प्रयासों के तहत अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। इसके बाद यूरोप के शेयर बाजारों में भी गिरावट रही। जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.7 प्रतिशत नीचे रहा।

# बिहार में बिजली की अधिकतम मांग 9.5 गीगावाट तक पहुंची

नयी दिल्ली। बिहार में बिजली की अधिकतम मांग करीब 9.5 गीगावाट तक पहुंच गई है और सरकार भविष्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार तैयारी कर रही है।

राज्य के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के ऊर्जा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती थी। मंत्री ने कहा कि लगातार बिजली आपूर्ति उनकी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। राज्य ने बिजली क्षेत्र में प्रगति की है और आज शहरी क्षेत्रों में 23 से 24 घंटे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 22 से 23 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। बिहार 2.22 करोड़ उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति कर रहा है और 9,475 मेगावाट की अधिकतम मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया है। कुमार ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य के हर घर तक बिजली पहुंचाना है और भविष्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए बिजली के बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा जाएगा। केंद्र की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में उन्होंने कहा कि राज्य में यह पहल अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। सरकार का लक्ष्य इस साल 10 लाख घरों में सौर ऊर्जा की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश अगस्त में चार माह के उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली। निवेशकों की छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित योजनाओं में मजबूत दिलचस्पी के चलते इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में अगस्त के दौरान 29,328.62 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो चार महीने में सबसे अधिक है। जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में 24,697 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। इस लिहाज से अगस्त में निवेश करीब 19 प्रतिशत अधिक रहा।




व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये खुदरा निवेश भी मजबूत बना रहा। अगस्त में एसआईपी के जरिये मासिक योगदान बढ़कर रिकॉर्ड 32,297 करोड़ रुपये हो गया, जो जुलाई में 31,961 करोड़ रुपये था। अगस्त 2025 में जुटाए गए 28,265 करोड़ रुपये की तुलना में इस बार एसआईपी योगदान करीब 14 प्रतिशत अधिक रहा। ताजा आंकड़ों के बाद चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में एसआईपी के जरिये कुल संग्रह करीब 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है। म्यूचुअल फंड उद्योग में कुल शुद्ध निवेश हालांकि अगस्त में गिरकर 41,353 करोड़ रुपये रह गया, जो जुलाई में 2.36 लाख करोड़ रुपये था। इसकी मुख्य वजह ऋण-केंद्रित योजनाएं रहीं, जिनमें अगस्त में 8,127 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई, जबकि जुलाई में इनमें 1.88 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। इसके बावजूद म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अगस्त के अंत में बढ़कर 87.07 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो जुलाई के अंत में 85.75 लाख करोड़ रुपये थीं। इक्विटी श्रेणी में छोटी कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित फंड में पिछले माह सबसे अधिक 7,973 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। इसके बाद मझोली कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित फंड में 6,989 करोड़ रुपये और फ्लेक्सी-कैप फंड में 5,059 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। हालांकि, बड़ी कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित फंड से।,147 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। इक्विटी-केंद्रित योजनाओं में अगस्त का 29,328.62 करोड़ रुपये का निवेश अप्रैल के बाद सबसे अधिक रहा। अप्रैल में इन योजनाओं में 38,440 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। मई में यह 22,908 करोड़ रुपये और जून में 28,973 करोड़ रुपये रहा था। उद्योग निकाय एम्फी के मुख्य कार्यकारी वेंकट चलसानी ने कहा कि अगस्त में कुल 26 योजनाएं शुरू की गईं, जिनसे 7,110 करोड़ रुपये जुटाए गए।

# आधार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में काम जारी

नयी दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौरभ विजय ने बृहस्पतिवार को कहा कि आधार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में काम जारी है ताकि प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों (ओसीआई) को इस डिजिटल पहचान प्रौद्योगिकी का लाभ मिल सके।




यूआईडीएआई के शीर्ष अधिकारी ने वित्तीय प्रौद्योगिकी सम्मेलन ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में एक परिचर्चा के दौरान कहा कि उनकी महत्वाकांक्षा आधार के बुनियादी ढांचे को वैश्विक स्तर का सर्वश्रेष्ठ बनाना है, जिससे इसके अंतरराष्ट्रीय विस्तार में मदद मिले। आधार को अब अंतरराष्ट्रीय बनाने पर ध्यान है। हम अलग-अलग प्रणालियों के बीच तालमेल की व्यवस्था पर काम करना चाहते हैं, ताकि आधार का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस्तेमाल अधिक आसान हो सके। इसके लिए संकल्पना के स्तर पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि आधार को अंतरराष्ट्रीय बनाने की दिशा में कानूनी ढांचे पर भी काम चल रहा है। साथ ही, ओसीआई के लिए आधार उपलब्ध कराने संबंधी नीतियां तैयार की जा रही हैं, जिससे निवेश को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने इस सम्मेलन के दौरान तीन उत्पाद पेश किए हैं जिनमें से कुछ का अंतरराष्ट्रीय विस्तार हो सकता है। यूआईडीएआई वित्तीय लेनदेन के प्रमाणीकरण के लिए एनपीसीआई के साथ करीबी तौर पर काम करता है। यूआईडीएआई छोटे व्यापारियों को केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रक्रिया के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण की सुविधा देने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर रहा है। आधार प्रमाणीकरण के जरिये डिजिटल केवाईसी से ग्राहकों को जोड़ने की प्रक्रिया आसान हुई है।

## पेज एक का शेष

### आज से

है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार विवादों और भू-राजनीतिक बदलावों से पैदा हो रही आर्थिक चुनौतियों के बीच, हम खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी प्रमुख कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान दे रहे हैं। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, अल्प विकसित या अविकसित के रूप में जाना जाता है। ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। नयी दिल्ली में यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया संकट (खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी) और (अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप प्रशासन की व्यापार व शुल्क (टैरिफ) नीतियों के प्रतिकूल प्रभावों का सामना कर रही है। शिखर सम्मेलन में अब केवल दो दिन बचे हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि समूह के सदस्य देश किसी संयुक्त बयान पर आम सहमति बना पाए हैं या नहीं, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट को लेकर ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मतभेद बने हुए हैं। यह समूह आम सहमति के आधार पर काम करता है।

### भारत सुरक्षित

इनके लाभ पूरी मानवता तक पहुंचने चाहिए। उन्होंने कहा कि इसरो के साथ-साथ भारत का निजी अंतरिक्ष क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ...1960 के दशक में थुंबा से भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से फ्रांस एक भरोसेमंद साझेदार रहा है। आज हमारा सहयोग पृथ्वी अवलोकन और उन्नत प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है, जो वैज्ञानिक उत्कृष्टता को मानवीय उद्देश्यों के साथ जोड़ता है। हम फ्रांस और दुनिया को भारत के अगले चरण के अंतरिक्ष अनुसंधान में सहयात्री बनने के लिए आमंत्रित करते हैं। प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण वसुधैव कुटुंबकम यानी एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना पर आधारित है और यही भावना पृथ्वी से आगे अंतरिक्ष तक भी पहुंचनी चाहिए।

### यूपी में 17

और आवंटित विधानसभाओं में जाकर जनप्रतिनिधियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में समाज के हर वर्ग की भागीदारी हो और सेवा, सुशासन तथा विकास की उपलब्धियों को वास्तविक लाभार्थियों की कहानियों के माध्यम से सामने लाया जाए। अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को सेवा दिवस : आशीर्वाद का दीया से होगी। शाम सात बजे लाभार्थी परिवारों और प्रमुख विकास परियोजनाओं के स्थलों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसी दिन विश्वकर्मा जयंती पर सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में विश्वकर्मा पूजन और शिल्पकारों को टूलकिट वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विधायकों से अपने क्षेत्रों में कार्यक्रमों में मौजूद रहने को कहा है। 18 सितंबर से प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में ह्यनमो सेवा : अनकही कहानियां कार्यक्रम होंगे। स्थानीय कलाकारों के जरिए नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सेवा, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास की कहानियां जनता तक पहुंचाई जाएंगी। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी जोड़ा जाएगा। सेवा की कहानी अभियान के तहत 25 लाख लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव की वास्तविक कहानियां 60 सेकंड की रील के माध्यम से सामने लाई जाएंगी। इनमें आवास, स्कूल, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, मेट्रो और विश्वविद्यालय जैसी परियोजनाओं के साथ आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के लाभार्थी भी शामिल होंगे।

### स्वतंत्रता आंदोलन

लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने पद से इस्तीफा देकर स्वाधीनता आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका जारी रखी। भारत छोड़ो आंदोलन समेत समय-समय पर हुए स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न बड़े आंदोलनों में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 में देश की आजादी के साथ पंडित गोविंद बल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बने। उस समय उत्तराखंड भी उत्तर प्रदेश का हिस्सा था। ऐसे में इतने बड़े राज्य की व्यवस्था को सुशासन के मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के साथ ही आर्थिक उन्नयन और समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों के लिए उन्होंने काम किया।

### यूपी में तीन

अधिकारी शामिल रहे। क्राउन होल्डिंग्स की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी क्राउन पैकेजिंग इंडिया प्रा. लि. उन्नाव के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) में भारत की अपनी पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित कर रही है। करीब 40 एकड़ में बनने वाले इस प्लांट में 2,078.44 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। बुधवार को परियोजना का भूमिपूजन भी हो चुका है। प्लांट की शुरूआती क्षमता 116.2 करोड़ एल्युमिनियम कैन सालाना होगी, जिसे आगे बढ़ाकर 178.6 करोड़ कैन प्रतिवर्ष किया जा सकेगा। परियोजना से 209 प्रत्यक्ष और 1,500 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बनने की उम्मीद है। बॉल बेवरेज पैकेजिंग इंडिया प्रा. लि. मेरठ आईएमएलसी में करीब 40 एकड़ में एल्युमिनियम बेवरेज कैन की अत्याधुनिक इकाई स्थापित करने के लिए 2,913 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव लेकर आई है। यूपीडा इस परियोजना को फैसिलिटेट कर रहा है। बॉल के आने से पश्चिमी यूपी में पैकेजिंग उद्योग को नई मजबूती मिलने के साथ बेवरेज, एफएमसीजी, फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में भी निवेश के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। उन्नाव आईएमएलसी में कैनपैक इंडिया भी करीब 26 हेक्टेयर में ग्रीनफील्ड एल्युमिनियम बेवरेज कैन प्लांट स्थापित कर रही है। परियोजना में 1,574.62 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। इसकी अनुमानित उत्पादन क्षमता करीब 130 करोड़ कैन प्रतिवर्ष होगी। तीनों कंपनियों के निवेश का असर केवल कैन उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगा। इनके आसपास कच्चे माल, मशीनरी, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, मेंटेनेंस और अन्य एंसिलरी उद्योगों की मांग बढ़ेगी। स्थानीय एमएसएमई और सप्लायर ग्लोबल कंपनियों की सप्लाई चेन का हिस्सा बन सकेंगे। यूपी में बढ़ते बेवरेज और फूड प्रोसेसिंग उद्योग को भी पैकेजिंग की स्थानीय आपूर्ति मिलेगी। इससे परिवहन लागत और सप्लाई टाइम घटने के साथ प्रदेश में एकीकृत एल्युमिनियम पैकेजिंग इकोसिस्टम विकसित होने की संभावना है।

### नाबालिगों के

किसी बच्चे के साथ उनके द्वारा किया गया कोई भी अनुबंध शुरू से ही अमान्य है और उसके आधार पर उठाए गए सभी कदमों को तत्काल रोक दिया जाए। याचिका में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 11 के तहत नाबालिगों को अनुबंध करने का कानूनी अधिकार नहीं है, इसके बावजूद उन्हें सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल मंचों पर स्वतंत्र रूप से खाते बनाने और उनका इस्तेमाल करने की अनुमति है।

### एक भारत, श्रेष्ठ

को याद करने का अवसर है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी समाज को आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने सिख गुरुओं की महान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु साहिबान ने समाज को अन्याय के खिलाफ निर्भीकता से खड़े होने, जरूरतमंदों की मदद करने और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाया। उनके जीवन और संदेश में त्याग, साहस, समानता तथा राष्ट्रहित की भावना दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि इन्हीं आदर्शों के कारण सिख परंपरा भारत की एकता, भाईचारे और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सुदृढ़ करने वाली महत्वपूर्ण विरासत है।उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के विभिन्न क्षेत्रों में पंजाबी समाज की सक्रिय भागीदारी रही है। सैन्य क्षेत्र में देश की सीमाओं की सुरक्षा से लेकर कृषि में अन्न उत्पादन, कारोबार और उद्योगों को आगे बढ़ाने तथा प्राकृतिक आपदाओं एवं संकट की परिस्थितियों में राहत और सेवा कार्यों तक समाज ने निरंतर योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर पंजाबी समाज ने देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी मजबूत पहचान कायम की। समाज की उद्यमशीलता ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति दी, बल्कि रोजगार और विकास के नए अवसर भी पैदा किए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पंजाबी समाज के संघर्षपूर्ण इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि 1947 का विभाजन समाज के लिए बेहद पीड़ादायक दौर था। बड़ी संख्या में परिवारों को अपना घर, जमीन और स्थापित जीवन छोड़कर अनजान स्थानों पर नई शुरूआत करनी पड़ी।

### बाबा नीब

भवन, मुख्य द्वार और सार्वजनिक उपयोग की सुविधाएं विकसित की गई हैं। नीब करोरी बाबा सर्किट में बाबा के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को एक पर्यटन मार्ग से जोड़ा जा रहा है। इसमें फिरोजाबाद का अकबरपुर, फरुर्खाबाद का नीब करोरी बाबा आश्रम धाम मंदिर, लखनऊ का हनुमान सेतु मंदिर और वृंदावन स्थित समाधि मंदिर शामिल हैं। वृंदावन में बाबा ने वर्ष 1973 में महासमाधि ली थी। वहीं फरुर्खाबाद स्थित आश्रम से भी बाबा की साधना जुड़ी मानी जाती है। इस सर्किट के जरिए श्रद्धालु बाबा की जन्मस्थली से लेकर उनकी महासमाधि स्थली तक की आध्यात्मिक यात्रा को एक ही पर्यटन मार्ग में देख सकेंगे। महासमाधि दिवस पर यूपीएसटीडीसी ने बाबा नीब करोरी के पांच विशेष टूर पैकेज शुरू किए हैं। इनमें 2, 3 और 5 दिन की यात्राएं शामिल हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और मांग के आधार पर इनका संचालन दिल्ली और लखनऊ से किया जाएगा। इस पहल से देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाबा से जुड़े प्रमुख स्थलों की यात्रा आसान होने की उम्मीद है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि नीब करोरी बाबा का महासमाधि दिवस आस्था, सादगी और सेवा के संदेश को स्मरण करने का अवसर है।

### जालौन व

में सचिव के पद पर कर दिया गया है विवेक श्रीवास्तव के ट्रांसफर होने के बाद यह पद रिक्त था वहीं एलडीए में संयुक्त सचिव अतुल कुमार को कुल सचिव भातखण्डे विश्वविद्यालय व अपर निदेशक संस्कति विभाग बनाया गया है इसी तरह राजेश कुमार सिंह उपजिलाधिकारी बदांयू को अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति कानपुर नगर, संजय कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी गोण्डा को उपनिदेशक प्रशासन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल, प्रमोद झा नगर मजिस्ट्रेट झांसी को अपर जिलाधिकारी गोण्डा व योगेश्वर सिंह उपजिलाधिकारी कुशीनगर को नगर मजिस्ट्रेट झांसी बनाया गया है।

### चीन : मालवाहक

चिनफिंग ने खोज और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। खबर में कहा गया है कि चीन में किसी दुर्घटना के बाद शीर्ष नेतृत्व की ओर से इस तरह के निर्देश जारी किया जाना एक दुर्लभ घटनाक्रम है। शिन्हुआ की खबर के अनुसार, चिनफिंग ने पीड़ितों को तुरंत सहायता सुनिश्चित करने, आग लगने की वजह की तेजी से जांच करने और जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के भी निर्देश दिए हैं। चिनफिंग ने सभी क्षेत्रीय प्रशासनों और संबंधित विभागों से कहा है कि वे इस हादसे से सबक लें।




# पूर्व क्षेत्र ने जीती दलीप ट्रॉफी

## दक्षिण क्षेत्र को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराया, 13 साल बाद दलीप ट्रॉफी अपने नाम की

एजेंसी




चेन्नई। पूर्व क्षेत्र ने फाइनल में पूरी तरह से बनाए दबदबे को खिताबी जीत में तब्दील करते हुए बृहस्पतिवार को यहां दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ ड्रॉ हुए मुकाबले में पहली पारी की बढ़त के आधार पर 13 साल बाद दलीप ट्रॉफी अपने नाम की। पूर्व क्षेत्र ने अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 388 रन बनाए जिससे उसकी कुल बढ़त 760 रन तक पहुंच गई। इसके बाद मुकाबला ड्रॉ घोषित कर दिया गया। मोहम्मद कोनेन कुरैशी ने इस मुकाबले में शतक बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने नाबाद 116 रन बनाए जो उनके केवल दो मैच पुराने प्रथम श्रेणी करियर का पहला शतक है। कुरैशी ने अनुकूल रॉय (64) के साथ सातवें विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सीवी मिलिंद की गेंद पर दो रन लेकर 179 गेंद में अपना शतक पूरा किया। हालांकि दोनों टीम के खिलाड़ियों के दोपहर दो बजकर 10 मिनट पर हाथ मिलाने और मैच ड्रॉ घोषित होने से काफी पहले ही पूर्व क्षेत्र ने पहली पारी में 708 रन बनाकर खिताब लगभग तय कर लिया था।

इस विशाल स्कोर की बदौलत टीम ने पहली पारी में 372 रन की बढ़त हासिल की थी। पूर्व क्षेत्र ने दूसरी पारी में भी दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों को बेअसर साबित किया। पांच विकेट पर 212 रन से दिन की शुरुआत करने वाली इशान किशन की अगुआई वाली टीम को पहली पारी की तरह ही दिशाहीन गेंदबाजी कर रहे दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाज अधिक परेशान नहीं कर पाए। अनुभवी मोहम्मद सिराज कुछ समय के लिए पूरे जोश, तेजी और आक्रामकता के साथ गेंदबाजी करने आए। व्यक्तिगत रूप से उनका प्रयास संतोषजनक रहा लेकिन टीम के लिहाज से वह बेअसर साबित हुए। सिराज को दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला और दक्षिण क्षेत्र का कमजोर बल्लेबाजी प्रदर्शन भी उसके टीम चयन की खामियों को उजागर करता है। दक्षिण क्षेत्र प्रबंधन ने करुण नायर, मयंक अग्रवाल और साई किशोर जैसे फॉर्म में चल रहे तथा अनुभवी खिलाड़ियों को नजरअंदाज किया और उनकी जगह शामिल किए गए खिलाड़ी अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। इसके विपरीत पूर्व क्षेत्र के कई खिलाड़ियों ने अवसर का पूरा फायदा उठाया। कप्तान किशन ने पहली पारी में शानदार 270 रन बनाकर लाल गेंद के क्रिकेट में अपनी तैयारी का मजबूत संकेत दिया।

वहीं अपने 100वें प्रथम श्रेणी मैच में खेल रहे अनुभवी मोहम्मद शमी ने भी जुझारू प्रदर्शन करते हुए कुछ युवा खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। कुमार कुशाग्र ने छठा प्रथम श्रेणी शतक लगाया जबकि झारखंड के उनके साथी शिखर मोहन ने तकनीक और संयम से भरी शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। किशन की कप्तानी भी शानदार रही। टीम के विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद टीम का प्राथमिक लक्ष्य स्पष्ट था, दक्षिण क्षेत्र के सभी 10 विकेट हासिल करना और पहली पारी की बढ़त सुनिश्चित करना। किशन ने अपनी रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब आप टीम के कप्तान होते हैं तो सबसे पहली चीज परिस्थितियों को समझना होती है। हमने लगभग दो दिन बल्लेबाजी की। अब एक इकाई के तौर पर हम जानते थे कि यह मूल रूप से पहली पारी का मुकाबला है। किशन ने कहा, इसलिए हमारा मुख्य काम उन 10 विकेट को चटकाना और बढ़त हासिल करना था। अगर हमारे पास पहली पारी की बढ़त (खिताब जीतने के लिए पर्याप्त) है तो मैं इस तपती गर्मी में दोबारा मैदान पर क्यों उतरना चाहूंगा? उनके इस बयान ने घरेलू नॉकआउट मुकाबलों को पांच दिन तक खींचकर नतीजा हासिल करने के उद्देश्य और सिर्फ पहली पारी में बढ़त लेकर खिताब जीतने की रणनीति के बीच के विरोधाभास को उजागर किया। वहीं दूसरी ओर फिट हुए वॉशिंगटन सुंदर ने बृहस्पतिवार को भारतीय टीम के दोपहर के नेट सत्र में जमकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया जबकि टीम प्रबंधन अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली तीन मैच की सीरीज से पहले जसप्रीत बुमराह और नीतिश रेड्डी के टीम से जुड़ने का इंतजार कर रहा था।

वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन और तिलक वर्मा ने चेन्नई में दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेला। इसके कारण दिल्ली की भीषण गर्मी में प्रशिक्षण के लिए केवल 10 खिलाड़ी ही उपलब्ध थे। बुमराह चोट से उबर चुके हैं और उन्होंने मैदान पर वापसी से जुड़े सभी प्रोटोकॉल पूरे कर लिए हैं। वह नीतिश रेड्डी के साथ शुक्रवार से टीम के अभ्यास सत्र में शामिल होंगे। वॉशिंगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले की निगरानी में सिंगल-विकेट ड्रिल में काफी गेंदबाजी की। वॉशिंगटन ने मुख्य मैदान के अंदर सेंटर नेट्स में काफी नियंत्रित तरीके से गेंदबाजी की। हालांकि आयु वर्ग और डीपीएल टीम से चुने गए नेट गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय वह कुछ असहज नजर आए।

उनके शॉट्स में टाइमिंग नहीं थी और बल्लेबाजी में सहजता भी साफ तौर पर नजर नहीं आई। हर्षित राणा के स्थान पर टीम में शामिल किए गए यश ठाकुर ने भी स्पॉट बॉलिंग का अभ्यास करते हुए खूब पसीना बहाया। फिरोजशाह कोटला के बी नेट्स में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने बारी-बारी से अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का सामना किया। वहीं 45 मिनट चले इस अभ्यास सत्र के दौरान अभिषेक शर्मा ज्यादा सहज नजर आए। उन्होंने स्पिनरों और दिल्ली के ऑफ-स्पिनर ज तिक शौकीन के खिलाफ भी आक्रामक बल्लेबाजी की।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल बृहस्पतिवार को उपस्थित नहीं थे क्योंकि वह श्रीलंका से अपने घर लौट गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, मोर्ने का वर्क वीजा खत्म हो गया था। उन्हें अपने वर्क वीजा के नवीनीकरण के लिए दक्षिण अफ्रीका वापस जाना पड़ा। हमें उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिनों में लौट आएंगे। बीसीसीआई भारतीय टीम के वरिष्ठ फिजियो कमलेश जैन को हटाने की पूरी तैयारी में है। पिछले छह से आठ महीनों में खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने की घटनाओं ने टीम की योजनाओं को काफी प्रभावित किया है। सूत्र ने बताया, कमलेश का नोटिस पीरियड चल रहा है।

## विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में भारत ने चार स्वर्ण सहित, 15 पदक जीते



अहमदाबाद। मेजबान भारत ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण में चार स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य सहित कुल 15 पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। पदक तालिका में हालांकि भारत पांच स्वर्ण पदक जीतने वाले चेक गणराज्य से पीछे दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने दो स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता ने भारत के पैरा तीरंदाजों को 18 से 24 अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के लिए तैयारी का अच्छा मौका मिला।

भारत की स्वर्ण पदक जीतने की मुहिम का नेतृत्व पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर सिंह ने किया। उन्होंने विजय सुंडी के साथ मिलकर पैरा रिकर्व पुरुष युगल का खिताब जीता। हरविंदर ने प्रतियोगिता अंतिम दिन भावना के साथ जोड़ी बनाकर पैरा रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। श्याम सुंदर स्वामी और तोमन कुमार ने पैरा कंपाउंड पुरुष युगल में भारत को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया, जिसके बाद विश्व चैंपियन और पेरिस पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता शीतल देवी ने पैरा कंपाउंड महिला वर्ग में व्यक्तिगत खिताब जीता। सरिता ने भी कांस्य पदक जीतकर शीतल देवी के साथ पोडियम पर अपनी जगह बनाई। भारत के तीन रजत पदक भावना और पूजा ने पैरा रिकर्व महिला युगल में, तन्वी इंगले ने दृष्टिबाधित वर्ग में और स्वाति चौधरी और आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी ने महिला प्रथम श्रेणी की मिश्रित टीम स्पर्धा में जीते। भारत ने आठ कांस्य पदक भी जीते, जिसमें युगल गर्ग ने दृष्टिबाधित वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। स्वाति चौधरी ने महिला वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि शीतल देवी और विश्व चैंपियन तोमन कुमार ने पैरा कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया।

इससे पहले तोमन ने पैरा कंपाउंड पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था, जबकि भावना ने पैरा रिकर्व महिलाओं की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर तीन पदक जीते। इसके बाद स्वाति ने वसुंधरा तेओतिया के साथ महिला प्रथम श्रेणी के युगल स्पर्धा में एक और कांस्य पदक जीता, जिससे उनके पदकों की कुल संख्या दो हो गई। आदिल ने विनायक ब्रीड के साथ जोड़ी बनाकर महिला वर्ग के पुरुष युगल में कांस्य पदक जीतकर कुल दो पदक हासिल किए।

## संक्षेप

### 7 फरवरी को होगी गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय मैराथन

गुवाहाटी। गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय मैराथन के पहले सत्र का आयोजन यहां अगले साल सात फरवरी को किया जाएगा जिसमें करीब 12 हजार प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। पीएमजी स्पोर्ट्स एलएलपी द्वारा आयोजित इस मैराथन की घोषणा बृहस्पतिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने महान भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर की मौजूदगी में की। असम पर्यटन विकास निगम (एटीडीसी) इस मैराथन से राज्य प्रायोजक के तौर पर जुड़ा रहेगा। मैराथन की कुल पुरस्कार राशि एक करोड़ 25 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री सरमा ने बयान में कहा, हम इसे एक स्थायी खेल विरासत की शुरुआत के तौर पर देखते हैं। एक ऐसा वार्षिक आयोजन जो लोगों को फिटनेस के लिए प्रेरित करेगा। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा और राज्य के लिए नए अवसर पैदा करेगा। मैं आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। गावस्कर ने कहा, मेरा मानना है कि गुवाहाटी के लिए दुनिया के प्रमुख मैराथन शहरों में शामिल होने का यह सही समय है। हमारा लक्ष्य गुवाहाटी अंतरराष्ट्रीय मैराथन को एक प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन के रूप में विकसित करना है जिसमें दुनिया भर के शीर्ष धावक हिस्सा लें।

### सैंटनर ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के लिए बीबीएल का प्रस्ताव ठुकराया

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला को प्राथमिकता देते हुए बिग बैश लीग (बीबीएल) के अनुबंध को ठुकरा दिया। सैंटनर से एडिलेड स्ट्राइकर्स ने संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया क्योंकि न्यूजीलैंड का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यस्त कार्यक्रम है। सैंटनर ने न्यूजीलैंड हेराल्ड से कहा, न्यूजीलैंड की टीम का आगामी कार्यक्रम काफी व्यस्त है।

इस दौरान भारत के खिलाफ सीमित ओवरों के अलावा टेस्ट मैच भी खेले जाएंगे जबकि टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी करना है। इससे बड़ा कोई और मौका नहीं हो सकता। यह वाकई रोमांचक समय है। मैं इसका हिस्सा बनना चाहूंगा। उन्होंने कहा, मुझे अच्छी पेशकश की गई थी। मैंने इस पर विचार किया लेकिन आगामी मैचों में मेरी भूमिका होगी, भले ही मैं टेस्ट क्रिकेट के हर मैच में न खेलूं।

## भारत - अफगानिस्तान टी-20 मुकाबला कल से

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के कारण मैच की तारीख बदलने के अनुरोध के बावजूद भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच तय कार्यक्रम के अनुसार 13 सितंबर को ही खेला जाएगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान इस तीन मैच की सीरीज में भारत की मेजबानी कर रहा है। सभी मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 13, 15 और 17 सितंबर को खेले जाने हैं। डीडीसीए ने एक्स पर लिखा, 13 सितंबर को अरुण जेटली स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रय मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही खेला जाएगा। डीडीसीए ने कहा, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के साथ बैठक के बाद डीडीसीए को सभी आवश्यक सहयोग और व्यवस्थाओं का आश्वासन दिया गया है। मैच स्थगित नहीं होगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने डीडीसीए से पहले मैच को पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया था। पुलिस ने इसके पीछे सप्ताहांत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए की जा रही व्यापक यातायात और सुरक्षा व्यवस्थाओं का हवाला दिया था।

## 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 301 करोड़ आवंटित

गांधीनगर। गुजरात सरकार ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की तैयारियों के लिए 301 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं जिसमें मेजबानी शुल्क के भुगतान के लिए 200 करोड़ रुपये शामिल हैं। राज्य विधानसभा को बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। खेल और युवा सेवा विभाग का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी। यह सवाल कांग्रेस विधायक अमित चावड़ा ने पूछा था। संघवी ने पुष्टि की कि गुजरात को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का अधिकार मिल गया है। उन्होंने बताया कि राज्य ने खेलों के लिए मेजबान सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

## भारत ने बांग्लादेश को दिया150 रन का लक्ष्य

एजेंसी

दुबई। भारत ने विमेंस टी-20 एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 150 रन का टारगेट दिया है। दुबई में भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए।

> विमेंस एशिया कप सेमीफाइनल में शेफाली ने 64 रन बनाए, 7 चौके और 3 छक्के लगाए

शेफाली वर्मा ने 40 गेंद पर 64 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर 24 रन बनाकर नाबाद लौटीं। विकेटकीपर ऋचा घोष ने 21 रन बनाए। स्मृति मंधाना सिर्फ 2 रन बना सकीं। भारत ने पारी की आखिरी 2 गेंद पर 2 विकेट गंवा दिए। पहली 4 गेंद पर दीप्ति शर्मा ने एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 12 रन बनाए। हालांकि पांचवीं गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में मिड-ऑफ पर कैच थमा बैठीं।



वहीं आखिरी गेंद पर सिंगल चुराने की कोशिश में भारती फुलमाली रन आउट हुईं। भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 149 रन बनाए हैं। 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर नाहिदा अक्तर ने ऋचा घोष को आउच कर भारत को चौथा झटका दिया। ऋचा बड़ा शॉट खेलने के लिए क्रीज से बाहर निकलीं। गेंद बाहर की तरफ टर्न हुई और ऋचा पूरी तरह चकमा खा गईं।

इसके बाद विकेटकीपर निगार सुल्ताना ने आसानी से स्टंपिंग किया। ऋचा ने 16 गेंद में 21 रन बनाए। फहीमा खातून के 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आगे बढ़कर हरमनप्रीत कौर ने सामने की तरफ छक्का लगाया। हालांकि, अगली गेंदों पर फहीमा ने अपनी गति धीमी की। इसे हरमनप्रीत और ऋचा बड़े शॉट नहीं लगा सकी। इस ओवर से भारत को 9 रन मिले। फातिमा खातून ने पारी का 15वां ओवर फेंका। उन्होंने इस ओवर में सिर्फ 4 रन दिए।

## अर्जेंटीना मैच में अनियमितताओं की होगी विस्तृत जांच

कोच्चि। केरलम के खेल मंत्री ओ जे जानीश ने बृहस्पतिवार को कहा कि अर्जेंटीना की टीम और सुपरस्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के साथ प्रदेश में फुटबॉल मैच कराने के पिछली सरकार के प्रयास में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच की जायेगी। पूर्व खेल मंत्री वी अब्दुरहमान ने कथित अनियमितताओं की जांच के लिये विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन को लेकर मौजूदा सरकार और खेल मंत्री की आलोचना की थी जिसके बाद जानीश ने पत्रकारों से यह बात कही। जानीश ने कहा, पिछली सरकार अपने प्रयासों में नाकाम रही और अर्जेंटीना टीम ने दूसरे देशों में दोस्ताना मैच खेले।

## 2027 विश्व कप अभी बहुत दूर : रोहित

एजेंसी

मुंबई। भारत के स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा ने अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर बृहस्पतिवार को यहां कहा कि अक्टूबर 2027 अभी बहुत दूर है। यहां एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व कप्तान ने एक पंक्ति में जवाब दिया। टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट में नहीं खेलने के कारण रोहित के वनडे प्रारूप में भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रहे हैं। रोहित ने कार्यक्रम के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, अक्टूबर 2027 अभी बहुत दूर है, तब देखेंगे। वनडे विश्व कप 2027 की सह-मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। उनसे यह भी पूछा गया कि क्या भारत के खिताब जीतने पर प्रशंसकों के साथ जश्न मनाने के लिए खुली बस में परेड आयोजित की जाएगी, ठीक उसी तरह जैसे 2024 में रोहित के नेतृत्व वाली टीम ने वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीतने के बाद मुंबई में विजय परेड निकाली थी। रोहित ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अब बस परेड संभव होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने कुछ दिन पहले स्पष्ट कर दिया था कि रोहित को लेकर अटकलों की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि वह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। रोहित ने वनडे में भारत के लिए अपने आखिरी मैच में शतक बनाया था। वहीं दूसरी ओर एक समय था जब झारखंड में क्रिकेट की चर्चा का मुख्य केंद्र महेंद्र सिंह धोनी हुआ करते थे लेकिन इस साल दलीप ट्रॉफी के लिए पूर्व क्षेत्र की टीम में उसके पांच खिलाड़ी शामिल हैं जिससे पता चलता है कि वह बल्लेबाजी प्रतिभा का नया गढ़ बन गया है। तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता श्रीधरन शरथ ने पूर्वी क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र के बीच दलीप ट्रॉफी के फाइनल के दौरान कहा, झारखंड से कुछ बहुत अच्छे युवा क्रिकेटर आ रहे हैं। पूर्वी क्षेत्र की टीम में झारखंड के पांच खिलाड़ी कप्तान ईशान किशान, अनुभवी विराट सिंह, कुमार कुशाग्र, शिखर मोहन और अनुकूल रॉय शामिल हैं। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के सचिव सौरभ तिवारी ने पीटीआई से कहा, पूर्वी क्षेत्र की टीम में राज्य के पांच खिलाड़ियों के होने से झारखंड क्रिकेट की प्रगति का पता चलता है। यहां तक की एक और प्रतिभाशाली खिलाड़ी शरणदीप चयन के दावेदार थे। पूर्व भारतीय बल्लेबाज और आईपीएल के नियमित खिलाड़ी रहे तिवारी ने कुशाग्र और मोहन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं कुमार (कुशाग्र) के प्रदर्शन से बहुत प्रभावित हूं। वह युवा हैं, लेकिन बेहद परिपक्व हैं। जहां तक रॉय का सवाल है तो वह हमारे यहां के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। तिवारी ने कहा, मोहन भी काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उन्होंने घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। उम्मीद है कि वह इसे आगे भी जारी रखेंगे। कुशाग्र ने 2022 में 18 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह अभी लंबी अवधि के प्रारूप में छह शतकों की मदद से 2000 से अधिक रन बना चुके हैं, जबकि 2025-26 के सत्र में पदार्पण करने वाले मोहन ने 55 की औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक दो शतक भी लगाए हैं। तिवारी ने कहा, कुशाग्र टीम के लिए हर प्रारूप में बहुत अच्छा योगदान देते हैं। वह बड़े स्कोर बनाने के साथ 40 और 50 रन का योगदान भी देते रहे हैं जो मैच में बहुत बड़ा अंतर पैदा करते हैं। झारखंड के लिए सभी प्रारूपों में 413 मैच खेल चुके तिवारी को यह अच्छी तरह पता है कि राज्य की क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें क्या करना होगा। उन्होंने कहा, मैंने झारखंड के लिए विभिन्न आयु वर्गों में 25 साल तक क्रिकेट खेला है। इसलिए मैं उसके क्रिकेट के स्तर को जानता हूं और मुझे पता है कि कहां खामी है और कहां सकारात्मक पहलू हैं।




## अजीतेश संधू ने चेन्नई ओपन में तीन शॉट की बढ़त हासिल की

चेन्नई। भारतीय गोल्फर अजीतेश संधू ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले चेन्नई ओपन के तीसरे दौर में बिना कोई बोगी किए चार अंडर 68 का कार्ड बनाया जिससे उनकी कुल बढ़त तीन शॉट की हो गई। चंडीगढ़ के गोल्फर संधू (65-66-68) ने दिन की शुरुआत दो शॉट की बढ़त के साथ की थी। उन्होंने चार बर्डी की मदद से बिना बोगी के तीसरा दौर खेला जिससे उनका कुल स्कोर 17 अंडर 199 का हो गया। कोलकाता के विराज मदप्पा (72-67-63) ने दिन का सबसे कम स्कोर नौ अंडर 63 खेला। इसके साथ वह 14 अंडर 202 के कुल स्कोर के साथ नौ पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि बीती रात वह संयुक्त 11वें स्थान पर थे। मदप्पा दो बार डीपी विश्व पीजीटीआई खिताब जीत चुके हैं।

## कोको गॉफ वर ओपन के सेमीफाइनल में

एजेंसी

नयी दिल्ली। वर ओपन टेनिस के विमेंस सिंगल्स में कोको गॉफ और एलेना रायबकिना सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं, जबकि मेंस सिंगल्स में एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अंतिम-4 में जगह बना ली है। गॉफ ने मिर्रा एंड्रीवा को हराया, वहीं रायबकिना ने झेंग

> एलिना रायबकिना नई वर्ल्ड नंबर-1 बनीं एलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अंतिम-4 में पहुंचे

किनवेन को 3-6, 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ रायबकिना पहली बार वर्ल्ड नंबर-1 बनीं। अब सेमीफाइनल में गॉफ और रायबकिना आमने-सामने होंगी। विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने पहला सेट 2-6 से गंवा दिया था। दूसरे सेट के टाइब्रेक में वह दो मैच



पॉइंट पर थीं, लेकिन दोनों बचाकर सेट अपने नाम किया। इसके बाद निर्णायक सेट में उन्होंने एंड्रीवा को 6-2 से हराकर मुकाबला जीत लिया।

यह गॉफ का वर ओपन में दूसरी बार महिला सिंगल्स सेमीफाइनल है। अब उनका सामना दूसरी रायबकिना से होगा। झेंग को वर ओपन क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। रायबकिना ने झेंग के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद लगातार दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही वह विमेंस टेनिस की नई वर्ल्ड नंबर-1 बन गईं। वह इस रैंकिंग तक पहुंचने वाली कजाकिस्तान की पहली खिलाड़ी हैं।

रायबकिना अब अपना पहला वर ओपन खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ खेलेंगी। इस साल वह ऑस्ट्रेलियन ओपन भी जीत चुकी हैं। वर ओपन महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में इस बार चारों टॉप-4 खिलाड़ी पहुंची हैं। नई वर्ल्ड नंबर-1 एलेना रायबकिना के अलावा आर्यना सबालेंका दूसरे, जेसिका पेगुला तीसरे और कोको गॉफ चौथे नंबर पर हैं। किसी ग्रैंड स्लैम में ऐसा 2009 के विंबलडन के बाद पहली बार हुआ है।

## भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 19-0 से हराया

एजेंसी

मोक्वी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान पर 19 गोल मारकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। पाकिस्तानी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। यह महिला जूनियर हॉकी में भारत की सबसे बड़ी जीत है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने गुरुवार को जूनियर

> जूनियर एशिया कप में सबसे बड़ी जीत, पूजा की हैट्रिक, सेमीफाइनल में पहुंची डिफेंडिंग चैंपियन

एशिया कप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने पहले हाफ में 10 और दूसरे हाफ में 9 गोल किए। भारत की पूजा मलिक ने हैट्रिक लगाई। सानिका चंद्रकांत माने, मधु सिदार और सुप्रिया ने 2-2 गोल किए। रोशनी ऐंद ने भी 2 गोल किए। भारत ने पहले ही क्वार्टर में 5 गोल कर दिए थे। पूजा साहू ने 7वें मिनट में खाता खोला, रोशनी ऐंद ने 9वें, तनुश्री दिनेश कडू ने 11वें, सुखवीर कौर ने 13वें और सानिका माने ने 13वें मिनट में गोल किया। दूसरे क्वार्टर में मधु सिदार, गीता यादव, सानिका माने, तनुजा टोप्पो और पूजा मलिक ने गोल किए। इससे हाफ टाइम तक भारत 10-0 से आगे था। पूर्णिमा यादव, मधु सिदार और सुप्रिया ने तीसरे क्वार्टर में गोल किए। आखिरी क्वार्टर में कृष्णा शर्मा, पूजा मलिक, सुप्रिया, बिनीमा धन और रोशनी ऐंद ने गोल दागे। पूजा मलिक ने 49वें और 51वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। रोशनी ने 60वें मिनट में भारत का 19वां गोल किया। भारत ने पूरे मैच में 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। पाकिस्तान को पूरे मैच में न गोल मिला, न पेनल्टी कॉर्नर और न ही पेनल्टी स्ट्रोक।



भारत ने क्वार्टर फाइनल से पहले ग्रुप स्टेज में भी शानदार प्रदर्शन किया था। टीम ने जापान, मलेशिया और साउथ कोरिया को हराकर अपने ग्रुप में टॉप किया था। टूनार्मेंट में चीन के खिलाफ भारत का पिछला मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा था। भारत अब सेमीफाइनल में साउथ कोरिया और मलेशिया के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से खेलेगा। सेमीफाइनल 12 सितंबर को होगा। भारत और पाकिस्तान की जूनियर महिला टीमें गुरुवार को पहली बार आमने-सामने थी। जूनियर एशिया कप के 2023 और 2024 एडीशन में भारत चैंपियन रहा, जबकि 2021 का टूनार्मेंट कोविड के कारण रद्द हो गया था।

# ईरान समर्थित हूती ने मोखा पर किया कब्जा

एजेंसी



अदन (यमन)। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बृहस्पतिवार को यमन के रणनीतिक रूप से अहम बंदरगाह शहर मोखा पर कब्जा कर लिया। हूती और यमन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

हूतियों के इस कब्जे को काफी अहम माना जा रहा है क्योंकि यह इलाका लाल सागर से होकर होने वाले समुद्री परिवहन को नियंत्रित करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। मोखा बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य से करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित है। यह लाल सागर और अदन की खाड़ी के बीच एक रणनीतिक समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल और अन्य सामानों की ढुलाई होती है। फरवरी में अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बाधित किए जाने के बाद वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बाब अल-मंदेब का महत्व और बढ़ गया है। हूती विद्रोहियों द्वारा मोखा पर कब्जे की पुष्टि एसोसिएटेड प्रेस से यमन सरकार के साथ गठबंधन वाली नेशनल रेजिस्टेंस फोर्सेज के कमांडर अहमद बाश और हूती राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य हजाम अल-असद ने की है।

## मोल्दोवा में ड्रोन घुसने के कारण जेलेंस्की को नॉर्वे ले जा रही उड़ान में देरी

चिसिनाउ (मोल्दोवा)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को मोल्दोवा से नॉर्वे ले जाने वाली एक उड़ान में इस सप्ताह की शुरुआत में उस समय देरी हुई, जब मोल्दोवा में एक ड्रोन के घुसने के कारण अधिकारियों को देश का हवाई क्षेत्र बंद करना पड़ा। सरकार के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। मोल्दोवा की पुलिस ने बताया कि मंगलवार को देश के रिस्कानी जिले के एक गांव के बाहरी इलाके में सूरजमुखी के खेत में एक रूसी ड्रोन आकर गिरा। इससे चार जगह आग लग गई, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सरकार के प्रवक्ता दुमित्रु कोरिची ने बुधवार को बताया कि मोल्दोवा ने मंगलवार दोपहर को देश के हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया था, ताकि उस समय देश के ऊपर से उड़ान भर रहे विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके कारण तीन उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई, जिनमें जेलेंस्की को ले जाने वाली उड़ान भी शामिल थी। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्तोर ने प्रसारक एनआरके को बताया कि नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ओस्लो जा रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का विमान मोल्दोवा से उड़ान भरते समय ड्रोन की चपेट में आने से बाल-बाल बचा। जेलेंस्की मंगलवार को ओस्लो पहुंचे और बुधवार को राजा के अंतिम संस्कार में शामिल होने से पहले स्तोर से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन की वायु रक्षा क्षमताओं के लिए संभावित समर्थन पर चर्चा की। मोल्दोवा के अधिकारियों ने पुष्टि की कि ड्रोन चिशिनाउ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से 160 किलोमीटर दूर आकर गिरा और उसमें विस्फोट हो गया।

# भारत और रूस नयी द्विपक्षीय निवेश संधि के लिए वार्ता में तेजी ला रहे हैं : गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और रूस नई द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर बातचीत तेज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य दोनों देशों के निवेशकों को कानूनी निश्चितता प्रदान करना है।

गोयल ने यहां भारत-रूस व्यापार संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देश भारत और रूस की अगुवाई वाले यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत जल्द पूरी करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) में पांच देश आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और रूस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) समेत विभिन्न उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेगा। गोयल ने कहा, हम (भारत-रूस) नए द्विपक्षीय निवेश संधि पर बातचीत तेज कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के निवेशकों को उन परियोजनाओं और कारोबार के लिए कानूनी निश्चितता मिल सके, जिसकी वे निवेश संबंधी निर्णय लेते समय तलाश करते हैं। उन्होंने कहा, हम स्थानीय मुद्राओं में भुगतान की व्यवस्था को मजबूत करना जारी रख रहे हैं, क्योंकि जमीनी स्तर पर व्यापार को धीमा करने वाली समस्या अक्सर शुल्क नहीं बल्कि भुगतान से जुड़ी अड़चनें होती हैं।

## संक्षेप

### चार देशों से 11 सदस्यीय समूह बनने का दो दशक लंबा सफर

नयी दिल्ली। करीब एक-चौथाई सदी पहले वैश्विक निवेश कंपनी गोल्डमैन सैक्स के एक अर्थशास्त्री ने तेजी से बढ़ती चार उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए चार अक्षरों का एक संक्षिप्त नाम गढ़ा था। उन्होंने ब्रिक (ईंट) शब्द से तुकबंदी करते हुए अपनी शोध रिपोर्ट का नाम बिल्डिंग बेटर ग्लोबल इकोनॉमिक ब्रिक्स रखा था जो आगे चलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में इन देशों की मजबूती और दीर्घकालिक संभावनाओं का प्रतीक बन गया। यह संक्षिप्त नाम धीरे-धीरे दुनियाभर में लोकप्रिय हुआ और ब्रिक निवेश जगत की शब्दावली का हिस्सा बन गया। इसका इस्तेमाल ब्राजील, रूस, भारत और चीन के उस समूह के लिए किया गया, जिन्हें वैश्विक आर्थिक वृद्धि के लिए भविष्य का प्रमुख वाहक माना जा रहा था। समय के साथ इस समूह का विस्तार हुआ। दक्षिण अफ्रीका के 2010 में शामिल होने के बाद इस समूह का नाम ब्रिक्स हो गया। आज के समय इस समूह में 11 सदस्य देश हैं। हालांकि, नेताओं ने इस बहुराष्ट्रीय समूह के लिए पांच अक्षरों वाले नाम ब्रिक्स को ही बरकरार रखने का फैसला किया। दिलचस्प बात यह है कि 2006 में इस समूह की पहली सरकार-स्तरीय बैठक में ईरान और पश्चिम एशिया की स्थिति पर काफी चर्चा हुई थी।

## समुद्री क्षेत्रों से तेल-गैस खोज के लिए बोली की समयसीमा 15 नवंबर तक बढ़ायी गयी

नयी दिल्ली। सरकार ने गहरे और अधिक गहरे समुद्री क्षेत्रों में तेल एवं गैस खोज के लिए बोली जमा करने की समयसीमा दो महीने और बढ़ाकर 15 नवंबर, 2026 कर दी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के मुताबिक, यह समयसीमा खुला क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) के दसवें और 11वें दौर के तहत बोली के लिए रखे गए गहरे और अधिक गहरे समुद्री क्षेत्रों के लिए बढ़ाई गई है। इन क्षेत्रों के लिए बोली जमा करने की अंतिम तारीख पहले 17 सितंबर, 2026 तक बढ़ाई गई थी। यह इस समयसीमा का एक और विस्तार है। हालांकि डीजीएच ने समयसीमा बढ़ाने का कोई कारण नहीं बताया है। लेकिन उद्योग सूत्रों ने कहा कि इस संबंध हाल में घोषित समुद्र मंथन राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना के नियमों के लंबित होने से जुड़ा हो सकता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 84,084 करोड़ रुपये की समुद्र मंथन योजना को जुलाई में मंजूरी दी थी। इसके तहत गहरे और अति-गहरे समुद्र में कुएं खोदने की लागत का 50 प्रतिशत तक खर्च सरकार वहन करेगी।

## भारत ने मलेशिया, तिमोर-लेस्त और म्यांमा के साथ कृषि सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की



नयी दिल्ली। भारत ने कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए मलेशिया, तिमोर-लेस्त और म्यांमा के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बातचीत की। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यहां नौवीं आसियान-भारत कृषि एवं वानिकी मंत्रिस्तरीय बैठक (एआईएमएमएएफ) से इतर तीनों देशों के अपने समकक्षों से मुलाकात की। एआईएमएमएएफ का आयोजन कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने किया। बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि मलेशिया के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री मोहम्मद बिन साबू के साथ बैठक में चौहान ने प्रस्तावित सहमति ज्ञापन (एमओयू) के जरिये संयुक्त कृषि अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने पर चर्चा की। इसमें कहा गया कि दोनों मंत्रियों ने माना कि आनुवंशिक संसाधनों के आदान-प्रदान, व्यापार और बाजार तक पहुंच से जुड़े द्विपक्षीय मुद्दों का सहयोग के जरिये समाधान किया जा सकता है। बयान के अनुसार, तिमोर-लेस्त के कृषि, पशुधन, मत्स्य पालन एवं वानिकी मंत्री मार्कोस दा क्रूज ने बैठक में कृषि संबंधी चुनौतियों से निपटने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत के साथ मजबूत संस्थागत व्यवस्था बनाने का आग्रह किया। इसमें कहा गया कि चौहान ने वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के आदान-प्रदान और मानव संसाधन विकास के जरिये तिमोर-लेस्त की मदद करने के लिए भारत की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां साझा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दा क्रूज ने कृषि, वानिकी, पशुधन और जलीय कृषि क्षेत्र की जमीनी स्तर की चुनौतियों का आकलन करने के लिए भारतीय तकनीकी एवं वैज्ञानिक विशेषज्ञों का एक दल भेजने का भी अनुरोध किया। बयान के अनुसार, म्यांमा के कृषि, पशुधन एवं सिंचाई मामलों के केंद्रीय मंत्री मिन नौंग के साथ बैठक में चौहान ने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 1,600 किलोमीटर लंबी सीमा के अलावा करीबी सांस्कृतिक संबंध भी हैं। दोनों पक्षों ने कहा कि कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच सहमति ज्ञापन (एमओयू) को अंतिम रूप देने का काम काफी आगे बढ़ चुका है। उन्होंने दालों, कपास, डेयरी और कृषि शिक्षा के क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। बयान के अनुसार, म्यांमा की ओर से आर्थिक और कृषि संबंधों को मजबूत करने के लिए अनुकूल निवेश अवसरों का सुझाव दिया गया। बैठकों के दौरान डीएआरई के सचिव एवं आईसीएआर के महानिदेशक एम. एल. जाट, डीएआरई के अतिरिक्त सचिव एवं आईसीएआर के उप महानिदेशक ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग के संयुक्त सचिव ए के साहू, आईसीएआर के सभी उप महानिदेशक और नवीन पी. सिंह के नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय संबंध दल भी मौजूद था।

## वैश्विक वित्त के भविष्य का स्वरूप तय करने में भरोसेमंद भागीदार बन सकता है भारतः आरबीआई



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के पास वैश्विक वित्त की भावी व्यवस्था का ढांचा निर्धारित करने में एक भरोसेमंद भागीदार बनने का अवसर है।

उन्होंने यहां वैश्विक फिनटेक सम्मेलन में कहा कि केंद्रीय बैंक अगली पीढ़ी की वित्तीय सेवाओं के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तैयार करने पर भी काम कर रहा है। उन्होंने एकीकृत ऋण सुविधा (यूएलआई) का उदाहरण दिया। मल्होत्रा ने कहा कि भारत का वित्तीय प्रौद्योगिकी परिवेश दुनिया में तीसरे स्थान पर है और देश में इस क्षेत्र के 30 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप) हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि केंद्रीय बैंक और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आज ही कंपनी बॉन्ड के लिए टोकन व्यवस्था की शुरुआत करेंगे। आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय प्रणाली की सफलता में भरोसे को केंद्रीय तत्व बताते हुए कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों को आंकड़ों या निजी सूचना को कारोबारी संपत्ति के रूप में नहीं, बल्कि ग्राहकों के हितों की रक्षा की जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। मल्होत्रा ने यह भी घोषणा की कि रिजर्व बैंक ने वित्तीय क्षेत्र के लिए दूसरे स्व-नियामक संगठन के रूप में यूनाइटेड फिनटेक फोरम को मंजूरी दी है। इससे पहले फिनटेक एसोसिएशन फॉर कंज्यूमर एम्पावरमेंट (एफएसीई) को स्व-नियामक संगठन के रूप में मान्यता दी गई थी।

## शक्तिशाली लोगों के हिंसक और अहंकारी होने का फैशन बन गया है : राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को मणिपुर के दिवंगत संगीतकार चोंगथाम विक्रम सिंह को न्याय दिलाने का संकल्प लिया और कहा कि आजकल यह एक तरह का फैशन बन गया है कि यदि कोई शक्तिशाली है तो वह हिंसक और अहंकारी हो सकता है तथा अपनी मर्जी से कुछ भी कर सकता है।

उन्होंने यह टिप्पणी मणिपुर के दिवंगत संगीतकार चोंगथाम विक्रम सिंह के सम्मान में आयोजित एक स्मृति कार्यक्रम में कही। उन्होंने यह भी कहा कि हिंसा का जवाब गुस्से और नफरत से नहीं, बल्कि अपनी बात मजबूती से रखने और उस विचार के समर्थन से दिया जाना चाहिए, जिसमें व्यक्ति विश्वास करता है। विक्रम सिंह की दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के किलोकरी गांव में बीते रविवार को कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। राहुल गांधी ने कहा, यह एक त्रासदी है कि एक युवा व्यक्ति की हत्या कर दी गई। यह भी त्रासदी है कि उन पर इसलिए हमला किया गया कि उनका ताल्लुक किसी क्षेत्र (मणिपुर) से था। यह मणिपुर के लोगों के लिए भी त्रासदी है। उनका कहना था कि घटना में हिंसा, नफरत और अहंकार था।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, आजकल यह एक तरह का फैशन बन गया है कि अगर आप शक्तिशाली हैं तो आप हिंसक हो सकते हैं। अगर आप शक्तिशाली हैं तो आप अहंकारी हो सकते हैं और किसी तरह आप वह सब कर सकते हैं, जो आपका मन करे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति का जवाब गुस्से या नफरत से नहीं दिया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने पर हम वही कर रहे होंगे, जो विक्की (विक्रम) के साथ किया गया। गांधी ने कहा कि इसका जवाब अपनी बात व्यक्त करके, अपने विचार का समर्थन करके, अपनी प्रतिभा दिखाकर और यह कहकर दिया जाना चाहिए कि हम इस बकवास को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि विक्रम सिंह का जाना एक त्रासदी है और उन्हें उम्मीद है कि मामले में न्याय मिलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा, हम हिंसा के सामने नहीं झुकेंगे। यह कोई अकेली घटना नहीं थी। कभी हत्या होती है, कभी अपमान होता है। यह देश में हो रहा है। यह पूर्वोत्तर के लोगों और कई दूसरे समुदायों के साथ हो रहा है। हम इसका मुकाबला करेंगे।

## इंटरटेनमेंट...

## सलीम खान को मिला राज कपूर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**मुंबई।** वेटरन स्क्रीनराइटर और लिरिसिस्ट सलीम खान को हिंदी सिनेमा में योगदान के लिए 62वें महाराष्ट्र स्टेट फिल्म अवॉर्ड्स 2026 समारोह में सम्मानित किया गया। बुधवार को सेरेमनी का आयोजन हुआ, हालांकि सलीम खान खुद इसमें नहीं पहुंचे। उनकी ओर से हेलेन अवॉर्ड लेने पहुंचीं। तबीयत खराब होने के कयास पर हेलेन ने कहा है कि वो बिल्कुल ठीक हैं। वहीं रानी मुखर्जी को भी समारोह में अवॉर्ड मिला है। समारोह के बाद मीडिया

- हेलन ने लिया, कहा-उनकी तबीयत ठीक, रानी मुखर्जी अवॉर्ड लेकर भावुक हुई; देवेंद्र फणडवीस ने दिया अवॉर्ड

से बातचीत में हेलेन ने सलीम खान की सेहत का अपडेट दिया। हेलेन ने कहा, मैं सलीम साहब के लिए यह अवॉर्ड पाकर आभारी हूं। उनकी सभी फिल्में मेरी पसंदीदा हैं। उनकी सेहत बहुत अच्छी है। वे बहुत मजबूत इंसान हैं। वह आप सभी, पूरे महाराष्ट्र और भारत के लोगों को शुभकामनाएं भेजते हैं। हेलेन और सलीम खान का प्रोफेशनल रिश्ता कई दशक पुराना है। दोनों ने 1963 की फिल्म 'कबली खान' में पहली बार साथ काम किया था।



इस फिल्म में हेलेन ने फीमेल लीड रोल निभाया था। सलीम खान फिल्म में विलेन के किरदार में नजर आए थे। दोनों 1978 में फिल्म 'डॉन' के दौरान फिर साथ आए। अमिताभ बच्चन स्टारर इस फिल्म की कहानी सलीम-जावेद की जोड़ी ने लिखी थी। फिल्म में हेलेन ने कामिनी का किरदार निभाया था। वह लोकप्रिय गाने 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' में भी नजर आई थीं। 'डॉन' की शूटिंग के दौरान ही हेलेन और सलीम खान एक-दूसरे के करीब आए। दोनों ने 1981 में शादी कर ली। उस समय सलीम खान पहले से सलमा खान से शादीशुदा थे और उनके चार बच्चे थे। शुरूआत में इस रिश्ते को परिवार के विरोध का सामना करना पड़ा। हालांकि, समय के साथ हेलेन खान परिवार का अहम हिस्सा बन गईं।

रानी मुखर्जी को 62वें महाराष्ट्र स्टेट फिल्म अवॉर्ड्स 2026 समारोह में राज कपूर स्पेशल कंट्रीब्यूशन अवॉर्ड दिया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रानी मुखर्जी को यह पुरस्कार दिया। इस मौके पर सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार और फिल्म जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे। सम्मान स्वीकार करते हुए रानी ने महाराष्ट्र से अपने जुड़ाव के बारे में बात की। उन्होंने राज्य को अपने निजी और पेशेवर सफर का अहम हिस्सा बताया। रानी ने कहा, 'मेरे लिए महाराष्ट्र सिर्फ एक राज्य नहीं है। महाराष्ट्र मेरी जन्मभूमि है। यह वह जगह है, जहां मैंने अपना करियर बनाया।

## काला हिरण फिल्म पर सलमान खान की याचिका पर सुनवाई

**मुंबई।** दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म 'काला हिरणः द बैटल फॉर लिगेसी' पर रोक लगाने की सलमान खान की याचिका पर प्रोड्यूसर से जवाब मांगा है। जस्टिस ज्योति सिंह ने प्रोड्यूसर अमित जानी के वकील को दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सलमान खान ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। यह फिल्म कथित तौर पर 1998 के काले हिरण शिकार मामले से प्रेरित है। 10 सितंबर को हुई सुनवाई में दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्ममेकर्स की तरफ से आए वकील से पूछा कि ये फिल्म कब रिलीज होगी, हालांकि इसके जवाब में वकील ने कहा है कि फिल्म अभी रिलीज के लिए तैयार नहीं है। इसके कंटेंट को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिलना बाकी है। सलमान की ओर से पेश सीनियर वकील रवि प्रकाश ने इस पर कहा, वे खुद कह रहे हैं।

## एआई से 80 के दशक के दौर में पहुंचे सेलेब्स

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर 80 के दशक का रेट्रो ट्रेंड वायरल हो रहा है। इसमें लोग अक की मदद से अपनी तस्वीरों को 80 के दशक के अंदाज में बदलकर शेयर कर रहे हैं। कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रुति हासन समेत कई सेलेब्स भी इस ट्रेंड का हिस्सा बने हैं। कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एआई से बनाई तस्वीर शेयर की। इसमें दोनों रेट्रो अवतार में नजर आए। सिद्धार्थ ने डबल-डेनिम लुक के साथ डार्क एविएटर सनग्लासेस पहने। वहीं कियारा ने 80 के दशक के रंगीन फैशन को अपनाया। वह पिंक आउटफिट में नजर आईं, जिसमें पफ स्लीव्स थीं।

## सैयारा स्टार अनीत पड्डा की सीरीज हुंकार का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा से स्टार बनीं अनीत पड्डा अब सीरीज हुंकार में नजर आने वाली हैं। आज इस सीरीज का ट्रेलर रिलीज किया गया है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट मुंबई में हुआ, जहां सीरीज की पूरी स्टारकास्ट मौजूद रही, हालांकि इस दौरान अन्य सेलेब्स की मौजूदगी से ज्यादा अनीत

- लॉन्च इवेंट में एक्ट्रेस की इंटेंस स्पीच ने सन्नाटा बिखेरा, फातिमा सना भी पहुंचीं

पड्डा की एक स्पीच ने हर किसी का ध्यान खींच लिया। इवेंट में शोर के बीच अनीत पड्डा ने सीरीज और उसकी कहानी से जुड़ी एक इंटेंस स्पीच दी। जैसे ही अनीत ने बोलना शुरू किया, वैसे ही इवेंट का शोर सन्नाटे में तब्दील हो गया। अनीत पड्डा ट्रेलर लॉन्च पर मिनी ड्रेस पहने पहुंचीं। वहीं फातिमा सना शेख फॉर्मल लुक में नजर आईं। मंच पर दोनों की खास बॉन्डिंग दिखी। उनकी अपकमिंग सीरीज 25 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। सीरीज हुंकार



में अनीत पड्डा के साथ फातिमा सना शेख और मोहम्मद जीशान अय्यूब नजर आएंगे। सीरीज 17 साल की मीनू रावत की कहानी है, जो प्रभावशाली धर्मगुरु 'बापजी' पर यौन शोषण का आरोप लगाती है। एक बड़े शख्स पर आरोप लगाने के बाद मीनू को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, सीरीज की कहानी इसी के इर्द-गिर्द घूमेगी। जियोहॉटस्टार ने ट्रेलर साझा करते हुए पर लिखा, 'जब एक लड़की की आवाज टकराएगी समाज की भक्ति से, तो जीत किसकी होगी? सीरीज का निर्देशन करण डी कपाड़िया, नित्या मेहरा और हीराज मारफतिया ने किया है। इसमें रघुबीर यादव और राम कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। अनीत पड्डा ने एड फिल्म्स से एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी, जिसके बाद 2022 की फिल्म सलाम वेंकी से उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू किया। आगे वह ओटीटी सीरीज बिग गर्ल डोन्ट क्राय और युवा सपनों का शहर जैसी सीरीज का हिस्सा रहीं। इन फिल्मों और सीरीज से अनीत को पहचान नहीं मिली। अनीत पड्डा 2025 में मोहित सुरी के निर्देशन की फिल्म सैयारा में अहान पांडे के साथ नजर आईं। माउथ पब्लिसिटी से फिल्म सुपरहिट साबित हुई।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com